सुप्रभात

रांची, रविवार

30.07.2023

* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net श्रावण (मलमास), शुक्ल पक्ष, द्वादशी, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 20




### मुहर्रम जुलूस में चंद्रयान-3 के प्रारूप ने मन मोहा

रांची। राजधानी रांची में कड़ी सुरक्षा के बीच मुहर्रम का जुलूस और झांकियां अलग-अलग क्षेत्रों से निकली। जुलूस और झांकियां देखते ही बन रही थी। जुलूस में आकर्षक ताजिया भी बनाया गया, जिसमें झारखंड विधानसभा के साथ चंद्रयान-3 के प्रारूप भी शामिल हैं। एहतियातन जुलूस गुजरने वाले सभी इलाकों की बिजली भी काट दी गयी थी ताकि कोई अप्रिय घटना नहीं हो सके। जगह-जगह स्टॉल लगाकर लोगों का शरबत से स्वागत किया गया। झांकी में युवा अपनी कलाओं का भी प्रदर्शन भी कर रहे थे। अलग-अलग हिस्से से खिलाड़ियों की टोली निकली। डंके और तासे की आवाज के बीच कई जुनून भरे खेलों का भी प्रदर्शन किया। मातमी नारों के साथ निकले जुलूस की सुरक्षा में जिला प्रशासन और पुलिस के आला अधिकारी तैनात थे।

SURJABASHA

## न्यूज डायरी

### बच्चे की मौत पर ट्रैक्टर चालक को भी मार डाला

**लोहरदगा।** बगड़ू थाना क्षेत्र के आरेया में दो शव मिले। दोनों की मौत ट्रैक्टर के रोटाबेटर से कटकर होने की बात कही जा रही है। आरेया के नीरज साहू ट्रैक्टर से टांड़ जुतवा रहे थे। इस बीच उनका पुत्र श्रीयंशु (3) रोटाबेटर की चपेट में आ गया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। इससे गुस्साये परिजन ट्रैक्टर चालक विशाल प्रजापति (17) को भी मौके पर ही मार डाला।

### नक्सलियों के शहीदी सप्ताह पर रेलवे सतर्क

**रांची।** नक्सलियों ने 28 जुलाई की रात से तीन अगस्त तक शहीद सप्ताह मनाने की घोषणा की है। नक्सलियों की इस घोषणा के बाद दक्षिण पूर्व रेलवे जोन सतर्क हो गया है। एहतियातन लंबी दूरी की ट्रेनों में आरपीएफ को सतर्क रहने का आदेश दिया गया है।

### अमरनाथ यात्रा से लौट रहे छह यात्रियों की मौत

**छत्रपति संभाजीनगर।** महाराष्ट्र में मलकापुर-धुले राष्ट्रीय राजमार्ग पर मलकापुर के पास शनिवार की सुबह दो बसों की टक्कर से छह अमरनाथ यात्रियों की मौत हो गयी और 21 अन्य घायल हो गये। बस नागपुर से नासिक जा रही एक अन्य बस से टकरा गयी थी।

### खूंटी में पीएलएफआइ के दो उग्रवादी धराये

**खूंटी।** जिले के मुरहू थाना क्षेत्र के सुरूंदा गांव के पास चल रहे पुल निर्माण कार्य के कर्मियों के साथ मारपीट करने और जेसीबी और स्कूटी-बाइक क्षतिग्रस्त करने के मामले में पुलिस ने दो वॉकी-टॉकी हैंडसेट और रिवाल्वर के साथ प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के सक्रिय उग्रवादियों वीर सिंह पूर्ति और जॉर्ज सांडी पूर्ति को गिरफ्तार कर लिया।

### गुमला : वज्रपात से दो की मौत, बैल भी मरा

**चैनपुर।** थाना क्षेत्र के नवाटोली कॉलोनी में शाम 5 बजे हुए वज्रपात में नवाटोली की सबीना कुमारी पिता सुरेश लोहरा और उर्मिला देवी पति महेश कैथवार समेत एक बैल की मौत हो गयी। मृतक अपने गाय-बैल को चराकर बांध रहे थे। इस दौरान वज्रपात हुई।

### बिजली अफसरों को सतर्कता का निर्देश

**रांची।** बोकारो में मुहर्रम जुलूस के दौरान करंट से चार लोगों की मौत पर गृह और ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव सह ऊर्जा विकास निगम के सीएमडी अविनाश कुमार ने जानकारी दी। उन्होंने हादसे की समीक्षा करने के निर्देश बिजली विभाग के अधिकारियों को दिया। साथ ही सभी जीएम को कहा कि जब भी ऐसे जुलूस निकालनी हो तो विशेष एहतियात बरतें।

### मणिपुर हिंसा के पीछे विदेशी एजेंसियां : नरवणे

**नयी दिल्ली।** पूर्व सेना प्रमुख मनोज मुकुंद नरवणे ने मणिपुर हिंसा में विदेशी एजेंसियों की संलिप्तता की आशंका जतायी है। नरवणने कहा कि विभिन्न विद्रोही समूहों को चीनी सहायता की भी आलोचना की। कहा कि हिंसा के विदेशी एजेंसियों की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता। अगर हमारे पड़ोसी देश में ही नहीं, बल्कि हमारे सीमावर्ती राज्य में भी अस्थिरता है, तो वह हमारी समग्र राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खराब है। पूर्व सेना प्रमुख ने एक समारोह में 'राष्ट्रीय सुरक्षा परिप्रेक्ष्य' विषय पर इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ये टिप्पणी की।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 75,000 रु./प्रति किलो |

## बोकारो के खेतको में मुहर्रम जुलूस मातम में बदला

# 11000 वोल्ट की लाइन से सटा ताजिया, चार की मौत

- दर्जनभर लोग झुलसे तीन की हालत गंभीर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो/पेटरवार।** शनिवार को बोकारो में मुहर्रम का ताजिया निकालने के दौरान बड़ा हादसा हो गया, जिसमें चार लोगों की मौत हो गयी। करीब दर्जन भर लोग झुलस गये। इनमें तीन की हालत गंभीर है। मामला पेटरवार थाना क्षेत्र के खेतको का है। इस हादसे पर सीएम हेमंत सोरेन ने गहरा दुख जताया है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। तजिये की ऊंचाई अधिक रहने के कारण यह हादसा हुआ।

पेटरवार थाना क्षेत्र के खेतको गांव में अहले सुबह करीब साढ़े पांच बजे मुहर्रम का जुलूस निकाला था। गांव से इमामबाड़ा जाते वक्त रेलवे क्रासिंग के पास तजिया 11000 वोल्ट के हाईटेंशन लाइन से टच कर गया। इससे तजिया जुलूस में रखी बैटरी में धमाका हो गया और 13 अधिक लोग जुलस गये। हादसे के बाद मौजूद लोगों के बीच चीख-पुकार और अफरातफरी मच गयी। आनन-फानन में सभी को पहले डीवीसी बोकारो थर्मल अस्पताल ले जाया गया। डाक्टरों ने चार को मृत घोषित कर दिया। वहां घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बोकारो जनरल अस्पताल रेफर किया गया। (शेष पेज 11 पर)

### मृतकों के नाम

हादसे में मारे गये सभी लोग खेतको के ही रहने वाले हैं। उनके नाम हैं- इनमें आसिफ रजा(21), 35 वर्षीय एनामुल रब (35), 18 साल के गुलाम हुसैन (18) साजिद अंसारी (18) शामिल हैं। घायलों के नाम हैं- सालुद्दीन अंसारी, इब्राहिम अंसारी, लाल मोहमद, फिरदौस अंसारी, मेहताब अंसारी, आरिफ अंसारी, शहबाज अंसारी, मोजोबिल अंसारी, साकिब अंसारी।



**अचानक आ गयी बिजली :** दुर्घटना में घायल मो मोजोबिल व अन्य ने बताया कि लाइन कटा हुआ था, इसलिए वे लोग आराम से झंडा लेकर जा रहे थे। अचानक लाइन आ गयी और हादसा हो गया। हादसे की खबर मिले पर बेरमो विधायक अनूप सिंह, मंत्री बेबी देवी एवं कांग्रेस के बोकारो जिलाध्यक्ष उमेश गुप्ता सहित बोकारो जिला के कई अधिकारी पहुंचे और बातचीत कर उन्हें ढाढ़स बंधाया।

### सीएम ने जताया शोक

बोकारो में हुई घटना पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ट्वीट कर बताया है कि जुलूस के दौरान हादसे में चार लोगों की मौत काफी दुखद है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को दुख की घड़ी सहन करने की शक्ति की कामना की है। उन्होंने सभी घायलों के लिए जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

## टाटा को हाइड्रोजन ईंधन उद्योग लगाने की सीएम ने दी मंजूरी

# शीघ्र हाइड्रोजन ईंधन से चलेंगे वाहन : हेमंत

- जमशेदपुर में लगेगा देश पहला ऐसा उद्योग
- 354.28 करोड़ रुपये का होगा निवेश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने जमशेदपुर में देश की पहली हाइड्रोजन ईंधन से जुड़े उद्योग की स्थापना को स्वीकृति प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री की इस पहल के बाद अब देश में पेट्रोल, डीजल और बैटरी साथ जल्द हाइड्रोजन ईंधन से भी वाहन चलेंगे। इसे लेकर सीएम ने मेसर्स टाटा मोटर्स लिमिटेड एवं मेसर्स क्यूमिन इंक्स, यूएसए के संयुक्त उपक्रम मेसर्स टीसीपीएल ग्रीन एनर्जी सोल्यूशंस प्रालि (टीजीएफएसपीएल) द्वारा जमशेदपुर, पूर्वी सिंहभूम में हाईड्रोजन इंटरनल कोम्ब्यूशन इंजन, फ्यूएल एग्नोस्टिक इंजन, एडवांस केमिस्ट्री बैटरी, एच-2 फ्यूएल सेल, तथा एच-2 फ्यूएल डिलिवरी सिस्टम के निर्माण/उत्पादन के लिए ईकाई की स्थापना को सिंगल विंडो क्लीयरेंस कमेटी एवं हाई पावर कमेटी की स्वीकृति की प्रत्याशा में उक्त निवेश के प्रस्ताव पर एमओयू हस्ताक्षर करने पर सहमति दे दी है। एमओयू के उपरांत जमशेदपुर में देश की पहली हाइड्रोजन ईंधन से जुड़े उद्योग के स्थापना का मार्ग प्रशस्त होगा। इस कार्य में हाइड्रोजन इंजन बनने की नवीनतम तकनीक का उपयोग किया जायेगा। जिसका लाभ आने वाले समय में पूरे देश को होगा। (शेष पेज 11 पर)

### हाइड्रोजन ईंधन के हैं कई फायदे



हाइड्रोजन ऐसा ईंधन है, जिसकी क्षमता अन्य ईंधनों के अपेक्षा अधिक होती है। इसका एनर्जी लेबल अधिक होता है। यह सस्ता और हल्का होता है। ऐसे में पेट्रोल और डीजल के बीच इसे एक बेहतर विकल्प माना जा सकता है। हाइड्रोजन ईंधन से प्रदूषण को काफी हद तक नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है। भारतीय बाजार और विश्व स्तर पर हाइड्रोजन इंजन की जरूरतों को पूरा करने के लिए 4000+ हाइड्रोजन आईसी इंजन/ईंधन एग्नोस्टिक इंजन और 10,000+ बैटरी सिस्टम की उत्पादन क्षमता के निर्माण आवश्यक जरूरतों की आपूर्ति और नई सहायक इकाइयों की स्थापना के लिए स्थानीय औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देगा।

## शिक्षा समागम में बोले पीएम , नयी संभावनाओं की नर्सरी है भारत

# बच्चों को किताबों के बोझ से मुक्त करना होगा

- शिक्षा में देश का भाग्य बदलने की बड़ी ताकत

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुनिया भारत को नयी संभावनाओं की नर्सरी के तौर पर देख रही है। कई देश अपने यहां भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) के परिसर खोलने के लिए सरकार से संपर्क कर रहे हैं। कहा कि शिक्षा में देश का भाग्य बदलने की सबसे बड़ी ताकत है। वह शनिवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनइपी) के तीन साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित अखिल भारतीय शिक्षा समागम के उद्घाटन कार्यक्रम में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा, दुनिया के विभिन्न विश्वविद्यालय भारत में भी अपने परिसर खोलने में रुचि ले रहे हैं। कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के जरिये हर भारतीय भाषा को उचित सम्मान दिया जायेगा। हमें भविष्य पर नजर रखनी होगी। अपने बच्चों को इनोवेटिव और मेधावी बनाने के लिए उन्हें किताबों के बोझ से मुक्त करना होगा। बच्चों को हमें खुली उड़ान का मौका देना चाहिए। ड्रोन टेक्नोलॉजी ने हमारे दरवाजे खटखटाये हैं, हमें लीक से हटकर सोचना होगा। पीएम ने शिक्षा जगत में होने वाले बड़े बदलावों पर चर्चा की और पीएम श्री योजना (पीएम स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया) के तहत राशि की पहली किस्त भी जारी की।

**हाईटेक टेक्नोलॉजी में देश आगे बढ़ रहा :** पीएम ने ने कहा कि इस बार ये समागम दिल्ली के इस नवनिर्मित भारत मंडपम में हो रहा है। पीएम मोदी ने खुशी जताते हुए कहा कि विधिवत रूप से भारत मंडपम के लोकार्पण के बाद यह पहला कार्यक्रम है। काशी के रुद्राक्ष से लेकर इस आधुनिक भारत मंडपम तक अखिल भारतीय शिक्षा समागम की इस यात्रा में एक संदेश भी छिपा है। एक ओर हमारी शिक्षा व्यवस्था भारत की प्राचीन परंपरा को सहज रही है वहीं आधुनिक साइंस और हाईटेक टेक्नोलॉजी के फील्ड में भी हम उतना ही तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

### नयी शिक्षा नीति में हर भारतीय भाषा को उचित सम्मान



पीएम मोदी ने कहा कि नयीं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के जरिये देश की हर भाषा को उचित सम्मान और श्रेय दिया जायेगा। जो लोग अपने स्वार्थ के लिए भाषा का राजनीतिकरण करने की कोशिश करेंगे, उन्हें अपनी दुकानें बंद करनी होंगी। उन्होंने कहा कि छात्रों के साथ सबसे बड़ा अन्याय उन्हें उनकी क्षमताओं के बजाय उनकी भाषा के आधार पर आंकना है। इस मौके पर उन्होंने शिक्षा और कौशल की 12 भारतीय भाषाओं में किताबों का विमोचन किया। पीएम मोदी ने कहा कि अब शिक्षा क्षेत्रीय भाषाओं में दी जानी है इसलिए पुस्तकें 22 भारतीय भाषाओं में भी होंगी। देश को इसका एक और लाभ होगा, भाषा की राजनीति करके अपनी नफरत की दुकान चलाने वालों का भी शटर डाउन हो जायेगा। एनइपी का लक्ष्य देश को रिसर्च और का इनोवेशन का केंद्र बनाना है। यह शिक्षा ही है, जो देश की किस्मत बदलने की ताकत रखती है। नयी शिक्षा नीति में पारंपरिक ज्ञान प्रणाली से लेकर भविष्य की तकनीक तक को संतुलित तरीके से महत्व दिया है।

### मोदी को देख खुश हुए बच्चे

इससे पहले पीएम मोदी ने एक प्रदर्शनी का अवलोकन किया, साथ ही नन्हे बच्चों से बातचीत की। बच्चे पीएम को देखकर काफी खुश नजर आये। पास जाकर पीएम को नमस्ते कहा। पीएम ने जब बच्चों से पूछा कि क्या आप मोदी को जानते हैं? इस पर बच्चों ने कहा, 'हां आपको टीवी पर देखा है। एक बच्चे ने कहा कि हमारे साथ फोटो खिंचवायेंगे। पीएम ने कहा कि 'मुझे वहां बाल-वाटिका में बच्चों से मिलने का, और उनके साथ बात करने का भी मौका मिला। बच्चे खेल-खेल में कैसे कितना कुछ सीख रहे हैं, कैसे शिक्षा और स्कूलिंग के मायने बदल रहे हैं, यह देखना मेरे लिए वाकई उत्साहजनक था।

# भाजपा ने दो मुस्लिमों को बनाया राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

## रघुवर दास फिर उपाध्यक्ष , आशा लकड़ा सचिव बनायी गयीं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**नयी दिल्ली, रांची।** भारतीय जनता पार्टी ने पार्टी का बहुप्रतीक्षित सांगठनिक पुनर्गठन करते हुए राष्ट्रीय कार्यकारिणी के नये केंद्रीय पदाधिकारियों की शनिवार को घोषणा कर दी। इनमें नौ महिलाएं एवं दो मुस्लिम शामिल हैं। पार्टी महासचिव एवं केंद्रीय कार्यालय के प्रभारी अरुण सिंह ने यह सूची जारी की। इसमें 13 राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, आठ राष्ट्रीय महासचिव, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री, सह संगठन महामंत्री, 13 राष्ट्रीय सचिव, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं सह कोषाध्यक्ष शामिल है।

राष्ट्रीय महासचिवों में इस बार किसी महिला को स्थान नहीं मिला है लेकिन 13 राष्ट्रीय उपाध्यक्षों में पांच और 13 राष्ट्रीय सचिवों में चार महिलाएं हैं। झारखंड के पूर्व सीएम रघुवर दास एक फिर से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाये गये हैं। रांची की पूर्व मेयर आशा लकड़ा को राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है।

**दो मुस्लिम चेहरा :** केरल के अब्दुल्ला कुट्टी और उत्तर प्रदेश के तारिक मंसूर के रूप में दो मुस्लिम चेहरों को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। नयी सूची में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश के केंद्र में बदलाव का है। उन्हें भोपाल से हटा कर लखनऊ भेजा गया है। (शेष पेज 11 पर)

### झारखंड प्रभारी भी बने उपाध्यक्ष



मिशन 2024 की तैयारी जुटी भाजपा और संगठन को मजबूत करने में जुटी ने हर स्तर पर नेताओं को जिम्मेदारी देकर अपने कार्यक्रम को और धारदार बनाने में जुट गयी है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने के नेतृत्व में हुई बैठक के बाद केंद्रीय टीम के नेताओं की नयी सूची में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को एक बार फिर उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं रांची की मेयर रही आशा लकड़ा को पार्टी ने राष्ट्रीय सचिव बनाया है। झारखंड भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत बाजपेई को भी पार्टी में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का पद दिया गया है।

### दूसरे वनडे में बारिश ने डाली बाधा

**बारबाडोस।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले में मेजबान टीम ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्यौता दिया। वर्षा के कारण मैच में व्यवधान पड़ा। बारिश की वजह से मैच को बीच में ही रोकना पड़ा। उस समय तक भारत ने 24.1 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 113 रन बनाये थे। ईशान किशन, शुभमन गिल, अक्षर पटेल, हार्दिक पांड्या और संजू सैमसन आउट हो गये हैं। क्रीज पर सूर्यकुमार यादव और रवींद्र जडेजा हैं। बारिश थमने के बाद दोनों पर बड़ी जिम्मेदारी है। जब भारत का स्कोर 100 के पार पहुंचा, तब तक तीन विकेट गिर गये थे। ईशान किशन ने लगातार दूसरे वनडे अर्द्धशतक लगाया।

# मेडिकल की पढ़ाई अब हुई और महंगी

- नामांकन काउंसिलिंग के पहले ही देने होंगे दो लाख
- दाखिला लेने पर ही सिक्यूरिटी मनी वापस होगी

**सुधीर**

**रांची।** राज्य के मेडिकल कॉलेजों में दाखिले को आयोजित काउंसिलिंग के पूर्व अभ्यर्थियों को सिक्यूरिटी मनी के रूप में 2 लाख रुपये देने होंगे। सिक्यूरिटी मनी के रूप में दो लाख रुपये नहीं देने की स्थिति में काउंसिलिंग में हिस्सा नहीं लेने दिया जायेगा। कुछ इसी तरह का फरमान झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद (जेसीईसीइ बोर्ड) ने स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि राज्य के मेडिकल कॉलेजों के एमबीबीएस और बीडीएस कोर्स में दाखिले को एक अगस्त से काउंसलिंग शुरू होगी। परंतु इस बार एडमिशन कांउसिलिंग में शामिल होने के लिए विद्यार्थियों को दो लाख रु सिक्यूरिटी मनी के तौर पर देने होंगे। यह पहली बार हो रहा है कि राज्य में एडमिशन कांउसेलिंग में शामिल होने के लिए इतनी बड़ी राशि जमा करनी होगी। बोर्ड की ओर से जारी नोटिस में इस बात का उल्लेख है कि इस सिक्यूरिटी मनी के बिना एडमिशन की प्रक्रिया में शामिल होना संभव नहीं होगा।

**ये हैं शर्तें :** पहले राउंड की काउंसिलिंग के बाद अगर किसी अभ्यर्थी का राज्य के अलावा दूसरे राज्य के बेहतर संस्थानों में दाखिले का ऑफर मिलता है तो उन्हें सिक्यूरिटी मनी के रूप में लिये गये पैसे वापस कर दिये जायेंगे। वहीं, अभ्यर्थी यदि दूसरे राउंड और अगले राउंड की काउंसलिंग में सीट आवंटन के बाद प्रवेश नहीं लेते हैं तो वैसी स्थिति में सिक्यूरिटी मनी वापस नहीं होगी। पंजीकरण के समय गलत जानकारी देने और प्रवेश के समय आवश्यक मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर प्रवेश रद्द होने की स्थिति में भी सिक्योरिटी मनी वापस नहीं होगा। (शेष पेज 11 पर)



> स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर इस बार अभ्यर्थियों को एमबीबीएस और बीडीएस की काउंसिलिंग में शामिल होने से पहले दो लाख रुपये सिक्यूरिटी मनी के रूप में देने होंगे। फर्स्ट काउंसिलिंग में अभ्यर्थियों को रियायत दी जायेगी। दाखिला नहीं लेने के बाद भी सिक्यूरिटी मनी वापस कर दिये जायेंगे। परंतु सेकेंड काउंसिलिंग के बाद से दाखिला नहीं लेने पर सिक्यूरिटी मनी वापस नहीं होगा।
>
> **- ओम प्रकाश कुमार, प्रशासी पदाधिकारी, जेसीईसीई बोर्ड, झारखंड।**

# महिला किसानों से बोलीं सोनिया- राहुल के लिए लड़की ढूंढ़ो ना...

- हरियाणा यात्रा के दौरान महिला किसानों से राहुल ने किया था भोज देने का वादा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने हरियाणा की महिला किसानों को खाने पर बुलाया था। इस दौरान एक दिलचस्प वाकया हुआ। एक महिला ने सोनिया गांधी से कहा कि राहुल की शादी अब जल्द कराइये। इस पर सोनिया ने राहुल के सामने ही उस महिला को लड़की ढूंढ़ने का प्रस्ताव दे दिया।

भोजन के दौरान महिला किसानों ने बातचीत में कहा कि राहुल की शादी करिये। इस पर सोनिया ने पलटकर कहा कि आप उसके लिए लड़की ढूंढ़िये। विवाह की इस चर्चा के बीच कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा, ऐसा होगा। राहुल गांधी ने हाल में हरियाणा की अपनी यात्रा के दौरान महिला किसानों को भोज देने का वादा किया था। इसी वादे को पूरा करते हुए सोनिया गांधी ने हरियाणा के सोनीपत जिले की कुछ महिलाओं को अपने आवास पर दोपहर के भोजन के लिए आमंत्रित किया था। आमंत्रित महिलाओं ने सोनिया गांधी से मुलाकात के दौरान राहुल के विवाह की चर्चा की। (शेष पेज 11 पर)

### राहुल शरारत करता और डांट मुझे पड़ती : प्रियंका



सोनिया के 10 जनपथ आवास पर पहुंची एक महिला ने उनसे कहा, राहुल की शादी की बात उठा दी। सोनिया और उस महिला किसान के बीच चर्चा के दौरान राहुल गांधी भी बातचीत को सुन रहे थे और उन्होंने कहा, 'ऐसा होगा...'। इस दौरान एक महिला ने राहुल गांधी को अपने हाथ से खाना भी खिलाया। हल्के-फुल्के माहौल में चर्चा के बीच कांग्रेस महासचिव और राहुल की बहन प्रियंका गांधी वाड्रा ने महिलाओं से कहा, 'राहुल मुझसे ज्यादा शरारती था, लेकिन ज्यादा डांट मुझे पड़ती थी। राहुल गांधी महिलाओं पूछा कि उन्हें भोजन पसंद आया या नहीं और सबने मिठाई खाई या नहीं। उन्होंने बच्चों को चॉकलेट भी दी।

बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष पहुंचे रांची, आज वत्सल भारत कार्यक्रम सीसीएल में

# झारखंड से बच्चों के पलायन के लिए दिल्ली के अवैध प्लेसमेंट सेंटर जिम्मेदार : कानूनगो

**कार्यक्रम में केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी और केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ मूंजपरा महेंद्र भाई भी लेंगे भाग**



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** देश में बच्चों के साथ हो रहे दुष्कर्म और चाइल्ड लेबर की बढ़ती घटना को देखते हुए केंद्र सरकार की तरफ से लगातार कार्यक्रम चलाया जा रहा है। बच्चों पर होने वाले जुल्म को कम करने के लिए चलाए गए कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक भी की जा रही है। इसी कड़ी में आज रांची में दरभंगा हाउस, सीसीएल सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम का नाम 'वत्सल भारत' रखा गया है। जिसमें शामिल होने के लिए राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो शनिवार को रांची पहुंचे। कार्यक्रम में बंगाल, ओड़िशा और बिहार के पदाधिकारियों के साथ चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी और केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ मूंजपरा महेंद्र भाई भी भाग लेंगे।

### दिल्ली स्थित अवैध प्लेसमेंट सेल पर नाराजगी

राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने रांची प्रेस क्लब में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा झारखंड के बच्चे दिल्ली में पलायन करते हैं। जहां पर कई अन ऑथराइज्ड संस्था या प्लेसमेंट सेल बच्चों से काम करवाती है। उन बच्चों का डाटा उनके पास से नहीं मिलता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली राज्य में चल रहे अवैध प्लेसमेंट सेंटर पर दिल्ली सरकार को नकेल कसना चाहिए ताकि झारखंड से गए नाबालिग बच्चों को ट्रेस कर मुसीबतों से बचाया जा सके।

### 'राज्य बाल संरक्षण आयोग से समन्वय बनाकर होगा काम'

राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने कहा कि आने वाले दिनों में झारखंड के राज्य बाल संरक्षण आयोग से बेहतर समन्वय बनाकर बच्चों के संरक्षण पर बेहतर कार्य किये जायेंगे। ताकि आने वाले दिनों में राज्य के बच्चों का भविष्य सरकार के सहयोग से बेहतर हो सके। उन्होंने कहा कि कई ऐसे निजी चाइल्ड शेल्टर होम हैं, जो अवैध तरीके से चल रहे हैं, उन पर कार्रवाई की जायेगी।

# हाइकोर्ट को साइबर अपराध रोकने के उपायों की जानकारी देगा आरबीआई

**हाईकोर्ट ने आरबीआई से पूछा है- कैसे रोका जा सकता है साइबर क्राइम?**



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बढ़ते साइबर क्राइम को लेकर हाईकोर्ट ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) से पूछा है कि उनके पास इसके रोकथाम और अंकुश लगाने के लिए क्या उपाय किये जाते हैं। ऐसे अपराधियों के शिकार होने से लोग कैसे बचे। मामले में जनहित याचिका की सुनवाई हाईकोर्ट में तीन अगस्त को है, आरबीआई अपना लिखित शपथ पत्र के माध्यम से झारखंड हाईकोर्ट को बतायेगा।

झारखंड हाइकोर्ट ने जामताड़ा, साहिबगंज, देवघर में साइबर क्राइम की घटना को लेकर दायर जनहित याचिका पर पिछले दिनों ऑनलाइन सुनवाई की थी। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र व जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ ने प्रार्थी, केंद्र सरकार व आरबीआई का पक्ष सुना था। खंडपीठ ने रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआइ) से पूछा था कि साइबर क्राइम कैसे रोका जा सकता है। उसके लिए क्या उपाय किये गये हैं? जिसके बाद ही खंडपीठ ने शपथ पत्र दायर करने का निर्देश दिया था। उल्लेखनीय है कि प्रार्थी मनोज कुमार राय ने जनहित याचिका दायर की है। उन्होंने साइबर क्राइम पर रोक लगाने की मांग की है।

झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र व जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ ने आरबीआई को शपथ पत्र दायर करने का निर्देश दिया है। इससे पूर्व प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार ने पक्ष रखा था। उन्होंने बताया कि अब तो साइबर क्रिमिनल कमीशन पर ट्रेनिंग देने का काम कर रहे हैं। साइबर क्राइम को रोकने के ठोस उपाय किये जाने की जरूरत है, वहीं आरबीआई की ओर से अधिवक्ता पांडेय नीरज राय ने मौखिक रूप से जवाब दिया था। अब उन्हें लिखित में जवाब देना है।

### सीएम, विस अध्यक्ष और पेयजल स्वच्छता मंत्री पर आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करने पर प्राथमिकी



**रांची।** झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन, विधानसभा अध्यक्ष रविंद्रनाथ महतो और मंत्री मिथिलेश ठाकुर के बारे में यूट्यूब पर आपत्तिजनक और अर्नरगल भाषा का प्रयोग करने के आरोप में जेएमएम के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने अरगोड़ा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। यह वीडियो भोकाल नामक यूट्यूब चैनल पर प्रसारित किया गया था। उस विडियो में सीएम हेमंत सोरेन का नाम लेकर काफी आपत्तिजनक एवं अपमानजनक तथ्यो को परोसा जा रहा है। इसकी जानकारी बीते शुक्रवार को रात 8 बजे हुई। अमर्यादित टिप्पणी और आपत्तिजनक तथ्यों से अमन चैन और सौहाद्रपूर्ण माहौल को बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा है। जिससे झारखंड वासी मर्माहत है। कार्यकर्ता काफी आक्रोश में हैं। इससे राज्य में अशांति फैलने का खतरा है। चैनल के संचालक, रिपोर्टर और बयानबाजी करने वाले व्यक्ति को चिन्हित कर कार्रवाई की मांग की है।

### आइएनडीआइए की बैठक कांग्रेस भवन में आज अपराह्न 12.30 से

**रांची।** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने रविवार को अपराह्न 12.30 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, कांग्रेस भवन, रांची में इंडियन नेशनल डेवलपमेन्टल इनक्लूसिव एलायंस (आईएनडीआईए) के सभी घटक दलों की बैठक बुलायी है।

उक्त आशय की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बताया कि उक्त बैठक में मणिपुर की घटना एवं भाजपानीत केन्द्र सरकार के उदासीन रवैये के खिलाफ रणनीति तैयार की जायेगी।

# बेरमो कोयलांचल में लगातार बंद हो रहीं खदानें लोगों के सामने रोजी-रोटी का बढ़ने लगा संकट

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बेरमो कोयलांचल में हाल के कुछ महीनों में खदानें लगातार बंद हो रही हैं। कई माइंसों को प्रबंधकीय आदेश पर बंद किया गया, तो कुछ माइंसों से कई वजहों से कोयला उत्पादन ठप हो गया है। माइंसों के बंद होने से फिलहाल सैकड़ों कोयला कर्मी बेकार बैठे हुए हैं। प्रबंधन इन्हें बैठा कर वेतन दे रहा है। वहीं, माइंसों के बंद होने से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हजारों लोगों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। इधर, माइंस बंद को खिलाफ मजदूरों व मजदूर संगठनों की ओर से आंदोलन भी नहीं दिख रहा है। स्थानीय प्रतिनिधियों के अलावा ट्रेड यूनियनों के नेता भी इस अहम मुद्दे पर मौन हैं।

**बंद हुआ कारो माइंस व गोविंदपुर यूजी माइंस से कोल प्रोडक्शन :** खनिज खबर की रिपोर्ट की मानें तो कुछ दिनों पूर्व बीएंडके एरिया की कारो माइंस से कोयला खनन और ओबी निस्तारण का कार्य पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। कोयला व ओबी खनन का काम कर रही बेरमो की बीकेबी कंपनी ने माइंस में काम करने का जगह नहीं मिलने के कारण अपनी मशीनों को समेट लिया है। कंपनी में कार्यरत 180 कर्मी भी काम से बैठ गये हैं। इस माइंस का विस्तार पिछले दो साल से शिफ्टिंग समस्या के कारण नहीं हो पा रहा है। इस माइंस से कोयला उत्पादन बंद हो जाने से कारो परियोजना में कार्यरत सैकड़ों कोलकर्मियों के पास कुछ काम नहीं है। बीएंडके एरिया की करगली कोलियरी से भी एक दशक से कोयला उत्पादन बंद है तथा यहां भी सैकड़ों मजदूरों के पास कोई नाम नहीं है। एक-डेढ़ साल पहले नन कोकिंग करगली कोल वाशरी को भी सीसीएल मुख्यालय ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से बंद कर दिया। यहां भी कर्मी काम के अभाव में बैठे हैं।

इधर एक सप्ताह पूर्व कथारा एरिया की गोविंदपुर भूमिगत खदान से भी कोयला उत्पादन बंद कर दिया गया है। यहां कार्यरत सभी 197 पीस रेटेड मजदूरों को टाइम रेटेड में परिवर्तित कर दिया गया। अब काम के अभाव में यहां भी सैकड़ों मजदूर बेकार बैठे हैं।



**14 भूमिगत माइंसों को बंद करने का निर्णय :** बता दें कि चार-पांच साल पहले सीसीएल में करोड़ों रुपये के घाटे में चल रही 14 भूमिगत माइंसों को बंद करने का निर्णय कोल इंडिया व सीसीएल बोर्ड में पारित हुआ था। इसके तहत कथारा कोलियरी की स्वांग थर्ड डिग्री भूमिगत खदान व जारंगडीह भूमिगत खदान को पहले ही बंद कर दिया गया था। हालांकि, स्वांग थर्ड डिग्री भूमिगत खदान को डीजीएमएस ने बंद करने का निर्देश सीसीएल प्रबंधन को काफी पहले ही दिया था। जबकि जारंगडीह यूजी माइंस से लगातार हो रहे गैस रिसाव के कारण भी डीजीएमएस ने माइंस को बंद करने का निर्देश काफी पहले दिया था।

**तीन एरिया में चल रही मात्र एक भूमिगत खदान :** बेरमो कोयलांचल में सीसीएल के तीनों एरिया में फिलहाल एक भूमिगत खदान ढोरी खास यूजी माइंस ही चल रही है। अन्य सभी भूमिगत खदानें बंद हो गयी हैं। वर्ष 2016 में बीएंडके एरिया की खासमहल फेज दो यूजी को बंद कर दिया गया। इसके अलावा बेरमो सीएम इंकलाइन (बीएसआइ) को भी सीसीएल बोर्ड ने बंद करने का निर्णय लेते हुए इसे बगल के ढोरी एरिया की अमलो परियोजना खुली खदान के साथ कुछ साल पहले मर्ज कर दिया। वहीं डेढ़ दशक पूर्व बीएंडके एरिया अंतर्गत कारो सीम इंकलाइन को बंद किया गया। खासमहल की एक भूमिगत खदान भी वर्षों पूर्व बंद की जा चुकी है।

**अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रही हैं कई खुली खदानें :** सीसीएल के तीनों एरिया में कई ऐसी खुली खदानें हैं जो अपने अस्तित्व के लिए लगातार संघर्ष कर रही हैं। कुछ रनिंग माइंस है तो उसके एनजीटी (फोरेस्ट व पर्यवारण क्लीयरेंस) की फाइल कई साल से वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार के यहां लंबित पड़ी है। इसके कारण पुराने इसी (इनवायरमेंटल क्लीयरेंस) के आधार पर माइसों को कुछ समय के लिए कोयला खनन करने हेतू सीटीओ (कंसेट टू ऑपरेट) दिया जा रहा है। ढोरी एरिया की एसडीओसीएम (कल्याणी परियोजना), कथारा एरिया की कथारा कोलियरी के अलावा बीएंडके एरिया की कारो परियोजना विस्तार के लिए इसी व एफसी का क्लीयरेंस लेने की प्रक्रिया चल रही है। इधर, डीवीसी बेरमो माइंस से भी सीसीएल द्वारा हैड ओवर लेने के बाद कोयला उत्पादन शुरू नहीं हो सका है। बेरमो माइंस के कारो ग्रुप ऑफ माइंस में लगभग एक सौ मिलियन टन कोकिंग कोल है। डीवीसी बेरमो माइंस के ओल्ड कॉलोनी के नीचे सीम में करीब 20 मिलियन टन कोकिंग कोल है।

**ये हैं बेरमो की बंद माइंस :** बेरमो के बंद पड़े खदानों की सूची में कथारा एरिया की स्वांग यूजी माइंस, कथारा एरिया की जारंगडीह यूजी माइंस, कथारा एरिया का गोविंदपुर इंकलाइन, बीएंडके एरिया का बेरमो सीम इंकलाइन, बीएंडके एरिया का केएसपी इंकलाइन, ढोरी एरिया का सीएचपी, कथारा एरिया का सीपीपी, बीएंडके एरिया की करगली वाशरी, बीएंडके एरिया की करगली कोलियरी और बीएंडके एरिया की कारो माइंस शामिल है।

# बिना सूचना के निकाला गया था बोकारो के खेतको में मुहर्रम जुलूस : ऊर्जा सचिव

### बिजली अधिकारियों को एहतियात बरतने का दिया निर्देश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** गृह और ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव सह ऊर्जा विकास निगम के सीएमडी अविनाश कुमार ने बोकारो के खेतको में मुहर्रम जुलूस के दौरान करंट से चार लोगों की मौत की समीक्षा करने के निर्देश बिजली विभाग के अधिकारियों को दिया है। सभी जीएम को कहा कि जब भी जुलूस निकालना हो तो विशेष एहतियात बरतें। सीएमडी ने बताया कि बोकारो में बिना पूर्व सूचना के ही जुलूस निकाला गया था। उस दौरान बिजली चालू थी, जिससे यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई। सीएमडी ने कहा कि ऐसी दुर्घटना दोबारा न हो, इसके लिए उपाय ढूंढने को भी कहा गया है।

### दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई हो : बाबूलाल



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को मुहर्रम जुलूस के दौरान बोकारो जिलांतर्गत पेटरवार के खेतको में हुई दुर्घटना एवं चार लोगों की मौत पर गहरा शोक प्रकट किया है। श्री मरांडी ने कहा कि यह अत्यंत दुखद खबर है। ईश्वर मृतकों की आत्मा को शान्ति प्रदान करें एवं परिजनों को इस बड़े दुख को सहने की ताकत प्रदान करें। श्री मरांडी ने जुलूस के दौरान किए गए प्रशासनिक तैयारियों पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि यह घोर लापरवाही का परिणाम है। उन्होंने सरकार से दोषी अधिकारियों को चिन्हित कर कड़ी कारवाई की मांग की।

### सरयू राय ने सीएम को लिखा पत्र, कहा- पीटीआर पर संज्ञान लें

**रांची।** विधायक सरयू राय ने विश्व बाघ दिवस पर पलामू टाइगर रिजर्व की स्थिति सुधारने को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि पीटीआर की स्थापना 4 जून 1974 को हुई थी. 2023-24 इसकी स्थापना का 50वां वर्ष यानी स्वर्ण जयंती वर्ष है, लेकिन न तो वन विभाग में और न ही पीटीआर प्रबंधन में इस बारे में कोई चर्चा है। पीटीआर के स्वर्ण जयंती वर्ष में इसके पुनरुद्धार के लिए एक कार्य योजना बननी चाहिए। सरयू राय ने उम्मीद जताई है कि सीएम इसपर संज्ञान लेकर पीटीआर की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करेंगे।

# प्रदेश भाजपा ने पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय पदाधिकारियों को दी बधाई

**प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा- भाजपा सर्वस्पर्शी, सर्व समावेशी संगठन**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की राष्ट्रीय पदाधिकारियों की नवनियुक्त टीम में पूर्व सीएम रघुवर दास और रांची की निवर्तमान मेयर आशा लकड़ा को शामिल किए जाने पर प्रदेश भाजपा ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा सर्व स्पर्शी और सर्व समावेशी संगठन है। नई राष्ट्रीय टीम के नेतृत्व में पार्टी 2024 में जनता के स्नेह और आशीर्वाद से तीसरी बार मोदी सरकार बनाने में सफल होगी। श्री मरांडी ने कहा कि झारखंड से दो राष्ट्रीय पदाधिकारी को पुनः स्थान देने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि झारखंड का सौभाग्य है कि प्रदेश प्रभारी एवम राज्यसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई जी को पार्टी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का दायित्व दिया है। उन्होंने नव नियुक्त राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास, डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई एवं राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा सहित सभी को बधाई एवम शुभकामनाएं दी है। बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालों पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, अभय कांत प्रसाद, यदुनाथ पांडेय, रविंद्र राय, सांसद दीपक प्रकाश, पी एन सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष सांसद सुनील सिंह, नीलकंठ सिंह मुंडा, जेपी पटेल, अपर्णा सेन गुप्ता, प्रणव वर्मा, विनोद शर्मा, गंगोत्री कुजूर, प्रदेश महामंत्री सांसद आदित्य साहू, डॉ प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय प्रदेश मंत्री नवीन जायसवाल, सुबोध सिंह गुड्डू, काजल प्रधान, रीता मिश्रा, मिस्त्री सोरेन, मुनेश्वर साहू, शर्मिला रजक, विवेक भवानी सिंह, कोषाध्यक्ष दीपक बंका, कार्यालय मंत्री हेमंत दास, प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह, मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा, सरोज सिंह, अमित सिंह, कुणाल षाड्गी, प्रतुल शाहदेव, अविनेश कुमार सिंह, मिस्फिका हसन सहित अन्य शामिल हैं।

## खबर एक नजर में

### अश्विनी मिर्धा की हत्या मामले में दो गिरफ्तार



मृतक अश्विनी मिर्धा

**रांची।** राजधानी रांची के चडरी निवासी सरजीत मिर्धा का भगीना अश्विनी कुमार मिर्धा की हत्या मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पंडरा पुलिस ने दोनों आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। दोनों गिरफ्तार चडरी निवासी निखिल मुंडा और आदित्य तिर्की हैं। अश्विनी कुमार मिर्धा का पिछले दिनों नामकुम स्टेशन के बाहर से अपहरण कर हत्या कर दी गयी थी। पुलिस के अनुसार हत्या में शामिल दोनों आरोपी मृतक से पहले से परीचित थे। दोनों आरोपियों ने फोन कर अश्विनी को बुलाया था। इसके बाद दोनों ने उसे दूसरे युवक को सौंप दिया। इसके बाद उनकी हत्या कर शव को गद्दे में लपेटकर खरसीदाग ओपी क्षेत्र के मुगबांध के पास फेंक दिया। मोबाइल नंबर के सहारे दोनों आरोपी पकड़े गये। पुलिस हत्या में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश तेज कर दी है।

### नक्सलियों से संबंध के आरोप में ईंट भट्ठा व्यवसायी से दूसरी बार एनआइए की पूछताछ

**रांची।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने भाकपा माओवादी संगठन के रीजनल कमांडर रविंद्र गंझू के सहयोगी राजू कुमार से दूसरी बार पूछताछ की है। एनआइए ने राजू कुमार को चार दिनों की रिमांड पर लिया और उससे कई सवाल पूछे। राजू कुमार पर रविंद्र गंझू के पैसे को अलग-अलग व्यवसाय में लगाने का आरोप है। गौरतलब हो कि एनआइए की टीम ने बीते छह जुलाई को राजू कुमार को लोहरदगा के कुडू बाजार से गिरफ्तार किया था।

**पिछले 6 माह से एनआइए की रडार पर था राजू :** राजू कुमार पिछले छह माह से एनआइए के रडार पर था। वह लोहरदगा के कुडू थाना क्षेत्र स्थित विश्रामगढ़ गांव का रहने वाला है। एनआइए ने पूर्व में विश्रामगढ़ में छापेमारी की थी। इस दौरान ईंट-भळे से पिस्टल, बैंक पासबुक और जमीन के कागजात बरामद किया गया था। एनआइए ने राजू कुमार को समन भी भेजे जाने के बावजूद फरार चल रहा था।

### ट्रैफिक एसपी को ग्रामीण एसपी का प्रभार

**रांची।** रांची ट्रैफिक एसपी हारिस बिन जमा को रांची ग्रामीण एसपी के पद का अतिरिक्त प्रभार मिला है। इसको लेकर एसएसपी किशोर कौशल ने आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि बीते 28 जुलाई को ग्रामीण एसपी नौशाद आलम साहेबगंज एसपी के पद पर योगदान देने के लिए चले गये। इनके स्थानांतरण से ग्रामीण एसपी रांची का पद रिक्त हो गया है। ग्रामीण एसपी रांची के पदस्थापन तक ट्रैफिक एसपी हारिस बिन जमा अपने कार्यों के अतिरिक्त ग्रामीण एसपी के के प्रभार में रहेंगे।

रांची बाजार समिति की दुकानों का किराया अब 11 रुपये प्रति वर्गफीट

# किराये पर भी देना होगा 18 % जीएसटी व्यापारी बना रहे कोर्ट जाने की रणनीति

खबर मन्त्र एक्सक्लूसिव

सुधीर

**रांची।** बाजार समिति में दुकानदारी कर रहे दुकानदारों की जेब ढीली होने जा रही है। मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन रविंद्र सिंह के निर्देश के बाद रांची बाजार समिति की दुकानों का किराया अब 11 रुपये प्रति वर्गफीट होगा। बाजार समिति ने कमेटी में स्थित दुकानों और गोदामों का किराया करीब 110 फीसदी बढ़ाने का निर्णय लिया है। बाजार समिति की ओर से किराया बढ़ाने को लेकर एक्सरसाईज किया जा रहा है। सदर एसडीओ सह बाजार समिति के कार्यपालक पदाधिकारी की अमुमति मिलते ही इसे बाजार समिति में लागू करा दिया जायेगा। इसके अलावा दुकानदारों को जीएसटी के रूप में 18 फीसदी टैक्स भी देने होंगे, जो नन रिफंडेवल होगा। इधर व्यापारी भी बाजार समिति के नोटिफकेशन का इंतजार कर रहे हैं। नोटिफिकेशन जारी होते ही व्यापारी इस मामले को लेकर कोर्ट जायेंगे और बाजार समितियों की स्थिति भी आरआरडीए के दुकानों जैसी होगी, जहां से हर महीने किराया तक नहीं मिलेगा।

### इन बाजार समितियों का बढ़ाया गया किराया

मार्केटिंग बोर्ड के निर्देश के बाद राज्य की 5 बाजार समितियों ने किराया पहले ही बढ़ा दिया है। गुमला बाजार समिति के सचिव ने तो सड़क किनारे स्थित दुकान का किराया बढ़ाकर 35 रुपये वर्गफीट तक कर दिया है।

एक नजर में किराया बढ़ोत्तरी (रुपये में)

| कमेटी | पहले | बढ़ा किराया |
|---|---|---|
| डालटनगंज | 3.75 | 4.50 रुपये |
| गुमला | 3.50 | 10.00 और 35.00 |
| लोहरदगा | 3.50 | 11.00 रुपये |
| सरायकेला | 3.75 | 6.00 रुपये |
| चाईबासा | 3.75 | 14.00 रुपये |
| दुमका | 3.75 | 7.00 रुपये |

गुमला के अलावा डालटनगंज, लोहरदगा, सरायकेला, चाईबासा और दुमका बाजार समिति की दुकानों का किराया बढ़ा दिया गया है।

### क्या है मामला

मार्केटिंग बोर्ड के नव नियुक्त चेयरमैन रविंद्र सिंह ने बाजार समिति के साथ-साथ मार्केटिंग बोर्ड की आमादनी बढ़ाने की कवायद शउरू कर दी है। इसी के आलोक में उन्होंने राज्य की वैसी सभी बजार समितियों की दुकानों का किराया बढ़ाने का निर्देश दिया है, जिनके पास अपना कैंपस है या जिनके हाट-बाजार क्षेत्र में दुकाने हैं। बोर्ड चेयरमैन का आदेश मिलते ही बाजार समितियों के प्रभारी सचिव (मार्केट सुपरवाइजर) रेस हो गये हैं। अभारी बनने के चक्कर में अति उत्साहित होकर काम कर रहे हैं।

मार्केटिंग बोर्ड से निर्देश आया है कि बाजार समिति की दुकानों का किराया बढ़ाना है। इसी के आलोक में एक्सरसाइज किया जा रहा है। किराया तो बढ़ना ही है। कृषि उत्पादन बाजार समिति के कार्यपालक पदाधिकारी सह एसडीओ के स्तर पर दर का निर्धारण होते ही नयी दर को लागू किया जायेगा।

**उत्तम कुमार, सचिव, बाजार समिति रांची।**

### साईं के फॉरेन एक्सपोजर टूर के लिए झारखंड के पहलवान अमित कुमार गोप का हुआ चयन



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** भारतीय खेल प्राधिकरण के तरफ से आयोजित चयन प्रतियोगिता में पूरे देश से 19 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। इसमें डे बोर्डिंग कुश्ती प्रशिक्षण केंद्र के पूर्व प्रशिक्षु और वर्तमान में एनसीओई मुंबई में प्रशिक्षणरत अमित कुमार गोप का चयन भी फॉरेन एक्सपोजर टूर के लिए हुआ है। साई के द्वारा इस फॉरेन एक्सपोजर टूर सह विशेष कुश्ती प्रशिक्षण का आयोजन 3 अगस्त से 19 अगस्त तक अजरबैजान के बाकू में आयोजित होगा। इस दौरान चयनित खिलाड़ियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जायेगा।

अमित कुमार गोप के चयन और उपलब्धि पर झारखंड राज्य कुश्ती संघ के अभिभावक के रवि कुमार, खेल सचिव झारखंड मनोज कुमार, कुश्ती संघ के अध्यक्ष- जीशन कमर, खेल निदेशक (झारखंड) सरोजनी लकड़ा के अलावा भोलानाथ सिंह, कुश्ती संघ के महासचिव रजनीश कुमार, कोषाध्यक्ष-बबलू कुमार, विजय शंकर सिंह, राजीव रंजन (भीम) एवं झारखंड राज्य कुश्ती परिवार और खेल विभाग के पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

**AFFIDAVIT**

I, **VIJAY SHANKAR PANDEY,** S/o – (LATE) NAND KISHOR PANDEY, R/o – Vill.+ P.o – Shivpur, P.s – Kandi, Garhwa, Jharkhand, PIN-822120 solemnly affirm to correct my wrongly written name **VIJAY SHANKER** PANDEY in my son AYUSH PANDEY's matriculation(10th) certificate who was studying in M.K D.A.V Public school, Daltonganj. This has been sworn before notary public, Ranchi and A. Bedia, Advocate via affidavit no. 24626 dated 27.07.2023.

स्पीड न्यूज

## सिंदरी में तिरंगा के साथ निकला ताजिया

**सिंदरी।** पैगंबर मोहम्मद के नवासे इमाम हुसैन की शहादत का गम मनाते सिंदरी में भी शनिवार को मुहर्रम पर्व मनाते हुए तिरंगे झंडे के साथ ताजिया निकाला गया। यह ताजिया सिंदरी के विभिन्न क्षेत्रों सिंदरी जामा मस्जिद, राँगामाटी इमामबाड़ा, डोमगढ़ व गौशाला से निकलकर सिंदरी थाना पहुँचा और युवाओं द्वारा करतब दिखाने के बाद वापस लौट गया। सिंदरी जामा मस्जिद अध्यक्ष मो कामरान मलिक ने बताया कि शांतिपूर्ण ढंग से ताजिया का जुलूस निकाला गया। जुलूस में बच्चों, युवाओं व वृद्धों द्वारा विशेष करतब, लाठी डंडे की लड़ाई का अद्भुत प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर पूर्व पार्षद दिनेश सिंह भी शामिल रहे।

## मीडिल स्कूल मुनिडीह प्रोजेक्ट का उद्घाटन

**पुटकी।** झारखंड सरकार के भवन प्रमंडल धनबाद के द्वारा कार्यवन्ति मुनिडीह स्थित बालूडीह चौक स्थित राजकीय कृत मध्य विद्यालय मुनिडीह प्रोजेक्ट धनबाद के इंट्रीग्रेटेड लेब आर्ट क्राफ्ट मयूजिक रुम,कम्पयूटर रूम लायब्रेरी,क्लास रूम,ऑडिटोरियम निर्माण कार्य का (डीएमएफटी) मद का उद्घाटन धनबाद सांसद पीएन सिंह व धनबाद विधायक राज सिन्हा ने नारियल फोड़ कर उद्घाटन किया। मौके पर विकाश मिश्रा, मनोज मालाकर,रमेश सिंह,चन्द्रदेव प्रसाद,राजू शर्मा,शोभा देवी,शोभा देवी,दीपक सिंह चौधरी,पंकज तिवारी,रास विहारी सिंह आदि सैकडो लोग मौजूद रहे।

## बास्केटबॉल प्रतियोगिता में जल सदन विजयी

**बोकारो।** चिन्मय विद्यालय के क्रीड़ा प्रांगण में आयोजित अंतर सदन बास्केटबॉल प्रतियोगिता में जल सदन ने वायु सदन को 19 के मुकाबले 11 से अंको से हराया और फाइनल जीता। इससे पूर्व खेले गए मैच में जल सदन ने पृथ्वी सदन को 16. 09 से एवं वायु सदन ने अग्नि सदन को 19.11 से हरा कर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मैच प्रारंभ होने के पूर्व विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया एवं शुभकामनाएं दी। जल सदन के खिलाड़ियों ख्वासए यशस्वीए एवम कृष्णा ने शानदार तालमेल एवम तकनीक का परिचय देते हुए अपनी टीम को जीत दिलाई। वायु के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। मौके पर वरीय शिक्षक हरिहर पांडेयए निशांत सिंहए देवदीप चक्रवर्तीए रण विजय ओझाए प्रवीण कुमार एवम नितेश पांडेय ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया।

## बीजीएच में कम्प्यूटरीकृत स्पीच एनालाइजर की सुविधा बहाल

**बोकारो।** मरीजों की बेहतर देखभाल और उपचार हेतु बीजीएच के ईएनटी विभाग में स्पीच एंड हियरिंग थेरेपी मॉड्यूल और इलेक्ट्रोग्लोटोग्राफी के साथ एक कम्प्यूटरीकृत स्पीच एनालाइजर मशीन स्थापित किया गया है। इस उपकरण का उद्घाटन बीजीएच के सीएमओ डॉ बीबी करुणामय ने अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सकों की उपस्थिति में किया। थेरेपी मॉड्यूल और ईजीजी के साथ कम्प्यूटरीकृत स्पीच एनालाइजर एक ऐसा उपकरण है जो विभिन्न प्रकार के आवाज संबंधित विकारों के निदान में मदद करता है।

## ईडी वर्क्स क्वालिटी सर्किल ट्रॉफी 2023 का आयोजन

**बोकारो।** ईडी संकार्य क्वालिटी सर्कल ट्रॉफी 2023श का आयोजन 27.28 जुलाई 2023 को अधिशासी निदेशक ;संकार्यद्ध सेमिनार हॉल और आईण एंड एए के सेमिनार हॉल में एक साथ आयोजित किया गया। इस मेगा आयोजन में बोकारो इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में बीएसएल की कुल 35 क्वालिटी सर्कल टीमों ने अपनी प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता के नतीजे अगले सप्ताह की शुरूआत में घोषित किये जायेंगे तथा पुरस्कार समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का समन्वयए बिजनेस एक्सीलेंस विभाग से देवयानी चक्रवर्ती एवं सागरिका साहू के द्वारा किया गया।

### पेटरवार के खेतको गांव में हाईटेंशन तार से सटा ताजिया, हो गया दर्दनाक हादसा

# बेरमो : 11 हजार वोल्ट के करंट से चार की मौत, आठ घायल

**सरकार ने मृतक के परिजन को दो-दो लाख और घायलों को एक एक लाख देने की घोषणा की**

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/जारंगडीह/कथारा।** शनिवार को अहले सुबह पेटरवार थाना क्षेत्र के खेतको गांव से मिली खबर से क्षेत्र के लोग उस समय दुखों से भर उठा जबकि उसे पता चला कि सुबह लगभग 5 बजे तजिया मिलन को ले जाने के क्रम में 11 हजार वोल्ट के सम्पर्क में तजिया का उपरी हिस्सा आ गया और देखते देखते वहां चार मौते हो गई और लगभग 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जुलूस में हर तरफ भगदड़ मच गई। घटना खेतको गांव के मुहाने पर हुई जहां से 11 हजार वोल्ट का तार गुजरा हुआ और वह काफी निचे झुला हुआ है। जिस कारण यह हादसा देखने को मिला। जुलूस में शामिल अन्य लोग सभी घायलों को उठा कर बोकारो थर्मल डीवीसी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने चार को मृत्य घोषित कर दिया और शेष 8 घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बोकारो बीजीएच रेफर कर दिया गया । इधर यह खबर आग की तरह पूरे क्षेत्र में फैल गयी और लोगो का रेला खेतको गांव की ओर निकल पड़ा। घटना की सूचना जैसे ही पुलिस प्रशासन को हुई पेटरवार थाना, तेनुघाट ओपी पुलिस, कथारा ओपी पुलिस, बोकारो थर्मल थाना की पुलिस मौके पर पहुंच गई और विधि व्यवस्था संभालने में जुट गई। गांव के अधिकांश लोग घायलों को लेकर बोकारो बीजीएच की ओर भागे ताकि उन लोगो की जान बचाई जा सके। जबकि चारो युवको के शव को चास अनुमंडलीय अस्पताल पोस्टमार्टम कराने के लिए भेजा गया। घटना की सूचना पर बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह तथा अन्य नेता बीजीएच पहुचे और दुख व्यक्त करने के साथ बेहतर इलाज करने की बाते डॉक्टरों से की। जानकारी के अनुसार गांव के लोगों में इस घटना को लेकर आक्रोश देखा जा रहा है। लोगों ने कहा कि बिजली विभाग को इसकी शिकायत कई बार की गई थी, मगर इसका संज्ञान नही लिया गया और बड़ा हादसा हो गया। शव गांव पहुचने के बाद देर शाम स्थानीय कब्रिस्तान में चारो युवकों के शव को दफन किया जायेगा। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुरे गांव को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है।

**कैसे घटी घटना**

घटना खेतको गांव के मुहाने पर घटी। घटना लगभग सुबह 5 बजे उस समय घटी जब खेतको गांव से ताजिया मिलने के लिए दूसरे गांव जा रहे थे। ग्यारह हजार वोल्ट का तार रख-रखाव के अभाव में नीचे झूल रहा था। इसमें तजिया का ऊपरी हिस्सा सटने से बड़ा हादसा हो गया। इस हादसे में मो नासीर के 22 वर्ष पुत्र आसिफ, मो हबीब का 35 वर्ष पुत्र एनामूल, गुलाम साबरी का 19 वर्षीय पुत्र गुलाम हुसैन तथा गुलाम मुस्तफा का लगभग 22 से 23 वर्षिय पुत्र साजिद अंसारी का निधन इस हादसे में हो गया। सभी खेतको गांव के उपर मुहल्ला गली नंबर दो के निवासी बताये जाते हैं।

## ईमाम हुसैन की शहादत की याद में मनाया गया मुहर्रम



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद/कतरास।** शनिवार को कोयलांचल में शांतिपूर्ण माहौल में मोहर्रम का त्यौहार संपन्न हुआ। कर्बला की जंग हजरत इमाम हुसैन और बादशाह यजीद की सेना के बीच हुई थी। मान्यताओं के मुताबिक, मुहर्रम के महीने में 10वें दिन ही इस्लाम की रक्षा के लिए हजरत इमाम हुसैन ने अपनी जान कुर्बान कर दी थी। इसलिए मुहर्रम महीने के 10वें दिन मनाया जाता है। कतरास में मोहर्रम शांतिपूर्ण संपन्न हो इसके लिए कतरास थाना प्रभारी रणधीर सिंह एवं बाघमारा प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील प्रजापति पूरे क्षेत्र में दौरा करते हुए नजर आए। मस्जिद मोहल्ला मोहर्रम कमेटी पोस्ट ऑफिस रोड मोहर्रम कमेटी तथा अन्य मोहर्रम कमेटियों के द्वारा के द्वारा थाना प्रभारी एवं वीडियो को तथा गणमान्य लोगो को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। बताते चलें कि मस्जिद मोहल्ला मोहर्रम कमेटी शामली मोहर्रम कमेटी जिला का मोहर्रम कमेटी कटल मोहल्ला मोहर्रम कमेटी पोस्ट ऑफिस रोड मोहर्रम कमेटी छरदारडीह मोहर्रम कमेटी सभी कतरास बाजार चौक पर एकत्रित होकर अपने खेल का प्रदर्शन किया और हैरतअंगेज खेल लोगों को दिखाया।

## महुदा : मोहर्रम में दिखा हिंदू मुस्लिम एकता का अनूठा मंजर

**महुदा में मातमी जुलूस**

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुदा।** महुदा थाना क्षेत्र के तमाम हिस्सों में मोहर्रम पर्व बड़े शिद्दत से मनाया गया। इस बीच हिंदू मुस्लिम एकता का अनूठा संगम देखने को मिला। यहां के मुहर्रम की खास बात है इसमें हिन्दुओं का हिस्सा लेना, बहुत ऐसे हिन्दू परिवार हैं जो मुहर्रम में उसी विश्वास से शिरकत करते हैं जैसे मुस्लिम करता है। इनमें एक तो महुदा क्षेत्र के ब्राह्मण गाँव मछियारा हैं, जहाँ महिलाओं द्वारा ताजिये को बड़े ही शिद्दत के साथ माथा टेकते हैं और ताजिये की पाँव को पानी से धोते हैं, जो अद्भुत आत्मीय और हिंदुस्तानी गंगा जमुनी तहजीब का मिसाल पेश करता हैं। धर्म मजहब के नाम पर बाटने की कोई कितनी भी कोशिश करे लेकिन देश और शहर का मिजाज कट्टरपंथियों को आइना दिखाता है। महुदा के तमाम इलाकों में हर मुहर्रम पर बरसों से हिन्दू-मुस्लिम सदभाव की खुशबू बिखेरता आ रहा है। वैसे मुहर्रम पर ताज़िये मुस्लिम समुदाय के लोग ही निकालते हैं। क्यूंकि मुहर्रम की 10 तारीख को इमाम हुसैन की शहादत हुई थी, इसी के याद में मुहर्रम पर्व मनाई जाती है। जिस वजह से इस दिन को सबसे अहम दिन माना जाता है। इस दिन मुहर्रम के नवमी और 10वीं या 10वीं और 11वीं को रोजा रख कर इबादत की जाती है। वहीं हिंदू-मुस्लिम एकता इस क्षेत्र के बुजुर्गों ने कई वर्षों से इसी तरह कायम रखी है।

## विनोद अध्यक्ष और शुभम बने सचिव

**बिहार कोलयरी कामगार कुमारधुबी कमेटी का गठन**



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** कुमारधुबी-बिहार कोलयरी कामगार यूनियन के बैनर तले शनिवार को ईसीएल कुमारधुबी कोलयरी में नई कमेटी का गठन सर्व समिति से किया गया। नए कमेटी गठित कमेटी के सभी सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिया गया सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए यूनियन के महामंत्री सह बीसीसीआई के सदस्य पूर्व विधायक चटर्जी ने कहा कि हमारी यूनियन मजदूरों के प्रति सदैव संवेदनशील रहती है, तथा विभिन्न फोरम पर हम लोग निराकरण के प्रति सचेत रहते हैं, वही श्री चटर्जी ने कहा कि मजदूरों की एकता के चलते ही वेतन समझौता शानदार ढंग से संपन्न हो सका' सरकार श्रम कानून में संशोधन करके मजदूरों के अधिकारों में कटौती कर रही है तथा विनिवेश और शेयर बेचने के माध्यम से निजी करण करना चाहते हैं' आने वाले दिनों में मजदूरों को कोयला उद्योग को बचाने के लिए लड़ने के लिए तत्पर रहना होगा।

सम्मेलन को कार्तिक दत्ता, लालू ओझा ने भी संबोधित किया तथा संचालन रामजी यादव ने किया। मौके पर संगठन सचिव बिल्टू राम, शत्रुघ्न पासवान, जितेंद्र सिंह, सोमनाथ कुमार, तापस टू डू, सह संगठन सचिव। कोषाध्यक्ष टिंकू राम, हरी प्रताप सिंह, अरविंद बावड़ी, सह कोषाध्यक्ष तथा मृत्युंजय उपेंद्र जीतू बावड़ी, अविनाश हरिजन कार्यकारिणी सदस्य चुने गए। सभी चुने गए साथियों को अरूप चटर्जी, आगम राम, कार्तिक दत्ता मौजूद थे।

## एक नजर में

### विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर पौधरोपण



**बोकारो।** विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर स्थानीय जैविक उद्यान में साल के पौधे लगाए गए। अधिशासी निदेशक कार्मिक एवं प्रशासन राजन प्रसाद, सीजीएम ;नगर प्रशासनद्ध कुन्दन कुमारए महाप्रबंधक एपी लकड़ा तथा नगर प्रशासन विभाग के अन्य अधिकारियों व कर्मियों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया तथा प्रकृति संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### संस्कार ज्ञानपीठ में मना नई शिक्षा नीति का वर्षगांठ



**बाघमारा।** शनिवार को मानव संसाधन मंत्रालय, भारत सरकार,के निदेर्शानुसार केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली के निर्देश पर तीसरा नई शिक्षा नीति 2020 का वर्षगांठ अति उत्साह के साथ मनाया गया। यह वर्षगांठ दिनांक 29 जुलाई से 28 अगस्त 2023 के मध्य विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम के साथ मनाया जाएगा। जिसमे मुख्य रूप से पर्यावरण संरक्षण,ऊर्जा संरक्षण, सामूहिक भोजन में भोजन की वरवादी,एलेट्रोनिक उपकरण के अवशेष के खतरे, ईंधन संरक्षण आदि विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विद्यालय के निदेशक डा मुकेश कुमार राय ने बच्चो से अपील की अपने अपने घर कम से कम एक पौधा लगाएं एवम उसका फोटो विद्यालय को प्रेषित करें। आज के कार्यक्रम में बच्चों के साथ मुख्यरूप से राहुल कुमार, मलय मिश्रा, देवाशीष ओझा, कुमार राहुल सिन्हा, प्रिंस चौहान, लखन महतो, चांदी मिश्रा,अरुण प्रामाणिक, सुभाष रजक ,पीयूष भारद्वाज मौजूद रहें।

### चिन्मय विद्यालय की रश्मि सिंह को मिला बेस्ट टीचर का सम्मान



**बोकारो।** चिन्मय विद्यालय के अकादमिक सुपरवाइजर ;माध्यमिकद्ध रश्मि सिंह को उनके दृष्टिकोणए नेतृत्व गुणों और शैक्षणिक पहल की स्वीकृति के लिये साइंस ओलिंपियाड फाउंडेशन द्वारा सर्वश्रेष्ठ जोनल टीचर पुरस्कार ;2022 द 23द्ध से सम्मानित किया गया। फाउंडेशन द्वारा उन्हें ट्रॉफी एवं 5000 रुपए का चेक प्रदान किया गया। प्रार्थना सभागार में आज रश्मि सिंह को विद्यालय प्रबंधन के सचिव महेश त्रिपाठी द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय प्राचार्य सूरज शर्मा ने रश्मि सिंह को ढेरों शुभकामनाएं दी। साथ ही आज सत्र 2022 द 23 में विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए चिन्मय विद्यालय के छात्र.छात्राओं ;कक्षा 3 से 6द्ध को स्पेशल असेंबली में ट्रॉफी एवं चेक प्रदान करके सम्मानित किया गया। सभी विजयी विद्यार्थियों को सचिव महेश त्रिपाठी एवं प्राचार्य सूरज शर्मा ने बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## आजाद नगर टेहराटांड़ मैदान में लाठी खेल प्रतियोगिता

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोमो।** पांच गावां अखाड़ा कमिटी की और से मुहर्रम के मौके पर आजाद नगर टेहराटांड़ के स्थानीय मैदान में विराट लाठी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल का उद्घाटन मुख्य अतिथि टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, कांग्रेस नेता रणविजय सिंह,तोपचांची प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश एक्का ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान सुकुडीह उत्तर, सुकुडीह दक्षिण, आजाद नगर, गुनघसा, टेहराटांड़ के खेलाडीयों द्वारा एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज खेल का प्रदर्शन किया गया। वहीं इस खेल के प्रदर्शन कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में प्रखंड प्रमुख आनंद महतो आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का मंच संचालन मास्टर तैयबा व मो समशेर ने किया। तथा मंच अध्यक्ष मास्टर इसराईल राही थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष मो मेराज, उपाध्यक्ष अरसद अली, सचिव इमामुद्दीन अंसारी, कोषाध्यक्ष मो समशेर आलम, मुख्य संयोजक अब्दुल रोउफ अंसारी, सह संयोजक मो नईमुद्दीन, मो रफीक, मो फारूक, मो तफाजुल, मो मनिरुद्दीन, मो नसरुल्लाह, मो इकबाल आदि का सराहनीय योगदान रहा। शांतिपूर्ण तरीके से खेल का मुजाहिरा दिखाने वाले पाँच गावां खेलाडियों को मुख्य अतिथि के हांथो पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## बोकारो के प्रसिद्ध व्यवसायी का निधन

**बेरमो।** बोकारो-बेरमो के प्रसिद्ध व्यवसायी सह समाजसेवी संजीत सिंह का शनिवार को दिल्ली के एम्स अस्पताल में निधन हो गया है। राजपूत समाज से आने वाले व्यवसायी संजीव सिंह का दिल्ली के मैक्स अस्पताल में बीमारी के कारण इलाज चल रहा था। निधन की खबर मिलते ही बोकारो और बेरमो में शोक की लहर दौड़ पड़ी। बोकारो के बारीक ओरपकी कोऑपरेटिव उनके आवास पर दिन.भर लोगों का आना.जाना रहा।

## बीएसएल में एक टन की क्षमता के लिफ्ट का हुआ जीर्णोद्धार

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के आरएमपी विभाग में एक टन की क्षमता वाले लिफ्ट का जीर्णोद्धार के बाद परिचालन का शुभारंभ ईडी ;संकार्यद्ध बिरेन्द्र कुमार तिवारी द्वारा किया गया। एक टन क्षमता वाले इस लिफ्ट का उपयोग कर्मचारीए उपकरणए यंत्र और अन्य सामान के परिवहन में होता रहा है। लंबे समय से इस्तेमाल के बाद इस लिफ्ट की तकनीक पुरानी हो गई थी। लिफ्ट को सुरक्षित तथा सुचारू बनाने के लिए इसका जीर्णोद्धार किया गया। ईडी श्री तिवारी ने निरंतर उत्पादन में लिफ्ट के सुचारू रूप से उपयोग की अहमियत पर चर्चा की। समारोह में सीजीएम पी के बैसाखियाए शरद गुप्ताए विपिन कुमार सिंहए जीएम इंचार्ज आर के बेहराए जीएम एसके दासए महेश कुमार लाल मौजूद थे।

## सावन मेला : संचिता बनीं सावन क्वीन

खबर मन्त्र संवाददाता



**गिरिडीह।** युवा मंच गिरिडीह प्रेरणा के द्वारा आयोजित दो दिवसीय सावन मेले का आज समापन हो गया गुरुवार और शुक्रवार को स्थानीय महिलाओं ने आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए प्रदर्शनी से अपने मनपसंद उत्पादों को हाथों हाथ लिया मेले के संदर्भ में बताते हुए शाखा अध्यक्ष श्रीमती एरिया अग्रवाल ने बताया कि इस दो दिवसीय मेले का मूल उद्देश्य महिलाओं को स्वावलंबी बनाने हेतु उनको सहयोग करना था एवं उनके द्वारा उत्पादित अथवा लाई गई वस्तुओं की प्रदर्शनी को बड़े स्तर पर लगाने का भी लक्ष्य था इन दोनों लक्ष्यों में गिरिडीह प्रेरणा शाखा बहुत हद तक सफल रही इस मेले में कोलकाता धनबाद आसनसोल दुमका देवघर के अलावा गिरिडीह की महिलाओं ने स्टॉल्स लिए थे।

कार्यक्रम संयोजक कविता राजगढ़िया ने कहा कि इस बार गिरिडीह प्रेरणा शाखा ने गुणवत्तापूर्ण आयोजन को केंद्रित करते हुए सारी तैयारियां की थी जिसकी प्रशंसा बाहर से आई महिलाओं ने किया अगली बार गिरिडीह प्रेरणा शाखा इसे और बड़े स्तर पर करेगी। मेला समापन की संध्या पर आयोजन स्थल पर सावन क्वीन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और संचिता तिवारी सावन को इनके पुरस्कार से नवाजी गई।

## डीपीएस बोकारो के बच्चों ने वाद्य यंत्रों की धुनों पर बांधा समां



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो में आयोजित चार.दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव श्तरंगश के अंतिम दिन अंतर सदन आर्केस्ट्रा प्रतियोगिता में विभिन्न वाद्य यंत्रों पर धुनों के प्रस्तुतीकरण में बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर रावी हाउस को प्रथमए चेनाब एवं झेलम सदन को द्वितीय तथा गंगाए जमुना और सतलज को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान मिला। सभी प्रतिभागी बच्चे उस दौर के फिल्मी अभिनेताओं की वेशभूषा में नजर आए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीआरपीएफ 26 वीं बटालियन के उप समादेष्टा विनोद कुमार यादव ने बच्चों की प्रस्तुति को सराहते हुए तनाव से मुक्ति दिलाने में संगीत की अहमियत पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डीपीएस बोकारो बच्चों के समग्र विकास के लिए जाना जाता है। डिप्टी कमांडेंट श्री यादव एवं उनकी पत्नी मनोरमा यादव का पौधा व पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

# सांसद के प्रयास से पुल चौड़ीकरण का मिला एनओसी

**भाजयुमो ने धनबाद सांसद पीएन सिंह का किया स्वागत**

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** शनिवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा धनबाद महानगर द्वारा जिला अध्यक्ष अमलेश सिंह के नेतृत्व में धनबाद सांसद पशुपतिनाथ सिंह का भव्य स्वागत किया गया। सांसद धनबाद पशुपतिनाथ सिंह के अथक प्रयास से रेलवे ने शहर के सबसे जाम मार्ग गया पूल चौड़ीकरण की स्वीकृति दी थी जिसकी एनओसी मिल चुकी है ।और जल्द ही धनबाद को एक जाम मुक्त गया पुल सड़क मिलने जाने वाला है। सांसद ने धनबाद में एयरपोर्ट की भी मांग जोरों शोरों से उठाई जिसमें यह क्लियर हो गया कि एयरपोर्ट के लिए राज्य सरकार से जमीन मांगी गई थी जिसकी एनओसी अभी तक राज्य सरकार ने केंद्र को उपलब्ध नही करवाई जिसके वजह से आज तक धनबाद एयरपोर्ट से विमुक्त है ।एयरपोर्ट के लिए जमीन ना देकर राज्य सरकार अपनी जिम्मेदारी से मुकर रही तथा सांसद ने धनबाद में काम कर रहे आउटसोर्सिंग मजदूरों को जो न्यूनतम मजदूरी नहीं दी जा रही है को लेकर सदन में अपनी आवाज उठाई और एचपीसी के तहत वेतन देने की बात रखें। युवा मोर्चा के अध्यक्ष अमलेश सिंह ने कहा कि जिस प्रकार भ्रामक स्थिति बनाई हुई थी एयरपोर्ट को लेकर जिले में यह अब क्लियर हो चुका है धनबाद में एयरपोर्ट की बात पूरी तरह सहमत थी क्लियर हो चुका है और सांसद महोदय ने इसको साफ कर दिया है और राज्य सरकार की एक बड़ी गलती को उजागर किया है जो उन्होंने पर्दे के पीछे एयरपोर्ट के लिए जमीन उपलब्ध ना कराकर की थी। आउटसोर्सिंग में काम कर रहे मजदूरों के न्यूनतम मजदूरी को लेकर पूछे गए सवाल पर भी जवाब मिला है। वह यह है कि सरकार द्वारा ठेका मजदूरों के लिए भी न्यूनतम मजदूरी तय की गई है जो जिसको यहां की कोई भी आउटसोर्सिंग कंपनी पूरा नहीं करती है ।तमाल राय ने कहा कि सांसद महोदय के इस ठेका मजदूरों के प्रति सोच के लिए हम सभी आभारी है और जल्द से जल्द आउटसोर्सिंग कंपनियों से कारीवाहि की मांग करते है।

**स्वागत समारोह में थे शामिल**

स्वागत समारोह में भाजपा युवा मोर्चा से तमाल राय, सुमित सिंह, जयंत सिंह चौधरी, रवि मिश्र, पिंटू सिंह,सुमित प्रामाणिक, दिनेश रवानी ,तरुण शर्मा, जीत सोनी, राजेश सोनकर,गोविंदा पासवान, आशीष पांडेय,दीपक कर्मकार, सोमनाथ रॉय, प्रितपाल सिंह अजमानी, मौसम सिंह, राजीव रंजन मौजूद थे।

समय संवाद

मुख्यमंत्री हेमंज सोरेन ने अपने ट्विटर हेंडल पर लिखा है कि सामान्य तौर पर झारखण्ड के युवाओं के लिए हम कई कल्याणकारी योजनाएँ लेकर आये हैं। गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के अंतर्गत 15 लाख तक का लोन बहुत कम व्याज पर सरकार आपको देगी। योजना में यह प्रावधान किया गया है कि पढ़ाई पूरा करने के 1 वर्ष के बाद आप लोन चुकाना शुरू कर सकेंगे। आप एक कदम चलें, सरकार आपके साथ चार कदम चलेगी। आज कई विकल्प युवाओं के सामने रखे हुए हैं। हमने सीएमईजीपी के अंतर्गत हजारों युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने का काम किया है। लाखों युवाओं को इस योजना से जोड़ कर उन्हें लाभ देने की हमारी सोच है।

# मानवीय संवेदना और कर्तव्यबोध से बंधती उम्मीद

**अनुष्का चौधरी**

एक युवा

**अनुष्का चौधरी**





**एक** युवा प्रतिभा की निर्धनता को जिस प्रकार झारखंड के युवा मुख्यमंत्री ने गंभीरता से लिया वैसा कम ही देखने को मिलता है। यह पहली घटना नहीं है। मुझे याद आ रहा है जब लगभग एक दशक पूर्व पलामू के एक बस कंडक्टर के पुत्र ने राज्य में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करते हुए आईआईटी में सफलता अर्जित की थी तब वह भी ऐसे ही स्थितियों का शिकार होते होते बचा था। जिस प्रकार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गरीब इंजीनियरिंग के छात्र को डेढ़ लाख रुपये का चेक दिया उससे एक प्रतिभा ही नहीं एक समाज और गांव का हौसला बुलंद हुआ। सीएम की मदद से एक अत्यंत गरीब परिवार के प्रतिभावान छात्र प्रवीण उरांव का आईआईटी, खड़गपुर से इंजीनियरिंग करने का सपना साकार होगा।

मुख्यमंत्री ने रांची जिले के बेड़ो प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव के रहने वाले प्रवीण उरांव को पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता के रूप में एक लाख पचास हजार रुपए का चेक सौंपा। वह प्रवीण की आर्थिक तंगी के बीच पढ़ाई करने के जज्बे तथा संघर्ष को देखकर अत्यंत भावुक हुए और गौरवान्वित भी महसूस किया। उन्होंने प्रवीण को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री ने प्रवीण से कहा कि उसकी इंजीनियरिंग की पढ़ाई के साथ अगर उच्च शिक्षा भी लेना चाहे, तो उसके लिए आर्थिक मदद की जाएगी। मुख्यमंत्री ने प्रवीण से यह भी कहा कि अगर उसके दोनों भाइयों की पढ़ाई और रोजगार अथवा स्वरोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार पूरा सहयोग करेगी। इस मौके पर प्रवीण की चाची प्रिया मणि भी मौजूद थीं। मुख्यमंत्री हेमंज सोरेन ने अपने ट्विटर हेंडल पर लिखा है कि सामान्य तौर पर झारखण्ड के युवाओं के लिए हम कई कल्याणकारी योजनाएँ लेकर आये हैं। गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के अंतर्गत 15 लाख तक का लोन बहुत कम व्याज पर सरकार आपको देगी। योजना में यह प्रावधान किया गया है कि पढ़ाई पूरा करने के 1 वर्ष के बाद आप लोन चुकाना शुरू कर सकेंगे। आप एक कदम चलें, सरकार आपके साथ चार कदम चलेगी।

आज कई विकल्प युवाओं के सामने रखे हुए हैं। हमने सीएमईजीपी के अंतर्गत हजारों युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने का काम किया है। लाखों युवाओं को इस योजना से जोड़ कर उन्हें लाभ देने की हमारी सोच है।

मुझे विश्वास है मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत आप सभी युवा बेहतर कौशल प्रशिक्षण लेकर आगे बढ़ेंगे। सीएम के प्रयास से जो माहौल बन रहा है वह सीधे तौर पर युवाओं के उत्साह को बढ़ा रहा है। चाहे 80 मॉडल स्कूलों की बात हो या फिर शिक्षकों के नियुक्ति का मामला, चाहे राज्य में यूनिवर्सिटी की बात हो या मेडिकल कॉलेज की झारखंड के युवाओं के लिये एक बड़ी उम्मीद बनकर उभरें हैं युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन। अब राज्य की प्रतिभा को कहीं और परेशान होने की आवश्यकता नहीं होगी उन्हें आर्थिक सहायता अवश्य मिलेगी।

हमारे राज्य के युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है आवश्यकता है इस प्रकार की संवेदनशीलता की। आखिर शिक्षा ही है जिससे सबसे प्रभावी ढंग से विकास का मार्ग प्रशस्त किया है।

# भरत ने सभी कार्य करते हुए जिया त्यागी सा जीवन

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**किसी** भी निर्माण की प्रकिया छोटे से आंरभ होती है। धीरे-धीरे आंरभ होकर वह प्रकिया बड़ा रुप ले लेती है। काई भी प्रकिया में आंरभिक तेजी हार का कारण भी बनती है। व्यवहार जगत में मैराथन दौड़ वही जीतता है जो आंरभ में अपनी उर्जा बचाता है और अंतिम में अपनी पूरी उर्जा लगा देता है। धर्य से ही निमार्ण होता है। भक्ति का निमार्ण भी जीवन में धर्य से ही होता है। राम के जीवन में भी धर्य असीम था। वे शिक्षा प्राप्त करने के बाद पूरे देश के तीर्थो का भ्रमण करने के बाद भी चिंतन में ही थे। ब्रंह्म ज्ञान के लिए मिला जीवन किस ओर जा रहा है। कोई तो मिले जो हमें इस बात को बताये। इसी बीच गुरु विश्वमित्र यज्ञ की रक्षा के लिए उनसे मिलने आये तब उन्होंने उन्हें ज्ञानी मानकर अपनी समस्या बतायी। तब विश्वमित्र ने कहा कि गुरु वशिष्ठ के होते मैं क्या समझा सकता हूं। वे हमारे भी गुरु हैं और हमने जो कुछ ज्ञान हासिल किया है वे उनकी कृपा से हो सकी है। राम समझते थे कि वशिष्ठ तो उनके कुल के गुरु हैं आखिर एक सामान्य पूजा-पाठ करने वाले व्यक्ति है। लेकिन जब उन्हें मालूम हुआ तब वे वशिष्ठ के पास गये और पूछा की आप ब्रंह्म ज्ञानी है यह बात हमें पता नहीं था। आपने उस स्तर का ज्ञान मुझे क्यों नहीं दिया। वशिष्ठ ने कहा आपकी जिज्ञासा आज परिपक्व हुई है इसलिए आज मैं आपको ज्ञान दूंगा। आदमी जो भी जप-तप-ज्ञान करता है उससे जिज्ञासा पैदा होना चाहिए। यह जिज्ञासा ज्ञान का होगा। ज्ञान के लिए गुरु स्थान और गुरु की भूमिका होगी। यही ज्ञान हर काल में रहा है सिर्फ स्थान और व्यक्ति बदल गये हैं। राम के काल में गुरु वशिष्ठ, कृष्ण के काल में दुर्वासा और आधुनिक काल में स्वामी रामकृष्ण परमहंस और विवेकानंद, स्वामी परमहंस दयाल जी और स्वामी जी ने ज्ञान को संरक्षित किया प्रचार और प्रसार किया। योग्य पात्र को खोजा और उन्हें प्रदान किया। धन से ज्ञान खरीदा नहीं जा सकता है। ब्रंम्हचर्य, गृहस्थ,वानप्रस्त और सन्यास चार अवस्था से मनुष्य गुजरता है। गृहस्थी के लिए भी सन्यास की अवस्था है। जीवन के सभी जवाबदेही निभाते हुए सन्यासी का जीवन भरत ने जीया था। योग्य, अतियोग्य व्यक्ति का मिलने का क्रम जारी रहता है। पूर्ण समर्पण से ज्ञान का मार्ग प्रशस्त होता है। प्रकृति में भी इसका उदाहरण है। यमुना का गंगा में समर्पण के बाद यमुना पूरी तरह से समाप्त हो जाती है। गंगा सागर में मिलकर समर्पित हो जाती है। इसी प्रकार पूर्ण समर्पण से ही ज्ञान मिल सकता है जिसके बाद कुछ भी पाना शेष नहीं रह जाता है।

(ब्रम्हा विद्यालय आश्रम छोटका राजपुर, बक्सर, शाखा कुटी रांची)

# जान लें मंथली सेविंग कैसे और कहां करें

**इन्वेस्ट** करने के पहले बेसिक्स को कवर करना सबसे पहले जरूरी है। उदाहरण के लिए, इमरजेंसी फंड, टर्म लाइफ इंश्योरेंस, और हेल्थ इंश्योरेंस

हाल ही में आपको पहली जॉब मिली है और अगले ही महीने से आपकी सैलरी भी आने लगेगी। आप इन्वेस्ट करने के बारे में सोच रहे होंगे लेकिन तय नहीं कर पा रहे होंगे कि कितना आपको महीने में इन्वेस्ट करना चाहिए ताकि खर्च भी चलता जाए और सेविंग भी होती जाए। बहरहाल, आपको ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि इसमें हम आपकी मदद करेंगे।

**बेसिक को पहले कवर करें**

इन्वेस्ट करने के पहले बेसिक्स को कवर करना सबसे पहले जरूरी है। उदाहरण के लिए, इमरजेंसी फंड, टर्म लाइफ इंश्योरेंस, और हेल्थ इंश्योरेंस। कई सारे फैक्टर्स जैसे उम्र, सेहत, किस तरह का जॉब आप कर रहे हैं, और कितने लोग आप पर निर्भर हैं, इन फैसलों को प्रभावित करते हैं।

विंट वेल्थ के को-फाउंडर और सीईओ अजिंक्य कुलकर्णी ने कहा, इमरजेंसी फंड बनाने के लिए, आपको 12 महीने के खर्च के बराबर राशि अलग रखनी चाहिए। यह पैसा या तो बैंक की फिक्स्ड डिपॉजिट या सेविंग अकाउंट में रखा जा सकता है जो स्वीप-इन फैसिलिटी प्रदान करता है। इस फंड का उद्देश्य अप्रत्याशित वित्तीय आपात स्थितियों से निपटने के लिए धन का आसानी से सुलभ स्त्रोत प्राप्त करना है।

स्वीप-इन फैसिलिटी के साथ, आपका सेविंग अकाउंट फिक्स्ड डिपॉजिट से जुड़ा हुआ है। अगर आपके सेविंग अकाउंट की शेष राशि किसी खरीदारी या लेनदेन के लिए पर्याप्त नहीं है, तो बैंक घाटे को कवर करने के लिए आपकी फिक्स्ड डिपॉजिट से जरूरी राशि ऑटोमैटिकली ट्रांसफर कर देगा। यह ट्रांसफर आपके फिक्स्ड डिपॉजिट पर मिलने वाली ब्याज दर को प्रभावित नहीं करेगा।

टर्म लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसीधारक (बीमाधारक) और बीमा कंपनी के बीच एक सरल समझौता है। यदि पॉलिसी अवधि के दौरान पॉलिसीधारक की मृत्यु हो जाती है, तो बीमा कंपनी द्वारा बीमित व्यक्ति के परिवार को पहले तय की गई रकम का भुगतान किया जाता है। इस प्रकार का बीमा आपके प्रियजनों को आवश्यक वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है। यह आपके परिवार को जीवन की अनिश्चितताओं से बचाने का एक सीधा और प्रभावी तरीका है।

अगर आपका निधन हो जाता है, तो टर्म इंश्योरेंस आपके आश्रितों के लिए इलाज के दौरान खोई हुई आय की भरपाई करने और देनदारियों सहित उनके सभी भविष्य के खर्चों को कवर करता है। एक सामान्य तौर पर, आपकी टर्म इंश्योरेंस पॉलिसी में बीमा राशि, आपकी सालाना आय का लगभग 17 से 20 गुना होनी चाहिए। इसके अलावा, हेल्थकेयर के बढ़ते खर्च के कारण, कम से कम 10 लाख रुपये की बीमा राशि वाला स्वास्थ्य बीमा लेने की सलाह दी जाती है। इसके अलावा, मेडिकल खर्चों में संभावित वृद्धि को देखते हुए, आपको 50 लाख रुपये से 1 करोड़ रुपये की बीमा राशि के साथ एक सुपर टॉप-अप कवर लेने पर भी विचार करना चाहिए।

एक बार बेसिक कवर हो जाएं, तो एक युवा इन्वेस्टर को इक्विटी इन्वेस्टमेंट के जरिए पैसा कमाने पर ध्यान लगाना चाहिए

यदि आपके पास हर महीने निवेश करने के लिए केवल 1,000 रुपये हैं, तो इसे एक बार में निवेश करना अच्छा विचार नहीं है। इसके बजाय, सबसे अच्छा तरीका एसआईपी का उपयोग करना है, जहां आप हर महीने थोड़ा सा निवेश करते हैं। इस तरह, आप समय के साथ धीरे-धीरे अच्छी रकम जमा कर सकते हैं। एसआईपी के बारे में एक अच्छी बात यह है कि यह आपको बाजार के उतार-चढ़ाव से निपटने में मदद कर सकता है। अब, क्योंकि आप जो राशि निवेश कर रहे हैं वह बहुत बड़ी नहीं है, इसलिए आपको इसे कहां रखा जाए, इसके बारे में बहुत अधिक चिंता करने की जरूरत नहीं है।

लेकिन सही मिश्रण के साथ शुरूआत करना अभी भी समझदारी है। तो, आप अपने पैसे को दो भागों में विभाजित कर सकते हैं: 90% ऐसे फंड में लगाएं जो आपके पैसे को बढ़ाने के लिए कंपनियों में निवेश करता है, और 10% ऐसे फंड में लगाएं जो आपके पैसे को सुरक्षित रखता है।

अगर आपकी जरूरतों को पूरा करने के बाद, निवेश करने के लिए 1000 रुपये हैं, तो आप अपना पैसा निफ्टी-50 इंडेक्स म्यूचुअल फंड में लगाकर शुरूआत कर सकते हैं।

यह विकल्प बढ़िया है क्योंकि यह आपको एक साथ कई मजबूत कंपनियों का हिस्सा देता है, जिससे यह आपके पैसे को बढ़ाने का एक स्मार्ट और सुरक्षित तरीका बन जाता है!

# नेति, स्वांस रोगों का उपचार

**स्वामी मुक्तरथ**



**कोरोना** वायरस का संक्रमण थमने के नाम नहीं ले रहा। नियमित गरारे और जल नेती करना कोविड 19 की रोकथाम में बहुत उपयोगी साबित हो सकता है। मैंने सैकड़ों लोगों को जिनमें अधिकांश युवा थे नेति कराकर कोरोना के संक्रमण का असर को कम और समाप्त किया है। जापान में मास्क लगाने और हाथ धोने को इंन्फ्लूएंजा नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय दिशानिर्देश में शामिल किया गया, इसी तरह जल नेती और गरारे का कोरोना महामारी में भी व्यक्तिगत रुचि के मुताबिक प्रयोग किया जा सकता है।

जल नेति योग करने के लिए आप सबसे एक नेति पॉट ले, जो आपकी नाक में अच्छे से सेट हो जाए।अब इस नेति पॉट में थोड़ा गर्म यानि गुनगुना पानी (तापमान 38-40 डिग्री सेल्सियस) लें और इसमें एक एक चुटकी नमक मिला लें अर्थात 1 लीटर पानी प्रति 1 चम्मच नमक मिलाएं। ध्यान रखने अधिक नमक को पानी में ना मिलाएं।जल नेति को करने के लिए आप बैठ जाएं और अपने दोनों पैरों के बीच में थोड़ी सी दूरी रखें। अपने मुँह से साँस लेना शुरू करे और अपने सिर को थोड़ा नीचे की ओर झुका लें।

आप जल नेति योग को खड़े होकर और कमर से थोड़ा झुक कर भी कर सकते है।

अब आप पानी से भरे हुए नेति पॉट ले और उसे अपनी दायीं नाक में लगा कर धीरे-धीरे पानी डालें।

बायीं नाक से इस पानी को बाहर निकालते जाएं।

अब फिर से बायीं नाक में नेति पॉट लगा कर पानी डालें और दायीं नाक से अपनी को बाहर निकाले।

ध्यान रखें की पानी धीरे-धीरे और कम मात्रा में डालना हैं।

इस क्रिया आप दोनों नाक से करें आप जल नेति योग को खड़े होकर और कमर से थोड़ा झुक कर भी कर सकते है।

अधिक गर्म पानी का प्रयोग करने से आपके नाक में जलन और दर्द की समस्या उत्पन्न हो सकती है।

जल नेति क्रिया का दौरान अधिक नमक का प्रयोग करने से आपकी नाक में जलन हो सकती है जिससे आपकी नाक से खून भी निकल सकता है।जल नेति तकनीक में खराब पानी या संक्रमण वाला पानी प्रयोग करने से आपकी नाक में भी संक्रमण का खतरा बढ़ जाता हैं।अधिक नमक के प्रयोग से या अधिक अवधि तक जल नेति क्रिया को करने से आपकी आँखों और कानों में भी दर्द हो सकता हैं।

(लेखक योग विशेषज्ञ हैं और सत्यानंद योग मिशन रिखिया आश्रम देवघर से जुड़ें हैं।)

# लहसुन की चाय



**मिताली जैन**

**हेल्थ** एक्सपर्ट बताते हैं कि लहसुन की चाय कोलेस्ट्रॉल कम करने में मदद करती है। जिसके कारण यह मधुमेह से जुड़े अन्य स्वास्थ्य जोखिमों को कम करता है।

लहसुन जिसका इस्तेमाल लगभग हर भारतीय किचन में किया जाता है, सदियों से अपने औषधीय गुणों के कारण स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी मानी जाती रही है। अमूमन घरों में लोग इसे कई तरीके से इस्तेमाल करते हैं। वैसे अगर किसी व्यक्ति को हाई ब्लड शुगर या हाई ब्लड प्रेशर की समस्या है तो उन्हें अपनी रेग्युलर चाय को लहसुन की चाय से स्विच कर देना चाहिए।

**कम करे अमीनो एसिड होमोसिस्टीन**

हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, अगर आप लहसुन की चाय का सेवन करते हैं तो इससे अमीनो एसिड होमोसिस्टीन को नेचुरली कम होता है। यह मधुमेह रोगियों के लिए एक बड़ा जोखिम कारक है। इस प्रकार लहसुन की चाय आपके स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव डालती है।

**बेहतर प्रतिरक्षा तंत्र**

हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, किसी भी बीमारी से लड़ने के लिए शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली का मजबूत होना आवश्यक है। इस लिहाज से भी लहसुन की चाय आपके लिए लाभदायक है। यह एक शक्तिशाली एंटीबायोटिक पेय है, जो आपके संपूर्ण स्वास्थ्य और प्रतिरक्षा में सुधार करता है। इसके अलावा, लहसुन में विटामिन सी होता है, जो हमारी प्रतिरक्षा को बढ़ाने में मदद करता है और हमारे अंगों को कार्यशील और स्वस्थ रखता है।


**लक्षणों को करे कम**

मधुमेह शरीर में सूजन या इंफलेमेशन पैदा कर सकता है, जिसे लहसुन कम करने में मदद कर सकता है। इसलिए मधुमेह होने पर आपको लहसुन की चाय का सेवन अवश्य करना चाहिए।

**रक्त शर्करा का स्तर कम**

यह लहसुन की चाय का एक सबसे बड़ा लाभ है। लहसुन के सेवन से टाइप 2 मधुमेह से पीड़ित लोगों में रक्त शर्करा के स्तर को कम करने में मदद मिलती है।

# नेचुरोपैथी से ठीक होते हैं रोग



**प्राकृतिक** चिकित्सा में कोई औषधि नहीं दी जाती, बल्कि यह भोजन और प्राकृतिक उपचारों की मदद से बीमारियों को जड़ से ठीक करती है। यह कहना है इलाज में वैकल्पिक चिकित्सा की भूमिका और प्राकृतिक चिकित्सा के बारे में लोगों को जागरूक कर रही श्रुति गंभीर का। श्रुति ने कहा कि वह मरीजों की उम्र, शारीरिक स्थिति और बीमारी के अनुसार, आहार संबंधी सलाह देती हैं और प्राकृतिक उपचार प्रदान करती हैं। इसमें डिटॉक्स मसाज, मड थेरेपी और हाइड्रोथेरेपी जैसे भाप स्नान, शिरोधारा, गर्म पैर स्नान, कूल्हे का स्नान, गर्म व ठंडा सेक शामिल है।

आरोग्य धारा प्राकृतिक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र की संस्थापक श्रुति ने मीडिया को उपचार प्रणाली के बारे में जागरूक करने के लिए प्राकृतिक चिकित्सा और इसके विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने पंचकूला में एक नया केंद्र खोलने की घोषणा की। श्रुति गंभीर मधुमेह और जीवनशैली संबंधी पुराने रोगों की विशेषज्ञ हैं। इसके अलावा, वह एक योग प्रशिक्षक, सुजोक व एक्यूप्रेशर थेरेपिस्ट और रेकी हीलर भी हैं। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा में काफी समानता है। अंतर केवल इतना है कि प्राकृतिक चिकित्सा में उपचार के लिए मिट्टी चिकित्सा और जल चिकित्सा भी शामिल है। प्राकृतिक चिकित्सा में कोई दवा नहीं दी जाती, बल्कि भोजन को ही औषधि माना जाता है। औषधियों के अभाव में किसी तरह का दुष्प्रभाव या खतरा भी नहीं होता।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# यूरिक एसिड पर कंट्रोल करेंगे ये फ्रूट्स

**अभय कुमार सिंह**



**शरीर** में यूरिक एसिड का उच्च स्तर गठिया जैसे विभिन्न स्वास्थ्य मुद्दों का कारण बन सकता है। वहीं, संतुलित आहार खाना बेहद आवश्यक होता है जिसमें काबोर्हाइड्रेट, प्रोटीन, अच्छे और स्वस्थ फैटी एसिड, विटामिन और खनिज जैसे सभी आवश्यक पोषक तत्व शामिल होते हैं।

यूरिक एसिड रक्त में पाया जाने वाला एक रसायन है जो तब बनता है जब आपके शरीर में प्यूरीन नामक पदार्थ टूटता है। प्यूरीन मटर, पालक, मशरूम, सूखे सेम और यहां तक कि बीयर जैसे खाद्य पदार्थों में पाया जाता है। शरीर में यूरिक एसिड का उच्च स्तर गठिया जैसे विभिन्न स्वास्थ्य मुद्दों का कारण बन सकता है। वहीं, संतुलित आहार खाना बेहद आवश्यक होता है जिसमें काबोर्हाइड्रेट, प्रोटीन, अच्छे और स्वस्थ फैटी एसिड, विटामिन और खनिज जैसे सभी आवश्यक पोषक तत्व शामिल होते हैं। रक्त में उच्च यूरिक एसिड स्तर से पीड़ित लोगों को सही और स्वस्थ खाद्य पदार्थ लेने में थोड़ी मुश्किल होती है, जिन्हें वे अपने आहार में शामिल कर सकते हैं।

बेरीः बेरीज जैसे स्ट्रॉबेरी, ब्लूबेरी, रास्बेरी में एंटीथोकायनिन नामक पदार्थ से बने एन्टीइनफ्लैमटरी गुण होते हैं। यह विशेष पदार्थ उच्च यूरिक एसिड के स्तर को कम करने में फायदेमंद और सहायक हैं। यह यूरिक एसिड को क्रिस्टलीकरण करने और जोड़ों में जमा होने से रोकता है जो बाद में संयुक्त दर्द को जन्म दे सकता है। साथ ही, इनमें फाइबर की मात्रा अधिक होती है जो रक्त में यूरिक एसिड को कम करने में मदद करता है।

चेरीःशरीर में यूरिक एसिड के उच्च स्तर से पीड़ित लोगों के लिए सही प्रकार के फलों को चुनना यूरिक एसिड के स्तर को बनाए रखने में मदद कर सकता है। यह हमेशा सुझाव दिया जाता है कि शरीर में यूरिक एसिड के बढ़े स्तर से पीड़ित होने पर आहार में किसी भी खट्टे फल को शामिल न करें। चेरी खाने का एक और कारण है कि वे एसिड को बेअसर कर देते हैं और सूजन और दर्द को रोकने में मदद करते हैं।

सेबःअपने आहार में सेब को शामिल अवश्य करें। चूंकि सेब मैलिक एसिड से समृद्ध होते हैं इसलिए वे रक्त प्रवाह में यूरिक एसिड को बेअसर करते हैं। इससे उन रोगियों को राहत मिलती है जो उच्च यूरिक एसिड की स्थिति से पीड़ित हैं।

ककड़ी और गाजरः अगर आपके शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा अधिक है तो गाजर और खीरा स्वास्थ्य इसके लिए बहुत अच्छा माना गया है।

गाजर एंटी-ऑक्सिडेंट में बेहद समृद्ध हैं जो एंजाइम के उत्पादन को नियंत्रित करने में अच्छा होता है। अपने उच्च फाइबर सामग्री के कारण, वे यूरिक एसिड सामग्री को शरीर से बाहर निकालने में भी सहायक होते हैं।

कॉटून वर्ल्ड

**अफगानिस्तान में औरत की जिंदगी**



साभारः कॉटून मूवमेंट डॉट काम

## स्पीड न्यूज

### कर्बला मैदान में निकला जुलूस



**रामगढ़।** मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शनिवार को हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में मुहर्रम मनाया। शहर के कर्बला मैदान में विभिन्न अखाड़ों की ओर से आकर्षक ताजिया के साथ जुलूस निकाला, जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए। जुलूस में लोग आकर्षक कर्तब दिखाते चल रहे थे। मुहर्रम को देखते हुए पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के मुख्ता इंतजाम किये गए थे और सभी प्रमुख चौक चौराहों पर सुरक्षाबलों को तैनात किया गया था। पुलिस प्रशासन जुलूस के दौरान पूरी तरह से मुस्तैद नजर आयी।

### कुजू में धूमधाम से मना मुहर्रम



**कुजू।** कुजू कोयलांचल व आस-पास के क्षेत्रों में मुहर्रम पर्व धूमधाम से मनाया गया। अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमिन कमिटी दिगवार ने चौक स्थित अखाड़ा में लाठी प्रतियोगिता किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ तिरंगा झंडा फहराकर किया गया। इसके उपरांत प्रतियोगिता में शामिल छोटे- बड़े प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज खेल का प्रदर्शन कर लोगों को हतप्रभ कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष जिब्रील अंसारी व संचालन मो अतहर ने किया. तत्पश्चात खेल की समाप्ति के बाद मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा तजिये के साथ भव्य जुलूस निकाला गया. इधर कुजू आजाद बस्ती में भी भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस आजाद बस्ती प्रारंभ होकर केबीगेट, कुजू चौक, ट्रांसोर्ट नगर होते हुए करबला जाकर समाप्त हो गया। इसके अलावे तोपा, आरा, करमा आदि स्थानों में भी मुहर्रम पर्व मनाया गया। मौके पर काफी संख्या में दोनों समुदाय के लोग शामिल थे।

### चितरपुर में निकला विशाल जुलूस



**रजरप्पा।** बड़कीपोना मुखिया अरविंद कुमार सिंह मुहर्रम के ताजिया जुलूस में शामिल हुए। इस दौरान मुखिया ने आपसी सौहार्द के साथ पंचायत के विकास में एकता का परिचय देने का उन्होंने आह्वान किया। श्री सिंह ने कहा कि पंचायत के लोग यहां हिन्दू-मुस्लिम एकता का परिचय हमेशा देते आ रहे हैं। इससे पूर्व यहां पहुँचे मुखिया को कमेटी के लोगों द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया. वही स्थानीय खिलाड़ियों ने लाठी, तलवार, फरसा, बल्लम सहित अन्य पारंपरिक अस्त्र शस्त्रों से एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज प्रदर्शन किया. इधर, चितरपुर के विभिन्न जगहों पर ताजिया के साथ विशाल जुलूस निकाला गया। मौके पर शहादत हुसैन, गुलाम सरवर, अमृत कुमार, रामध्यानी राम दांगी, लालदेव महतो, मनोज पासवान, हाजी रबानी, सिबतन अब्दुल्लाह, ईनाम, तबरेज, शेखावत, विक्की, मुबारक, मुमताज, निर्मल कुमार, सदानंद रविदास, एकराम, इरफान, शोभा मुंडा, तेसाम, हैदर, कुर्बान, रफीक, सफीक, सरफराज, बकाउल्लाह सहित अन्य मौजूद थे।

### युवक लापता, थाना में मामला दर्ज

**कुजू।** पुत्र की गुमशुदगी लेकर छोटकी डूंडी पंचायत के बड़की डूंडी निवासी लक्ष्मण महतो ने कजू ओपी में आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि उनका 19 वर्षीय पुत्र विकास कुमार पिछले करीब एक पखवारे से लापता है। उन्होंने कहा कि 16 जुलाई को करीब नौ बजे घर से दतुवन लेकर निकला था। लेकिन देर शाम तक वह वापस घर नहीं आया। आस-पास काफी खोजबीन किये जाने के बावजूद भी उसका कुछ पता नहीं चल पाया। उन्होंन पुलिस से खोजबीन करने की गुहार लगायी है।

### अंबेडकर भवन में सावन महोत्सव आज

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** माली-मालाकार कल्याण समिति रामगढ़ जिला के तत्वधान में सयाल अंबेडकर भवन परिसर में रविवार को सुबह 11 बजे से सावन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए समिति के उदय मालाकार ने उक्त कार्यक्रम में समाज के तमाम महिला-पुरूषों से उपस्थित होने की अपील की उन्होंने कहा है कि समाज के लोग अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सावन महोत्सव को सफल बनाएं।

### सिदो-कान्हू युवा खेल क्लब गठन को लेकर सदस्यता अभियान शुरू



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बुधबाजार दोतल्ला पंचायत में मुखिया सत्यवंती देवी के नेतृत्व में ग्राम स्तरीय सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब का गठन को ले शनिवार को 18 से 40 वर्ष तक के महिला-पुरुषों के लिए सदस्यता अभियान की शुरूआत की गई। मुखिया सत्यवंती देवी ने ग्रामीणों को बताया कि पंचायत में ग्रामसभा कर 25 सदस्यीय अस्थाई समिति का गठन किया गया है, जो पूरे ग्राम पंचायत में घर-घर जाकर 18 से 40 वर्ष के युवा युवतियों तथा महिला-पुरुषों को सदस्य बनाएंगे। सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब के समस्त सदस्यों को उनके कार्य क्षमता के अनुसार खेल, कला, संस्कृति एवं रोजगार सरकार की ओर से प्रशिक्षण तथा कौशल विकास का कार्य उपलब्ध कराया जाएगा। सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब के समस्त सदस्य 5 अगस्त को ग्राम पंचायत स्तरीय सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब का स्थाई समिति का गठन 3 वर्ष तक के लिए होगा।

# बरही में मुहर्रम शांतिपूर्वक संपन्न

## दर्जनों अखाड़े के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरही।** बरही सहित आसपास के क्षेत्रों के मुस्लिम धर्मावलंबियों ने मुहर्रम पर्व को शांति व सौहार्द के साथ सम्पन्न किया। आज के दिन ही हजरत हुसैन शहीद हुए थे। उनके शहीद की याद में मुहर्रम पर्व मनाया जाता है। हजरत हुसैन शहीद होकर यजीद के नपाक इरादे को बर्बाद कर दिया था और इंसानियत के परचम को ऊँचा रखा था। हजरत हुसैन की शहादत को गमगीन याद में लोगो ने आंसू भरे मन से विदाई दिया। साथ ही उनके कष्ट भरे जीवन को अपने मूलरूप में अनुभव करते हुए और इमाम के घोड़े के रूप में पैकवाहा बनकर सारे नगर में बने इमाम के चौके में झूमते नजर आयें।

हजरत इमाम हुसैन की शहादत के अवसर बरही प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के लगभग दर्जनों अखाड़े और उनके खिलाड़ी अपना खेल का प्रदर्शन किये। प्रदर्शनकारी क्लबों ने अनेकों किस्म की मिसाइल बनाकर प्रदर्शन किया। इसे देखने के लिए काफी संख्या में हर क्षेत्र के लोग भारी तादात में पहुंचकर खेल व झांकी का आनंद उठाया। इस अवसर पर इमाम हुसैन, या अली के नारे की धूम रही। दसवीं के दिन क्लब के सारे झाकियां व ताजिया रोड चौराहे के चारों तरफ घूमकर आकर्षक प्रदर्शन किया। इस पर्व को मुस्लिम हिन्दू मिलकर बड़ी सौहार्द के साथ मनायें। जिसको देखकर लोगों को लगा कि बरही में हिन्दू व मुस्लिम के बीच एकता एक मिसाल है। समाजसेवियों द्वारा पब्लिक सेवा के लिए कई स्थानों पर स्टॉल की व्यवस्था की गई थी। प्रमुख स्टालों में लोगों को मुफ्त शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।स्थिति को देखते हुए बरही प्रशासन द्वारा सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया था। बरही चौक स्थित प्रशासनिक स्तर के पदाधिकारी बैठक कर स्वयं निगरानी कर रहे थे। मौके पर बरही एसडीओ पूनम कुजुर, एसडीपीओ नाजिर अख्तर, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, बरही पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह मौजूद थे। कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, सामाजिक कार्यकर्ता भगवान केशरी, रसोइया धमना मो तस्लीम, मो तौकीर रजा, मो वारिस अंसारी, मो ताजुद्दीन, मो तैयब, मो सागिर, रिजवान अली, मो कलीम, मो तबरेज अंसारी, आजाद हुसैन, मो कमाल, जियाउद्दीन सहित अन्य लोग शामिल थे। बताते चलें कि गांगुली निषाद, गणेश निषाद, संदीप निषाद, दीपू निषाद, शिवा निषाद, हरि निषाद भी मल्लाहटोली में तजियां उठाकर सामाजिक समरसता का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। वें लोग लगभग कई वर्षों से तजियां उठा रहे हैं।लोगों का मानना हैं कि मल्लाह टोली में हिन्दू-मुस्लिम भाई आपस में मिलकर गंगा-जमुना के तहजीब को प्रस्तुत करते हैं। मौके पर कमल शंकर पंडित, सचिव दिनेश राणा, सागर कुमार, प्रभु यादव, अनिल साव, मोहम्मद बेलाल, मोहम्मद इस्लाम, मोहम्मद मिनहाज सहित दोनों समुदाय के अन्य लोग उपस्थित रहे।

# कोयलांचल में आकर्षक ताजिया के साथ निकला विशाल जुलूस

## लाठी और तलवार से दिखाये हैरतअंगेज करतब

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर और बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को मुहर्रम का पर्व शांतिपूर्वक माहौल में भाईचारगी के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आकर्षक ताजिया के साथ विशाल जुलूस निकाला गया।

जुलूस में लोगों ने पारंपरिक लाठी, तलवार सहित अन्य हथियारों के साथ हैरत अंगेज करतब भी दिखाए। जुलूस में लोग या अली या हुसैन के नारे लगा रहे थें। इस दौरान मुस्लिम धमार्लंबियों द्वारा जगह-जगह अस्त्र-शस्त्र करतब दिखाया गया।

साथ ही तकबीर नारे रिशालत की गगनचुंबी नारे भी लगाए गए। सभी अखाडे.भुरकुंडा थाना चौक में जमा हुए। इस दौरान खिलाड़ियों ने हैरतअंगेज खेल का प्रदर्शन किया। जुलूस बिरसा चौक, मस्जिद कॉलोनी, भुरकुंडा बाजार, थाना चैक, हॉस्पीटल कॉलोनी होते हुए वापस थाना चैक पहुंचा। कोयलांचल के भुरकुंडा, सौन्दा डी, उपर धौडा सहित अन्य जगहों से मुहर्रम का जुलूस निकाला गया। इधर, बिरसा चैक भुरकुंडा स्थित गांधी नगर में शांतिपूर्वक माहौल में भाईचारगी के साथ मुहर्रम का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर आकर्षक ताजिया के साथ भव्य जुलूस निकाला गया। इसमें सैंकड़ों मुस्लिम धमार्वावलंबी शामिल हुए।

### डीसी ने किया कई क्षेत्रों का निरीक्षण



**रामगढ़।** मुहर्रम के शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण आयोजन के मद्देनजर शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे, अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन सहित अन्य अधिकारियों के साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। मौके पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक में विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित जुलूस के दौरान लोगों से सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने एवं अन्य आवश्यक सावधानियां बरतने की अपील की। वहीं, उन्होंने पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन के मद्देनजर संयुक्त जिला आदेश के तहत प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों व पुलिस बल के जवानों को हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### कटकमदाग में महिला की पत्थर से कूच कर हत्या



**कटकमदाग।** कूदे वार्ड नंबर 24 की रहने वाली एक महिला की शुक्रवार रात निर्मम हत्या कर दी गई। मृतक महिला की पहचान मुनिया देवी (40 साल) पति राजू रविदास के रूप में हुई है। शव देखकर लोगों ने आशंका जताई है कि महिला के साथ पहले दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया है उसके बाद उसकी हत्या की गई है।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ स्पष्ट हो सकेगा। बताया जा रहा है कि महिला बगल के ही घर में छठी का उत्सव में गई थी और रात करीब 10:00 बजे वापस लौट रही थी। इसी दौरान घटना को अंजाम दिया। महिला का पति राजू रविदास मजदूरी करता है।

**घटना को लेकर लोगो में आक्रोश :** घटना को लेकर लोगों में काफी आक्रोश है। घनी आबादी के बीच इतनी बड़ी घटना हो जाने से लोग सहमे हुए हैं। स्थानीय लोग इसे प्रशासन की नाकामी बता रहे हैं। वहीं प्रशासन से जल्द से जल्द हत्यारों को पकड़कर फांसी की सजा की मांग कर रहे हैं।कटकमदाग थाना प्रभारी डीके प्रजापति घटना की जानकारी के पश्चात तुरंत घटना स्थल पहुंचे और वहां मिले साक्ष्य को जांच के लिए इकट्ठा कर फोरेंसिक लैब भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि जल्द ही मुजरिम को गिरफ्तार किया जायेगा।

# जमीन विवाद में मारपीट, पांच घायल

## घायल का आरोप, रंगदारी नहीं देने पर की गयी पिटाई

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग/पदमा।** पदमा प्रखंड में सूर्यपुरा निवासी बसंत सोनी पिता गोविन्द प्रसाद व उनके भाइयो की जमीन विवाद में उसी गांव के लालो महतो व उसके लोगो द्वारा मारकुटाई कर दी गयी जिसमे बसंत व उनके बड़े भाई व भतीजे सहित पांच लोग घायल हो गए। घायलवस्था में परिजनों द्वारा उन्हें हजारीबाग सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इस मामले पर खबरमन्त्र के हजारीबाग संवाददाता से उन्होंने बताया कि वे लोग इंद्रा आवास बनाने को लेकर अपने जमीन में लेआउट कर रहे थे। इसी दौरान लालो महतो व अन्य लोग उनके पास पहुंचे और लेआउट करने के एवज में 5 लाख की रंगदारी मांगी। कहा कि अगर ये रुपये नहीं दोगे तो इंदिरा आवास बनाने नहीं देंगे। आरोप लगाया कि पूर्व में भी ५ लाख की रंगदारी की मांग की गयी थी। नहीं देने पर अंजाम भुगतने की बात कही गयी थी। आज अचानक ये लोग आ धमके जिसमे लालो के साथ रूद्र प्रसाद, रामप्रसाद मेहता, बालेश्वर मेहता, प्रभु मेहता, कर्ण मेहता व अन्य ने हमलोगो के साथ मारपीट कर दी। साथ ही मेरे सोने का चेन और ईट खरीदने के लिए पॉकेट में रखे 60,000 रुपये भी छीन लिए गए। इस सम्बन्ध में हमलोगो ने थाने को मामले की सूचना दे दी है और इलाज करवा रहे हैं। प्रशासन से गुहार है कि मामले की जांच कर दोषियों को सजा दी जाए। जमीन हमारी, इंद्रा आवास का फण्ड हमारा तो फिर रंगदारी किस बात के लिए दे। इधर इस मामले पर लालो महतो उर्फ अरुणजय ने हमारे पदमा संवाददाता को कहा कि जमीन हमलोगो कि है। बसंत व उनके भाई लेआउट दे रहे थे। हमलोग उन्हें रोकने व समझाने गए थे। वे लोग वाद-विवाद व हाथापाई करने लगे जिसके बाद झगड़ा बढ़ गया। दोनों ओर से लोगो को चोटे आयी हैं। बाकी चेन छिनतई व अन्य बात बेबुनियाद है।

# श्रीदास इंटरनेशनल स्कूल में हुईं कई प्रतियोगिताएं

## शिक्षकों और छात्रों ने नई शिक्षा नीति पर की चर्चा



**बरही।** बरही के देवचन्दा मोड़ में संचालित श्रीदास इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने विद्यालय के शिक्षकों के निर्देशन में पौधारोपण एवं विभिन्न प्रतियोगताओं का आयोजन कर राष्ट्रीय शिक्षा नीति का तीसरा वर्षगाठ मनाया।इसके तहत पौधारोपण, लेखन प्रतियोगिता एवं क्वीज प्रतियोगिता शामिल है। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य रोहित सिंह ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति से शिक्षकों, बच्चों एवं अभिभावकों को अवगत कराते हुए कहा कि एनईपी 2020 के अनुसार, स्कूल शिक्षा का यह चरण महत्वपूर्ण सीखने के उद्देश्यों पर ध्यान केंद्रित करेगा, जो वर्षों से हमारी शिक्षा प्रणाली में उपयोग किए जाने वाले रटकर सीखने के तरीकों से एक बड़ा बदलाव है। यह चरण विज्ञान, गणित, कला, सामाजिक विज्ञान और मानविकी में अनुभवात्मक शिक्षा पर काम करेगा। पहली शिक्षा नीति 1968 फिर दूसरी शिक्षा नीति1986 में एवं तीसरी बार 2020 शिक्षा नीति में बदलाव हुआ है। नई शिक्षा नीति 2020 का उद्देश्य भारत के युवाओं को समावेशी और समान गुणवत्ता वाली शिक्षा सुनिश्चित करना है। यह भारत की तीसरी सदी की पहली शिक्षा नीति है जो कि योजनाबद्ध और चरणबद्ध तरीके से पूरे देश में लागू की जा रही है। जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार आएगा और बच्चे भी अच्छी शिक्षा प्राप्त करके अपना जीवन उज्जवल बना पाएंगे। इस योजना का मुख्य उद्देश्य है कि बच्चों में तकनीकी तथा रचनात्मक के साथ-साथ शिक्षा का महत्व समझे तथा अपने आने वाले कल के लिए पूर्ण रूप से तैयार हो सके। जिससे उनके अंदर सशक्तिकरण व मनोबल बना रहे। नई शिक्षा नीति नई का मुख्य सिद्धांत शिक्षा को लचीला बनाना, सभी बच्चों की क्षमता की पहचान एवं क्षमता का विकास करना, साक्षरता और संख्यात्मकता के ज्ञान को बच्चों के तहत विकसित करना, भारतीय संस्कृति से बच्चों को जोड़ना, शिक्षा नीतियों में पारदर्शिता लाना, बच्चों को सुशासन का ज्ञान प्रदान करना एवं उनका सशक्तिकरण करना।

तकनीकी यथासंभव उपयोग पर अधिक जोर देना और अनेक प्रकार की भाषाएं सीखना एवं बच्चों की सोच को रचनात्मक बनाना और तार्किक करना है। इस प्रतियोगिता में जिन बच्चों ने भाग लिया उसमें अवनी सिंह, शिवम, छवि, उपासना, सिमरन, तमन्ना, हिमांशु, ज्योति, प्रिंसी, के साथ साथ कई बच्चों और शिक्षकों ने भी अपनी भूमिका निभाई।

## एक नजर में

### बहेरा पंचायत का पूर्ण विकास होगा : मुखिया



**चरही ।** शनिवार को बहेरा पंचायत के मांझी टोला में ग्राम सभा हुई। जिसकी अध्यक्षता मुखिया देवकी महतो ने किया। श्री महतो ने कहा कि बहेरा पंचायत में पूर्ण विकास किया जायेगा। तथा ग्रामीण समस्याओं तत्काल निराकरण किया जायेगा।और समस्याओं को हल भी किया जा रहा है।इस बैठक में ग्रामीणों के द्वारा जलमीनार,रोड,घाट आदि योजनाओं पर प्रस्ताव लाया गया।इस मौके पर बिरसा टुडू,ललन प्रसाद,लालू मांझी,शांति देवी,आशा मुर्मू,सुनीता देवी,आशा देवी,चेतो मांझी,राजेंद्र सोरेन,मिहीलाल मांझी,मनोज मांझी, सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### बरही : सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**बरही।** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत जवाहर घाटी पुल के पास मोटरसाइकिल संख्या जेएच 02 एएम 6577 में अज्ञात वाहन ने पीछे से धक्का मारकर फरार हो गया। इस दौरान मोटरसाइकिल चालक आशीष कुमार उम्र 27 वर्ष पिता भवानी महतो ग्राम चानो थाना मुफ्फसिल की मृत्यु हो गई। जिसका शव का पोस्टमार्टम हेतु शेख भीखारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग भेजा गया। उनके परिजनों को सूचित किया गया है। उक्त जानकारी पुनि सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने दी।

### चरही में मुहर्रम धूमधाम के साथ संपन्न

**चरही।** चुरचू प्रखंड के चरही, कजरी, करीमगंज, पिपरा, प्रेमनगर,परेज,इंद्रा,जरबा,बासाडीह हरहद सहित कई क्षेत्रों में मुस्लिम धर्मावलंबियों का पर्व मुहर्रम विधिवत मनाया गया।ताजिया को पूरे क्षेत्र में भ्रमण कराया गया।हिंदु सहित अन्य धर्मावलंबियों के लोगों ने आगे बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।और ताजिये को स्वागत किया।अपने-अपने क्षेत्रों में बने अखाड़ों पर दोनों समुदाय के लोगों ने अपना कर्तव्य को दिखाया।जिला और पुलिस प्रशासन के लोग सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी पल-पल लेने में लगे हुए थे।स्थानीय पुलिस प्रशासन मुस्तैदी के साथ शरारती तत्वों के प्रति नजर रखे हुए थी।शनिवार शाम को बड़े ताजिये को इमाम बाड़ा से उठाकर पुन:चरही भ्रमण कराया गया।अखाड़े पर कर्तव्य दिखाने के बाद ताजिये को गाजे-बाजे के साथ सोमवार बाजारटांड स्थित मजार ले जाया गया।जहां पर विधिवत फातिया पढ़कर इस पर्व को संपन्न किया गया।मौके पर मिनहाज अंसारी, सेराज अंसारी,मोहसिन अंसारी,मो.नसीम अंसारी,मो. कमरुद्दीन अंसारी,रहमत अंसारी, जफरुद्दीन अंसारी,अयूब अंसारी,आलम अंसारी,मो.सैयद केशर,सिफायत अंसारी,नसीम अंसारी,जिप सदस्य बासुदेव करमाली,प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक,सत्येन्द्र नारायण सिंह, मुखिया देवकी महतो,राधिका देवी,गौतम कुमार सिंह,शमशेर आलम,शौकत अली,इम्तियाज अंसारी,बॉबी करीम,मकबूल अंसारी,मो.अफजल,साजिद अंसारी,मो.एहसान अंसारी,फराज करीम सहित दोनों समुदाय के लोग शामिल थे।

### दारू में शांतिपूर्वक निकला मुहर्रम का जुलूस

**दारू।** दारू प्रखंड मे धूमधाम से और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया गया मोहर्रम का त्यौहार।दारू प्रखंड के पिपचो, जबरा, भटबीघा, पेटो, हरली, कवालु, रामदेव खैरिका, जिनगा, कबिलासी,मेड़कुरी, पुनाई में शांतिपूर्ण तरीके से तजिया के साथ जुलूस निकाला गया । दारू पंचायत के मुखिया सुनील कुमार को भट्टबीघा के अखाड़े के लोगो द्वारा पगड़ी पहनाकर कर सम्मानित किया गया। मोहर्रम में हजरत इमाम हसन हुसैन की सच्चाई के प्रति बलिदान की याद में मुहर्रम पर्व दारू प्रखंड में शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया गया। कबिलासी पंचायत में दोनों समुदाय के लोगो ने आपस मे मिलकर तजिया के साथ जुलूस निकाल कर लाठी भांजी । अखाड़ों में युवाओं ने एक से बढ़कर एक खेल दिखाकर अपनी कला कौशल का प्रदर्शन किया। मोहर्रम के जुलूस को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। मुहर्रम पर्व शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में अकीदत के साथ मनाया गया। हर अखाड़े के साथ सैकड़ों लोग उत्साह बढ़ाने को चल रहे थे। अखाड़ों में प्रशासन की गाइडलाइंस के अनुसार मुस्लिम समुदाय के युवाओं और बुजुर्गों ने लाठी, डंडों और पारंपरिक हत्यारों से एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज करतब दिखाया। प्रखंड के ग्राम भट्टबीघा कबीलासी, मोकात्मा ,जबरा , पिपचो ,सहित अन्य गांव में ताजिया के साथ जुलूस निकली गई। जुलूस को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए जगह-जगह पुलिस बल मौजूद रहा। थाना प्रभारी अमित कुमार के नेतृत्व में सहित सशस्त्र बल के जवान अखाड़ों का भ्रमण करते रहे।

### बड़कागांव प्रखंड में शांतिपूर्वक मना पर्व

**बड़कागांव।** मुहर्रम का पर्व प्रखंड में धूमधाम से शांति पूर्वक मनाई गई। प्रखंड के बड़कागांव, बादम,चोपदार बलिया,महुदी ,महुगाई कला, सिरमा छवनिया, पंडरिया,चंदौल,डाड़ी कला,चेपा खुर्द, नगड़ी, सीकरी, मिजार्पुर,अलगडीहा, नापो खुर्द आदि गांव में मुहर्रम का पर्व मनाई गई। एक से बढ़कर एक ताजिया निकाली गई। खिलाड़ियों के द्वारा हैरतअंगेज करतब दिखलाया गया वही लोगों का मन मोहा। मुहर्रम पर्व को लेकर मुस्लिम धर्मावलंबियों ने देर शाम अपने निकटतम कर्बला पहुंचकर मिट्टी ठंडा किया। मोहर्रम को शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से जगह-जगह पर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल तैनात किए गए थे। नव प्रोन्नत आईपीएस अमित कुमार सिंह, बीडियो जितेंद्र कुमार पांडे, इंस्पेक्टर अनिल कुमार ,थाना प्रभारी विनोद तिर्की,पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, 20 सूत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम,मजिस्ट्रेट मार्केटिंग अफसर रवि रंजन ,कनीय अभियंता जय प्रकाश चौधरी, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार,मुखिया तकरीमुल्लाह खान ,जानेसार आलम, मोहम्मद शहंशाह ,पसस कृष्णा राम, मोहम्मद मुकीतुल्ला, अली रजा, खुर्शीद आलम ,शमशेर आलम, असीम अरशद, मोहम्मद साबिर, मोहम्मद इब्राहिम,संजर इमाम,मोहम्मद हुसैन, वसीम फिरोज के अलावा कई लोग शामिल हैं।

### बीमारी से 300 से अधिक बकरे- बकरियों की मौत

**दारू।** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों बकरे बकरियों के बीच एक गंभीर बीमारी फैल गयी है जिससे अबतक क्षेत्र के लगभग 300 बकरे और बकरियों की मौत हो गयी है । इनकी इतनी बड़े पैमाने पर मौत होने से इनके पालकों के ऊपर काफी परेशानी आ पड़ी है। प्रखंड क्षेत्र के कबलासी, मेडकुरी, इरगा, हरली और दिगवार पंचायत में यह बीमारी बहुत तेजी से फैल चुकी है ' कबलासी पंचायत के गाड़ीसाड़म बस्ती में सिर्फ अबतक 150 से अधिक बकरियों की मौत हो चुकी है। यह मौत संतोष पासवान, शंकर राणा, भीखा महतो, कबूतरी देवी, शीला देवी, पति ठाकुर, राजेश राणा, मनोज महतो, जाकिर हुसैन, लाल मोहम्मद, शीबा महतो, दिलीप कुमार आदि दर्जनों अन्य लोगों के घरों में हुई है। यहाँ एक एक घरों में चार से पांच बकरियों की मौत हो चुकी है। दारू प्रखंड के पशु चिकित्सक विमला कुमारी और महेश कुमार ने बताया कि इस बीमारी को पीपीआर कहते है जो बकरे बकरियों में बरसात के समय होती है । बरसात में हरे हरे घांस होते है जिनमे कीड़े भी मौजूद रहते है पशु घांस के साथ इन कीड़ो को भी खा जाते है जिससे यह बीमारी फैलती है । इस बीमारी का लक्षण बुखार आना, खाना पीना बंद कर देना और पानी गाला से अंदर नहीं जाता है । यह बीमारी लगने के तीन से चार दिन के अंदर इनकी मौत हो जाती है। इस तरह की बीमारी से यदि बकरियों की मौत होती है तो हमें सूचित करे इसकी रोकथाम के लिए बकरियों को टिका लगाया जायेगा।

### खोपड़िया बाबा धर्मशाला समिति की बैठक

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** इच्छा पुरण बाला जी हनुमान मंदिर सह खोपड़िया बाबा धर्मशाला निर्माण समिति की बैठक शनिवार को सुखदेव राम के आवास पर हुई। इसकी अध्यक्षता संजय अग्रवाल व संचालन परमजीत सिंह धामी ने किया। बैठक में मंदिर मामले को लेकर 31 जुलाई को उपायुक्त कार्यालय रामगढ़ परिसर में होने वाले एक दिवसीय धरना की तैयारियों पर चर्चा की गई। कुछ लोग पुरानी समिति के सदस्यों को धमकान काम कर रहे हैं जिसका समिति घोर निंदा करती है।

# त्याग व बलिदान का पर्व मोहर्रम शांति व सौहार्दपूर्ण संपन्न

## या अली या हुसैन के नारों से गूंजा क्षेत्र, आकर्षक ताजिया व निशान के साथ जुलूस पहुंचा कर्बला





खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिला मुख्यालय और आस पास के क्षेत्रों में त्याग व बलिदान का पर्व मोहर्रम शांति और सौहार्दपूर्ण से सम्पन्न हुआ। बताते चलें कि मोहर्रम का पर्व इमाम हुसैन के कर्बला के मैदान में कुर्बानी और उनकी शहादत को याद कर मनाया जाता है। शनिवार को जलवाबाद, दर्जिचक, पाण्डेयडीह, छतरबर, लोहासिकड सहित अन्य जगहों से आकर्षक ताजिया व निशान निकाले गए। पारम्परिक हथियारों से लैस युवा वर्ग या हुसैन या अली के नारे लगाते हुए ताजिये के साथ चलते हुए स्थानीय गांधी चौक पहुंचे जहां विभिन्न अखाड़ों द्वारा विभिन्न प्रकार के खेल का प्रदर्शन किया गया।

इस दौरान या अली या हुसैन के नारों से पूरा शहर गूंज रहा था। अखाड़ों द्वारा लाठी, भाला, तलवार सहित कई खेल का प्रदर्शन किया गया। बाद में ताजिया और निशान के साथ जुलूस कर्बला पहुंचा। जुलूस का नेतृत्व अखाड़ा कमिटी के जहीर हुसैन, अब्दुल खैर, मो नबीउल्लाह, अनवर अंसारी आदि कर रहे थे। कर्बला में अबुल खैर के नेतृत्व में मुस्लिम धर्मावलम्बियों ने फातिहा पढ़ा और मुल्क की तरक्की खुशहाली की दुआ मांगी। साथ ही सैकड़ों लोगों ने एक साथ इफ्तार किये। मौके पर मो आफताब आलम, मो बबलू, मो एहतेशाम, इम्तियाज अंसारी, अब्दुल राउफ, परवेज आलम, मो राजू, मो मेहताब आलम, मो शमीम, मो शफिक अलाम, बदरुद्दीन सहित भारी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबी मौजूद थे।

**कर्बला में मेले का माहौल :** कर्बला मैदान में मेले जैसा माहौल देखा गया, जहां छोटे छोटे बच्चे, युवतियां व महिलाएं जरूरी सामान खरीदते देखे गए।

**मुस्तैद दिखा प्रशासन :** मुहर्रम को लेकर जिला मुख्यालय व आस पास के विभिन्न चौक चौराहों पर पर्याप्त पुलिस बल के साथ दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी मुस्तैद दिखे।

वहीं स्थानीय गांधी चौक, कर्बला और जुलूस के साथ भी पुलिस प्रशासन मुस्तैदी से जमे दिखे। मुहर्रम को लेकर एक ओर जहां विभिन्न चौक चौराहो पर पुलिस प्रशासन मुस्तैद दिखे तो वहीं दूसरी ओर कोडरमा के नए उपायुक्त मेघा भारद्वाज और एसपी कुमार गौरव के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम जिले के विभिन्न क्षेत्रों में घूम घूम कर विधि व्यवस्था का जायजा लेते दिखे। उपायुक्त व एसपी ने जयनगर स्थित इमामबाड़ा, पिपचो, बगड़ो, डोमचांच बाजार, कोडरमा, जलवाबाद आदि क्षेत्रों का भ्रमण कर मुहर्रम कमिटियों के पदाधिकारियों से मिले और शांतिपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने की अपील की। इस दौरान दोनों अधिकारियों का मुहर्रम कमिटियों के द्वारा स्वागत किया गया।

डीसी और एसपी ने मुस्लिम धर्मावलंबियों को मुहर्रम की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि त्याग और बलिदान का प्रतीक मुहर्रम का त्यौहार भाईचारगी के साथ मनाए। किसी प्रकार की परेशानी होने पर तत्काल इसकी सूचना प्रशासन को दें। वहीं जगह जगह पर तैनात पुलिस पदाधिकारियों और दण्डाधिकारियों को भी कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर एसडीओ सन्दीप कुमार मीणा, एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर, डीटीओ भगीरथ प्रसाद, डीएसई नयन कुमार, गोपनीय प्रभारी जयपाल सोय, प्रखंडों के बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी द्वारिका राम, नगर प्रशासक विनीत कुमार, जितेंद्र कुमार जैसल आदि मौजूद थे।

# हसन हुसैन की याद में मोहर्रम पर निकाला गया जुलूस



खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर के दआसपास इलाके में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने हसन, हुसैन की शहादत को याद करते हुए मोहर्रम पर विभिन्न कमेटियों द्वारा अखाड़ा के साथ-साथ जुलूस शनिवार को निकाला। इस बार जुलूस में पिछले साल की घटनाओं को देखते हुए अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन देखने को नहीं मिला। वहीं झुमरीतिलैया शहर के अयाज नगर, भादोडीह, हसनाबाद, झलपो एवं गूमो बस्ती के अखाड़ा में झांकी के साथ साथ खूबसूरत ताजिया देखने शहर के लोगों को मिला। वहीं विभिन्न अखाड़ा के खिलाड़ियों द्वारा लाठी के हैरत कर देने वाला प्रदर्शन को पेश किया। वहीं मोहर्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर एसपी कुमार गौरव के दिशा निर्देश पर एएसपी प्रवीण पुष्कर के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन पूरी तरह से चौकस दिखे। वहीं झुमरीतिलैया शहर के हृदय स्थल झंडा चौक पर बीडीओ रेशमा डुगडुग, सीओ अनिल कुमार, बाजार समिति सचिव अभिषेक आनंद, तिलैया थाना प्रभारी विनोद कुमार समेत सभी विधि व्यवस्था पर नजर बनाए हुए थे एवं असामाजिक तत्व पर पुलिस की कड़ी निगाहें थी। पेट्रोलिंग गाड़ी से शहर के चारों ओर चक्कर लगा रही थी। इसके अलावा दंडाधिकारी पूरे शहर का भ्रमण कर रहे थे। मौके पर अनवारूल हक, सनोवर वारसी, सिराज खान, गालिब हुसैन, चुन्नू मंसूरी, मो. शाहिद, मो. लड्डुन इसराइल, शेख मोहम्मद, शहजाद सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# मुहर्रम शांति-सौहार्द व भाईचारे के बीच मना



खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** हजरत ईमाम हुसैन की शहादत की याद में मुस्लिम समुदाय द्वारा मनाया जाने वाला मुहर्रम शांति-सौहार्द व भाईचारे के बीच शनिवार को मनाया गया। इस मौके पर नगर पंचायत सहित विभिन्न प्रखंड क्षेत्रों जिसमें नावाडीह, बगड़ो, बगरीडीह, जानपुर, सपही, ढोढाकोला आदि जगहों में ताजिया व अलम का प्रदर्शन किया गया। वहीं जंगी दस्तों द्वारा लाठी, भाला, फरसा आदि का करतब भी दिखाया गया। कई स्थानों के इमामबाड़ों से लोगों ने ताजिया व अलम के साथ नगर व प्रखंड के विभिन्न मार्गो का भ्रमण किया। वहीं डोमचांच महथाडीह के मिल्लत कमिटी व शहीद चौक के अमन कमिटी द्वारा जुलूस निकाला गया एवं विभिन्न प्रकार के खेल व करतब दिखाए गए एवं या हसन-या हुसैन, कर्बला दूर है, जाना जरूर है के नारे से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। प्रखंड व नगर के विभिन्न मस्जिद कर्बला व अन्य संवेदनशील जगहों पर पुलिस बल, पदाधिकारी व दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई थी। साथ ही प्रतिनियुक्त किए गए पुलिस बल पदाधिकारी व दंडाधिकारी को भ्रमणशील रहने का निर्देश दिया गया था। साथ ही जिले भर के चौक चौराहे पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल पदाधिकारी व दंडाधिकारी की तैनाती की गई थी। वहीं थाना प्रभारी अब्दुल्ला खां पूरे थाना क्षेत्रों में घूम-घूमकर विधि-व्यवस्था को देखते रहे। वहीं जुलुश के बाद लोग कर्बला पहुंचकर फातिहा पढ़ी और मुल्क की तरक्की, खुशहाली, मगफिरत और परेशानियों से निजात की दुआऐं मांगी। मौके पर मो. हाकिम, मो. मुन्ना, मो. शमशुल, मो. गोल्डन, मो. वारिश, मो. नसीम, मो. परवेज, कादिर परवेज, परवेज खान, असलम अंसारी, हाजी मुस्लिम अंसारी, मो. सद्दाम, मो. रियाज, मो. मकबूल, मो. साहेब सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## आकर्षक जुलूस के साथ निकाला गया ताजिया



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो समेत नावाडीह, महूंगाय, दरदाही, मुरकमनाय, खेशमी, विंडोमोह, देवीपुर, नादकरी, कर्बला नगर, भोजपुर, शाहगंज, कारीखोखो, बेला, कुंवरडीह, मंगलानगर, पूर्णानगर, नरियायाही, पपलो, दशारो आदि समेत प्रखंड के दर्जनों गांवों में मोहर्रम की दसवीं तारीख को 9 बजे मुहर्रम कमेटियों ने अपने-अपने अखाड़ों से ताजिया जुलूस निकाला जो विभिन्न मार्गो से होते हुए कर्बला मैदान स्थित रैनीटांड पहुंची। जहां शाम को कर्बला में फातिहा के साथ मोहर्रम का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। मौके पर शनिवार को मरकच्चो शाहगंज, दरगाह मोहल्ला, कर्बला नगर के द्वारा आकर्षक जुलूस निकाला गया। वहीं रजा क्लब शाहगंज के द्वारा निकाली गई अखाड़ा मरकच्चो बाजार, बड़ा अखाड़ा होते हुए दरगाह मोहल्ला स्थित सरकारी दरगाह पहुंची, सरकारी दरगाह से सभी अखाड़ा कर्बला स्थित रैनीटांड पहुंची। वहीं रैनीटांड पर दर्जनों अखाड़ा के जांबाज युवा खिलाड़ियों ने बारी-बारी से लाठी, भाला, बाना, तलवार, फरसा का जोखिम भरे खेल का प्रदर्शन किया। यह कार्यक्रम अखाड़ा कमेटी के सदर तौकीर अहमद व जावेद मस्तान की देखरेख में संपन्न हुई। जुलूस में अंचल निरीक्षक डोमचांच अवधेश कुमार सिंह, थाना प्रभारी लव कुमार, विजय कुमार सिंह, रविशंकर सिंह रिंकू, नितिन चंद्र गुप्ता, दीपक कुमार पांडेय, अशोक दास, दिवाकर तिवारी, मो. खलील, विदेशी दास, मनु पांडे, प्रदीप राम, तौकीर अहमद, जावेद मस्तान, महताब आलम, शेखजावेद, मो. नूर आलम, मो. मंजूर आलम, अहमद हुसैन, हाजी बशीर आलम, हाजी रज्जाक अली, मो. शाकिर अली, आजाद शेख, एरकान शाह, मकबूल अंसारी, मो. नाजीश, तोहिद शाह आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### घटिया सामग्री को लेकर सड़क निर्माण बंद कराया

**चतरा।** जिले के जोरी में उप स्वास्थ्य केंद्र जोरी से लेकर चतरा-डोभी मुख्य मार्ग तक बन रहे सड़क को जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने काम बंद करा दिया है। बताया जाता है कि एस्टीमिट के अनुसार कम नहीं करने पर कार्य को रोक लगा दिया है। इस संबंध में प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश यादव व मुखिया मनोज पासवान ने बताया कि सड़क निर्माण चरण महादेव कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा कराया जा रहा है। जो घटिया तरह से बनाया जा रहा है। ऐसे में ग्रामीणों के सहयोग से काम बंद करा दिया है। जब ठेकेदार से एस्टीमिट की मांग किया गया तो दिखाने से इंकार कर दिया। जिसके बाद ग्रामीणों ने काम बंद करा दिया है। यह सड़क चरण कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा बनाया जा रहा है।

### सर्प दंश से एक बच्चे की मौत, एक सदर अस्पताल में भर्ती

**चतरा।** बरसात का मौसम आते ही चतरा में सर्प दंश की घटना बढ़ रही है। शुक्रवार की देर रात को सदर अस्पताल में सर्प दंश के दो मामले आए। जिसमें से एक बालक की मौत इलाज के दौरान हो गई जबकि एक का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। पहली घटना कुंदा थाना क्षेत्र के सिंदरी कोयता गांव की है। जहां पियूष कुमार नामक 7 वर्षीय बालक को सांप ने घर के बाहर डंस लिया। परिजनों ने बताया कि बिना देर किए उसे प्रतापपुर स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए जहां चिकित्सक ने उपचार के नाम पर 2 घंटा बर्बाद किया गया। हालत काफी खराब हो जाने पर उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। मृतक के चाचा भरत यादव ने बताया कि इलाज करने में प्रतापपुर के डॉक्टर ने काफी देर कर दी। सदर अस्पताल आने पर इलाज के दौरान बचाया नहीं जा सका। उन्होंने कहा कि चिकित्सक की लापरवाही के कारण बच्चे की मौत हुई है। ऐसे चिकित्सक के विरुद्ध कार्रवाई होनी चाहिए। दूसरी घटना प्रतापपुर के कठोन गांव में घटी। जहा सांप ने चंदन पासवान नामक युवक को काट लिया। जिसका उपचार सदर अस्पताल में चल रहा है। बताते चलें कि करीब डेढ़ माह में चतरा में 4ड से अधिक सर्प दंश की घटनाएं घटी है। जिसमें एक की मौत हुई है। एक रेफर हुआ है। जबकि शेष 38 का सफल उपचार सदर अस्पताल में किया गया है।

### अफीम के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**सिमरिया।** सिमरिया पुलिस ने शनिवार को दो किलो गीला अफीम के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में विजय गंझू और लीलो गंझू का नाम शामिल है। दोनों पत्थलगडा थाना क्षेत्र के मेरमगड्डा के रहने वाले हैं। पुलिस ने उनके पास से अफीम के अलावा एक स्कूटी, एक मोबाइल फोन और 500 ग्राम अफीम निर्माण में काम आने वाला पाउडर जब्त किया है। एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने प्रेस वार्ता कर बताया कि पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार सभी थाना क्षेत्र में एंटी क्राइम चेकिंग चलाई जा रही है। इस क्रम में बिरहु के पास चेकिंग पोस्ट पर स्कूटी पर सवार दो युवक पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने उन्हें खदेड़ कर पकड़ा। स्कूटी की तलाशी करने के बाद उसके डिक्की में रखे दो किलो अफीम बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि तस्कर खूंटी से अफीम लेकर अपने घर जा रहे थे। चेकिंग अभियान में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के अलावा शीला ओपी प्रभारी रामदेव वर्मा, एएसआई निवास सिंह, विद्यानंद शर्मा और ओपी सशस्त्र बल शामिल थे।

### बिरहोर महिला ने खाया जहर, मौत, पति को काटा सांप, रेफर

**चतरा।** सदर थाना क्षेत्र के सेहदा बिरहोर टोला में पारिवारिक विवाद में एक बिरहोर महिला अकली देवी ने जहर खा लिया। जिसे परिजनों के द्वारा उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं दूसरी ओर जब अकली देवी को अस्पताल लाने के क्रम में ही उसके पति परमदेव बिरहोर को घर के बाहर सांप ने डंस लिया। ऐसे में पत्नी के साथ पति को भी सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। परंतु परमदव की गंभीर होती स्थिति को देखते हुए डॉक्टर अजहर ने उसे बेहतर उपचार के लिए हजारीबाग मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया?। मृतका का देवर कैलाश बिरहोर ने बताया कि वह खाना खाकर रात में सोने जा रहा था। इसी दौरान अकली की बेटी ने आकर बताया कि मम्मी की तबीयत खराब हो गया है और उसके मुंह से झाग निकल रहा है। ऐसे में उसे आनन फानन में उसकी मां के साथ सर्प दंश के शिकार उसके पिता को सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां अकली की मौत हो गई।

# भवनाथपुर में शांतिपूर्ण मना मुहर्रम त्यौहार



**भवनाथपुर।** प्रखंड क्षेत्र मे हजरत इमाम हसन हुसैन की याद में मुहर्रम त्यौहार का जुलूस या हसन या हुसैन के नारे के साथ शांतिपूर्ण ढंग से निकाला गया। जुलूस अरसली उत्तरी, चौरासी, मकरी, पंडरिया, चपरी में निकाली गई। इस जुलुस में तिरंगा झंडा, ताजिया, सिफाड़ निकाली गई। मकरी पंचायत के मैदान मे मिलन के बाद अपना कला दिखा कर लोगों का मनोरंजन किया। प्रखंड के सभी अखाडा कमिटियों का मिलन अपने अपने कर्बला मैदान मे हुआ।

# मुहर्रम त्यौहार शांतिपूर्ण संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड में शनिवार को मुहर्रम का त्योहार शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। बताते चलें कि प्रखंड के विभिन्न गांवों में तजिया को लेकर भव्य जुलूस निकाला गया, जिसमे बासोडीह बाजार में नवयुवकों के द्वारा एक से बढ़कर एक करतब दिखाया गया। वहीं डीजे ढोल नगाड़े के बीच नवयुवकों का उत्साह अपने चरम पर रहा। वहीं शिवपुर, बासोडीह, अंगार, डेबोडीह, मीरगंज, मोदीडीह, समलडीह, माधोपुर आदि गावों में क्या बड़े क्या नवजवान सभी लोगो ने एक से बढ़कर एक स्टंट दिखाया। जिसे देखकर दांतो तले अंगुली दबाने पर लोग मजबूर हो गए। वहीं दूसरी तरफ लाठी डंडों का अद्‌भुत खेल भी दिखाया गया, जबकि सभी अपने अपने क्षेत्रों के कर्बला में जाकर मुहर्रम की समाप्ति की गई। वहीं सतगावां थाना के तरफ से एहतियातन पुलिस बल का पुख्ता इंतजाम था, जबकि बीडीओ वैद्यनाथ उरांव, शेख शकील अहमद जुलूस पर पैनी नजर बनाये रखे थे। मौके पर अजहर रब्बानी, बिनोद यादव, शंकर यादव, नेयाज आलम, फखरुद्दीन अहमद, वकील अहमद,इरफान अहमद, आकिब आलम, मो इनामुद्दीन, मो अजहर आलम, मो इरशाद आलम, मुन्ना मलिक के अलावे सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# लंगरखाने का उद्‌घाटन



उद्‌घाटन करते पूर्व विधायक व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**रमना।** प्रखण्ड मुख्यालय सहित आस-पास के क्षेत्रों में मुहर्रम का त्योहार शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गया। मुहर्रम इंतजामिया कमेटी रमना के तत्वावधान में शनिवर की सुबह ताजिया एवं सिपहड़ के साथ जुलूस निकाला गया।

जुलूस विभिन्न चौक-चौराहो से होते हुए मड़वनिया पंचायत भवन पहुंचा। जहां मड़वनिया, जुडवनिया एवं कबिसा से आये हुए ताजिया का मिलान किया गया।

इस अवसर पर लोगो ने एक से बढ़कर एक करतब दिखाये। इस दौरान या अली, या हुसैन के नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया था। इधर मिलनी स्थल पर आयोजित लंगरखाने का उद्‌घाटन पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, जिप अध्यक्ष शांति देवी, प्रमुख करुणा सोनी, सीओ सतीश कुमार सिन्हा एवं मुखिया स्वीटी वर्मा ने फीता काटकर किया। मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि इंतजामिया कमेटी ने इस कार्यक्रम के माध्यम से पूरे क्षेत्र में शांति और भाईचारे का पैगाम देने का काम किया है। इसके पूर्व सभी अतिथियों को पगड़ी पहनकर स्वागत किया गया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार, पूर्व प्रमुख मृत्युंजय सिंह, पूर्व मुखिया अखिलेश्वर पांडेय, एसडी खान, प्रदीप सिंह, रोहित, अनवर अंसारी, खुर्शीद अंसारी, सूबेदार अंसारी, लबरेज अंसारी, अलीमुद्दीन अंसारी, जाकिर अंसारी, कुतुबुद्दीन अंसारी, आलमगीर आलम, हसनु अंसारी, नेजाम अंसारी, हैदर, हारून आदि उपस्थित थे। इधर बहियार, बुलका, गम्हरिया, टंडवा एवं भागोडीह में भी मुहर्रम का त्योहार शांति पूर्वक मनाया गया। मुहर्रम को लेकर थाना प्रभारी केके कुशवाहा के नेतृत्व में पुलिस पूरी तरह मुस्तैद देखी गयी।

# त्याग और बलिदान के पर्व मुहर्रम पर निकला भव्य ताजिया व अखाड़ा जुलूस



खबर मन्त्र संवाददाता

**कान्हाचट्टी।** त्याग और बलिदान के पर्व मोहर्रम को लेकर जामताड़ा के विभिन्न समितियों द्वारा शुक्रवार को जुलूस निकाला गया। कान्हाचट्टी प्रखंड के चारू, जमरी, बक्सपूरा, आरूगड सहित अन्य कई गांव के जुलूस कर्बला पहुंचा। जुलूस के दौरान या अली या हुसैन के नारों इलाका गूंज उठा। मुहर्रम जुलूस में इस्लाम धर्मावलंबियों के साथ साथ विभिन्न धर्म के लोग भी शामिल हुए। तलवार, भाला, गड़ासा, लाठी सहित आग से कई करतब दिखाए। कहा जाता है कि हजरत इमाम हुसैन अपने परिवार के साथ कर्बला के मैदान में शहीद हो गए थे। इस्लाम को मानने वाले लोग हजरत हुसैन के याद में जुलूस के साथ मैदान-ए-जंग का दृश्य बड़े ही आकर्षक और अनोखे अंदाज में पेश किया। सभी अखाड़ा कमेटियों का मिलन कर्बला मैदान पर हुआ। जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक इंतजाम किए गए थे। थाना प्रभारी भोलानाथ दास, सहित अन्य पदाधिकारी शांति व्यवस्था बनाने में लगे थे। विधि व्यवस्था को लेकर बीडीओ हुलास महतो ने सभी जगहों का जायजा लिया।

## टंडवा प्रखंड में धूमधाम से मना मुहर्रम का त्यौहार

स्ँङ्गः३ङ्ग ६0063



**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र में मुहर्रम का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुहर्रम के त्यौहार में ताजिया एक से एक बनाई गई तत्पश्चात लाठी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कमता , राहम ,टंडवा सराढू गाडिलोंग कसियाडीह, कबरा मिसरोल आदि गांव में मोहर्रम की त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ग्राम कामता में लाठी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सुभाष यादव वीडीओ रंथु महतो, थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ,लाठी खेल प्रतियोगिता का लाठी भांज कर आयोजन की शुरूआत की। जिसमें शोदा ए कर्बला कमेटी शहीद हुसैन राजा कमेटी के बीच लाठी खेल प्रतियोगिता किया गया। जिसमें एक से बढ़कर एक लाठी प्रदर्शन दिखाया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में फैजाने अंजुमन कमेटी कमता और नौजवान कमेटी मोहर्रम ने किया इस मौके पर अमानत हुसैन रोशन अंसारी अजीज अंसारी, अब्दुल सुभान, मनीर आलम, रफीक अंसारी, अफरोज आलम, जियाउल अंसारी, मोबिन अंसारी, फारूक अंसारी, सफीक रजा, समेत अन्य लोग भी उपस्थित थे।

# मुहर्रम पर निकली भव्य ताजिया व अखाड़ा जुलूस

## मोहर्रम कमेटी के लोगों ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों को अंग वस्त्र देकर किया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**


ताजिया जुलूस में उपस्थित लोग

**मनिका।** मनिका प्रखंड क्षेत्र में त्याग और बलिदान के मोहर्रम पर्व पर दिन शनिवार को क्षेत्र के बांड़ी, नामुदाग, भटको, समेत विभिन्न मोहर्रम कमेटी के द्वारा भव्य ताजिया व अखाड़ा जुलूस निकाली गई। सभी मुस्लिम भाई अपने अपने गांव से ताजिया लेकर गाजे-बाजे के साथ पूरे क्षेत्र का भ्रमण करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका के समीप स्थित ताजिया मिलन स्थल पर पहुंचे जहां पर अलग-अलग गांव से लाए गए ताजिया का मिलान किया गया। मुस्लिम भाइयों के या अली और या हुसैन के नारे से पूरा क्षेत्र गूंज रहा था। जहां अलग-अलग गांव से लाए गए एक से बढ़कर एक ताजिया देखने को मिला जो आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। वहीं मोहर्रम जुलूस में मुस्लिम समुदाय के साथ-साथ विभिन्न धर्म के लोग भी शामिल हुए। वहीं मोहर्रम जुलूस में कर्तव्य दिखाने के लिए पहले से तैयारी किए हुए युवकों ने तलवार,भाला गड़ासा,लाठी के साथ-साथ अन्य कई तरह के आकर्षक कर्तव्य दिखाए। वहीं सभी अखाड़ा कमेटियों का मिलन हाई स्कूल स्थित खेल के मैदान में हुआ जहां पर अतिथि के रूप में उपस्थित प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी,बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान,राजद के भावी प्रत्याशी गिरजानंदन सिंह उर्फ गिरी जी,राजद किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद यादव,जिप सदस्य बलवंत सिंह,पूर्व प्रमुख उमेश यादव,पूर्व मुखिया संजय सिंह,समेत अन्य जनप्रतिनिधियों व गणमान्य लोगों को मोहर्रम कमेटी के सदस्यों के द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं मोहर्रम जुलूस के दौरान सुरक्षा व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी मनिका राणा भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में जगह जगह पर सुरक्षाबलों को तैनात किया गया था और पुलिस के द्वारा ड्रोन कैमरा के माध्यम से भी जुलूस की पूरी निगरानी की जा रही थी। मौके पर आरजेडी के वरिष्ठ कार्यकर्ता सतीश यादव, आरजेडी युवा प्रखंड अध्यक्ष रूपेश यादव, जेनरल इमाम अमानुल्लाह अंसारी, मुंतजीर आलम, जेनरल सेक्रेट्री हसीब आलम, कौशल मियां, इमरान अंसारी, नसीम अंसारी, गफ्फार अंसारी, शहजाद अंसारी, इसराफिल अंसारी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## मुहर्रम में धार्मिक भावना के साथ देशभक्ति भी आई नजर

**खबर मन्त्र संवाददाता**


सम्मान समारोह में उपस्थित अतिथि व गणमान्य लोग

**बरवाडीह।** हजरत इमाम हसन हुसैन की सच्चाई के प्रति बलिदान की याद में मुहर्रम पर्व बरवाडीह प्रखण्ड क्षेत्र में शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया गया। अखाड़ों में युवाओं ने एक से बढ़कर एक खेल दिखाकर अपनी कला कौशल का प्रदर्शन किया। मोहर्रम के जुलूस को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। मोहर्रम के जुलूस में धार्मिक देशभक्ति भी देखने को मिली। जहां कई अखाड़ों में अकीदतमंद देश की आन बान और शान तिरंगे को साथ लेकर चल रहे थे। इधर बरवाडीह बस स्टेंड में एकता कमेटी बरवाडीह के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। जहां अतिथियों और मीडिया कर्मियों का स्वागत पगड़ीपोषि कर किया गया। यहां एकता कमेटी के द्वारा आम आवाम के लिए शरबत और खिचड़ा का इंतजाम किया गया था। वहीं गढ़वाटांड़ में नौजवान इंतेजामिया कमेटी के साथ-साथ पोखरी कला चौताल पर मुहर्रम इंतजामिया कमेटी सरईडीह, पोखरिकला और बेतला के तत्वाधान में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। जहां मुख्य अतिथि के रूप में विधायक रामचंद्र सिंह के साथ -साथ बीडीओ राकेश सहाय, थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह और हाजी मुमताज अली सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। मंच का संचालन कर रहे बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी ने सभी अतिथियों का स्वागत गर्मजोशी से किया।

जिसके बाद विधायक समेत प्रशासनिक पदाधिकारियों ने अखाड़ा खेल में अपने कला जौहर का प्रदर्शन किया। यहां विभिन्न क्षेत्रों से निकाली गई ताजिया का मिलान पोखरी कला चौताल पर किया गया।

उधर गढ़वाटांड़ में नौजवान इंतजामिया कमेटी द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में युवा कांग्रेस प्रदेश संयोजक विजय बहादुर सिंह, जेएमएम वरिष्ठ नेता सह बीस सूत्री अध्यक्ष शशि भूषण तिवारी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, वरिष्ट नेता अनिल सिंह, समाजसेवी दीपू तिवारी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता, एससी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रवींद्र राम, राजदीप रिकी, युवा नेता राहुल गुप्ता और दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष लोकनाथ राम सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहें। जहां कमेटी के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत भगवा पगड़ी पोषी कर किया गया।

# हजरत इमाम हुसैन की शहादत को किया याद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** चंदवा शहर व मुस्लिम बाहुल्य ग्रामीण इलाकों में शनिवार को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मुहर्रम का त्योहार सम्पन्न हो गया। मुहर्रम के पहलाम (दशमी) के मौके पर शुक्र बाजार, कामता, कुजरी, तिलैयाटांड़, बेलवाही, बोदा, चकला, सांसग, हुचलु, माल्हन समेत मुस्लिम बाहुल्य ग्रामीण इलाकों में रंग बिरंगी ताजिया के साथ हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद मोहम्मदी जुलूस निकाली गई। जुलूस श्री राम चौक, सुभाष चौक, मुख्य बाजार, इंदिरा गांधी चौक होते थाना परिसर पहुंची जहां ताजिया व कला करतब का प्रदर्शन किया गया। बेहतर ताजिया के लिए प्रथम पुरस्कार स्व.मुंशी मियां (शुक्र बाजार) को दिया गया। वहीं दूसरा स्थान ग्यास खान कामता व तीसरा स्थान खान स्पोटिंग शुक्र बाजार को दिया गया। इस अवसर पर थाना परिसर में आए बच्चों के बीच टॉफियां बांटी गई एवं अन्य अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। थाना परिसर से जुलूस निकलकर कामता कर्बला गया, जहां मिट्टी मंजिल का रस अदायगी की गई। इधर मुहर्रम त्यौहार को शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर एसपी अंजनी अंजन के निर्देशन में सुबह बीडीओ सह सीओ विजय कुमार, इंस्पेक्टर बबलू कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल पूरी तरह से मुस्तैद देखी गई। प्रशासन के द्वारा असामाजिक तत्वों पर निगरानी को लेकर ड्रोन कैमरे भी उड़ाए जा रहे थे। मौके पर पूर्व उपप्रमुख हाजी फिरोज अहमद, रामयश पाठक, दीपू सिन्हा, असगर खान,अयूब खान, शाहिद खान, शोएब खान, निर्मल भारती, बाबर खान, इरशाद मुन्ना, मो सरफराज, इशलू खान, मो. नशिम लालूसमेत बड़ी संख्या में बोदा, बबलू खान समेत सैकड़ो की संख्या में मुस्लिम संप्रदाय के लोग शामिल थे।


मुहर्रम जुलूस में निकाली गयी तजिया व शामिल लोग

### ताजिया व अखाड़ा जुलूस निकाला

**महुआडांड़।** मोहर्रम इंत्तजामिया कमिटी के जनरल खलीफा लाडले खान और नायब खलीफा शाहजद आलम के नेतृत्व मे शनिवार को पूरे प्रखंड में मोहर्रम का जुलूस शान के साथ निकाला गया। यह जुलूस जरहाटोली से शुरू होकर गुरगुटोली, अम्बोवाटोली, डीपाटोली, महुआडांड़ बिरसा चौक, फुलवार बगीचा, बिरसा मुंडा चौक, रामपुर चौक होते हुए दीपाटोली पहुंची और फिर उसी रास्ते से वापस जरहाटोली पहुंची। जुलूस के दौरान पूरा प्रखंड या अली और या हुसैन के नारे से गूंज उठा। इस दौरान जिस ओर से जुलूस गुजर रहा था वहां के स्थानीय लोगों के द्वारा जुलूस के लिए शरबत पानी नाश्ता वगैरह का इंतजाम किया गया था इस मौके पर सभी लोगों को अंजुमन कमेटी व मोहर्रम कमेटी के और से बधाई एवं धन्यवाद दिया गया। जुलूस की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसडीपीओ राजेश कुजूर के निदेर्शानुसार थाना प्रभारी रत्न टुडू के नेतृत्व में पुलिस बल सभी संवेदनशील चौक चौराहों पर पुलिस बल तैनात थी। मौके पर सदर इमरान खान,सेक्रेट्री मजहर खान, इफ्तेखार अहमद, आजाद अहमद समेत बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबी मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### बालूमाथ में बारिश नहीं होने से खेतो में लगे 90 प्रतिशत बिचड़े सूखे

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में बारिश नहीं होने से इन दिनों के सुखाड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। किसानों ने बीज दुकानों से खेती के लिए बीज तो खरीद लिया लेकिन बारिश नहीं होने के कारण बिचड़ा तैयार नही कर पा रहे है। वहीं कई स्थानों पर लगा बिचड़ा खराब होने लगा है। जुलाई माह खत्म होने को है लेकिन अब तक अच्छी बारिश नहीं होने से किसान चिंतित है। किसानों को डर सता रहा है कि कहीं अकाल ना पड़ जाए। किसानों ने बताया कि उन्होंने कर्ज लेकर बाजार से बीज खरीदा था ताकि खेती बारी कर सके लेकिन बारिश नहीं होने की स्तिथि में वे लोग कर्ज में डूब जाएंगे। इस संबंध में प्रखंड कृषि पदाधिकारी मनीष पांडे ने बताया कि जून माह में 250 मिलीमीटर बारिश होनी चाहिए। लेकिन महज 66 मिलीमीटर ही बारिश हुई। वहीं जुलाई माह में 350 मिलीमीटर बारिश होनी चाहिए लेकिन 50 मिलीमीटर ही बारिश हुई। कम वर्षा होने के कारण मक्का की फसल 75% बुवाई हुई लेकिन 50% फसल बारिश नहीं होने के कारण खराब हो गई। वहीं धान का बिचड़ा 60% किसानों ने किया। लेकिन बारिश नहीं होने के कारण 50% बिचड़ा सुख गया।

### मोटरसाइकिल से गिर कर दो घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ-चतरा मुख्य पथ एनएच 22 पर बालूमाथ थाना क्षेत्र के बरनी ग्राम के पास मोटरसाइकिल से गिरकर दो लोग घायल हो गए। घायलों में करमचंद देव दास उरांव 22 वर्ष पिता दशरथ उराव और परमेश्वर उरांव पिता बालकिशुन उरांव 20 वर्ष ग्राम नगर थाना चंदवा निवासी शामिल है। जो बारियातू बाजार से अपने घर वापस नगर चंदवा लौट रहे थे। इसी दौरान बरनी ग्राम के पास बाईक से गिरकर दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों घायलों को बारियातू पुलिस की सहायता से बालूमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर पुरुषोत्तम कुमार के देखरेख में दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं गंभीर रूप से घायल करमचंद देवदास का प्राथमिक उपचार कर बेहतर ईलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है।

### हाई स्कूल की भूमि पर बुरी नजर प्रशासन से की जमीन बचाने की अपील

**चंदवा।** प्लस टू उच्च विद्यालय चंदवा के विद्यालय परिसर की भूमि पर भू माफियाओं की पैनी नजर लगी है। समय समय पर मौका देखकर जमीन पर कब्जा किये जाने का प्रयास लगातार किया जा रहा है। जबकि जमीन विवाद को लेकर लंबे समय से मामला न्यायालय में चल रहा है। चंदवावासियों ने बताया कि यह विद्यालय वर्षों पुराना है। जमीन की कीमत बढ़ने व हाल सर्वे की त्रुटियों का फायदा उठाकर भूमि पर अवैध तरीके से कब्जा करने के लिए हर संभव हथकंडे अपनाये जा रहे हैं। शनिवार को भी विद्यालय के प्रचार्य के द्वारा अंचल अधिकारी विजय कुमार एवं थाना प्रभारी बबलू कुमार को सूचना दी गई कि जमीन पर कब्जे का प्रयास किया जा रहा है। सूचना के बाद भी मुहर्रम के जुलूस होने के कारण त्वरित कार्रवाई नहीं हो पाई है। जिस कारण विद्यालय की भूमि पर कुछ निर्माण कार्य कर दिया गया है। इस संबंध में अंचलाधिकारी ने कहा है कि जमीन पर किसी प्रकार का कार्य करने की मनाही है।

## रघुवर दास को भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने पर ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न ने दिया बधाई


बधाई देते जिला अध्यक्ष

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** भुतपूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने पर लातेहार जिले के ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद ने बधाई देते हुए शिष्टाचार मुलाकात की। वहीं श्री प्रसाद ने पुर्व मुख्यमंत्री से लातेहार जिला समेत सात जिले में ओबीसी के आरक्षण जीरो है। इस कलंक से लातेहार को मुक्त करने की बात कही और ओबीसी की आरक्षण लातेहार में दिलाने की मांग की। वहीं मौके पर भाजपा मीडिया प्रभारी पवन कुमार, कार्यवाहन जिला अध्यक्ष रामप्यारे साहू, राजदेव प्रसाद, उमाकांत प्रसाद सहित कई लोग उपस्थित थे।

# विश्व बाघ दिवस पर कई कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**


पुरस्कार वितरण करते पदाधिकारी

**गारू।** पलामू व्याघ्र आरक्ष के दक्षिणी प्रमंडल अंतर्गत शुक्रवार को विश्व बाघ दिवस पर गारू पूर्वी वन प्रक्षेत्र में उपनिदेशक कुमार आशीष के निर्दशानुसार वन क्षेत्र पदाधिकारी उमेश कुमार दुबे के नेतृत्व में वन कर्मियों के द्वारा कई तरह के कार्यक्रम आयोजन की गई। वन कर्मियों के द्वारा प्रातःकाल गारू में प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी गारू बाजार होते हुए अरमु मोड़ तक गई। फिर पुनः वापस वन कार्यालय परिसर में लौटा। प्रभात फेरी में कर्मियों के द्वारा बाघ जंगल का राजा, इसे ना बनाओ इतिहास का पन्ना, सुनो गौर से भारतवासियों, जंगल बचाओ, बाघ बचाओ, बाघ जंगल की जान है, और भारत की शान है जैसे नारे लगाये गये। वहीं उपनिदेशक कुमार आशीष ने संबोधित करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस दुनिया भर में मनाया जाता है ताकि हम सभी बाघ संरक्षण के लिए जागरूकता बढ़ा सके। इस दिन का उद्देश्य एक विश्वव्यापी प्रणाली का निर्माण करना है जो बाघों और उनके प्राकृतिक आवासों की रक्षा के लिए समर्पित होगी। अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस के माध्यम से हम एक ऐसे भविष्य के लिए काम कर सकते हैं जहां इंसान और बाघ शांति से रह सकें। वहीं सत्य ज्योति निकेतन आवासीय विद्यालय अरमु में स्कूली बच्चों के बीच निबंध, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया व बच्चों को पुरस्कार भी प्रदान किया गया। मौके पर प्रधानाचार्य प्रभारी वनपाल रंजय कुमार, ओमप्रकाश पाल, वनरक्षी रुपेश कुमार, साकेत पाण्डेय, तारा कुमारी समेत काफी संख्या स्कूली बच्चे, शिक्षक व वन कर्मी उपस्थित थे।

## गोल्डन क्लब मकरा में चल रहे पांच दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट में शिव पहाड़ी क्लब राजगुरु ने खिताब पर जमाया अपना कब्जा

**खबर मन्त्र संवाददाता**


विजेता टीम व अन्य

**बारियातू।** प्रखंड के शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम मकरा स्थित टोला ब्रह्मदेवता अंबेडकर खेल मैदान में चल रहे पांच दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट में कुल 32 टीमों ने भाग लिया। जिसमे शिव पहाड़ी क्लब राजगुरु के टीमों ने खिताब पर कब्जा जमाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विजेता टीम को समाज सेवी गौतम सिंह ने दो खस्सी व सील्ड देकर सम्मानित किया। वहीं उपविजेता टीम एनएस क्लब चोरबोरा टीम को पत्रकार संजय राम ने एक बड़ा खस्सी व सील्ड देकर सम्मानित किया। तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भोक्ता क्लब केंदू की टीम को पिंटू नायक ने एक खस्सी व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया तथा चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले टीम गोल्डेन क्लब मकरा को बालूमाथ प्रखंड के उप प्रमुख कामेश्वर राम ने अपने हाथों से एक खासी, सील्ड देकर सम्मानित किया। पुरुस्कार वितरण के मौके पर सभी अतिथियों ने उपस्थित खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा की खेल को खेल भावना से खेलें। ग्रामीण क्षेत्र मे इस प्रकार से खेल होने से अपने प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान होता है। वहीं कहा की आप सभी खेल को खेल भावना से खेले। गाँव से लेकर राज्य व देश मे खेल प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रौशन करें। टूनार्मेंट मे सुरेंद्र राम, भोला राम, प्रदीप राम, रोहन कुमार, धीरँजन कुमार, प्रभात उरांव, पूरन राम, केदार, कार्तिक, विकास, अरविन्द, सचिन, रामशंकर, बिशेश्वर सहित अन्य खेल प्रेमियों ने अहम भूमिका निभाए।

### महिला ने जहर खाकर आत्महत्या का किया प्रयास

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के बारियातु ग्राम में शुक्रवार की देर रात पारिवारिक विवाद में एक महिला ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मालती देवी 50 वर्ष पति रमेश यादव ग्राम बारियातू निवासी का अपनी बहू के साथ खाना बनाने को लेकर कहा सुनी हुई थी। जिसके बाद गुस्से में आकर महिला ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। घटना के बाद परिजनों के सहयोग से महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर पुरुषोत्तम कुमार की देखरेख में प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं बेहतर ईलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

## नावागढ़ गांव पहुंचे उपायुक्त विधि व्यवस्था की ली जानकारी


विधि व्यवस्था का जायजा लेते उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार उपायुक्त हिमांशु मोहन शनिवार को सदर प्रखंड के नावागढ़ गांव पहुंचे। उपायुक्त ने इस दौरान मोहर्रम त्योहार को लेकर विधि व्यवस्था की भी जानकारी ली। वहीं स्थानीय ग्रामीणों से भी मिले। इस दौरान उन्होंने आम लोगों से अपील किया कि आपसी सौहार्द के साथ त्यौहार मनाए। मौके पर एसडीएम शेखर कुमार, एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्र, अंचलाधिकारी रूद्र प्रताप, बीडीओ मेघनाथ उरांव, मुखिया परवेश उरांव समेत अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

### झामुमो जिला उपाध्यक्ष ने महुआमिलान में फुटबॉल टूनार्मेंट का किया उद्धाटन

# ग्रामीण युवाओं को पहचान दे रही है फुटबॉल : सितमोहन

**खबर मन्त्र संवाददाता**


फीता काटकर उद्घाटन करते अतिथि

**चंदवा।** प्रखण्ड के जमीरा पंचायत अंतर्गत महुआमिलान देवी मंडप खेल मैदान में आयोजित फुटबॉल टूनार्मेंट का शुभारंभ शनिवार को हुआ। बतौर मुख्य अतिथि झामुमो जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसके पूर्व उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस मौके पर खिलाड़ी संबोधित करते हुए श्री मुंडा ने कहा कि वर्तमान समय में गांव के युवा फुटबॉल खेल के जरिए अपनी पहचान बना रहे हैं। वर्तमान समय में खेल मनोरंजन का मात्र जरिया नहीं रह गया है बल्कि इसके जरिए केकैरियर बनाने के भी अपार संभावनाएं हैं इन्होंने प्रत्येक वर्ष इस प्रकार का आयोजन करने के लिए देवी मंडप फुटबॉल क्लब महुआमिलान के युवाओं को धन्यवाद भी दिया। उद्घाटन के उपरांत टूनार्मेंट का पहला मुकाबला 1932 खतियान क्लब बाटूका व अर्धे के बीच खेला, जिसमे बाटूका की टीम विजयी रही। मौके पर समाजसेवी सह युवा नेता ब्रह्मदेव प्रजापति, बरन भोक्ता, जयप्रकाश कुमार, आशीष सिंह, राजेश यादव, रविन्द्र गोप, कुश यादव, आयोजक समिति के अध्यक्ष सुनील ठाकुर, देवकुमार सिंह, अमृत प्रजापति, बालक यादव, मोहन यादव समेत सैकड़ो खेल प्रेमी मौजूद थे।

## विद्यालय की जमीन के अतिक्रमण के आरोप की जांच करें प्रशासन : प्रतुल शाहदेव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने लातेहार जिले के उपायुक्त से आग्रह किया है की वे राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय, चंदवा के प्राचार्य ने स्कूल की जमीन पर अतिक्रमण करके अवैध निर्माण कार्य होने का आरोप लगाने के मामले की जांच करे ।प्रतुल ने ट्वीट कर कहा इस पूरे आरोप की गहन जांच होनी चाहिए। क्योंकि प्राचार्य का यह भी कहना है कि मामला न्यायालय में लंबित है। प्रतुल ने कहा की इस संबंध में स्कूल के प्रधानाचार्य ने चंदवा थाने में लिखित शिकायत भी की है। प्रतुल ने अपने ट्वीट में मुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री कार्यालय, और उपायुक्त लातेहार को भी टैग किया है। प्रतुल ने कहा कि यह स्कूल इस क्षेत्र का सबसे बड़ा स्कूल है और हजारों छात्र-छात्राएं यहां पर पढते हैं। प्रतुल ने बताया की लगभग एक वर्ष पूर्व भी स्कूल के जमीन पर अतिक्रमण की सूचना पाकर वह घटनास्थल पर पहुंचे थे। संबंधित अधिकारियों से बात कर के निर्माण कार्य को रुकवाया था। प्रतुल ने प्रशासन से आग्रह किया की वह दोनों पक्षों को बुलाकर कागजातों की जांच कर लें ।

स्पीड न्यूज

## मनीषा हत्याकांड में चौथी गिरफ़्तारी, मुख्य शूटर अब भी फरार

**सरैयाहाट।** हंसडीहा के चर्चित मनीषा हत्याकांड मामलें में पुलिस ने शनिवार को जरमुंडी थाना क्षेत्र के डोमनाडीह गांव निवासी नितेश कुमार यादव को जेल भेज दिया। ज्ञात हो कि 18 जून को अज्ञात अपराधियों ने मनीषा की गोली मारकर हत्या कर शव को हंसडीहा थाना क्षेत्र के बंद पड़े चोरबटिया पत्थर खादान में फेंक दिया था। इस कांड में पुलिस मनीषा की सौतन सहित तीन लोगों को पहले जेल भेज चुकी है। साथ ही कांड में संलिप्त अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। शुक्रवार को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कांड में संलिप्त आरोपी नितेश कुमार यादव को गिरफ्तार किया था जिसे शनिवार को जेल भेज दिया गया। हालांकि हत्याकांड को अंजाम देने वाले मुख्य शूटर अभी भी पुलिस की गिरफ्त से दूर है।

## बेटी को भगाकर ले जाने को लेकर महिला ने थाना में दिया आवेदन

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत करमा निवासी एक महिला ने अपनी बेटी को भगा ले जाने के मामले में पुलिस को आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को दिए गए आवेदन में महिला ने बताया है कि 26 जुलाई को उनकी बेटी दोपहर 3 बजे घर से कोचिंग के लिए निकली थी, इसके बाद उसने शाम 7 बजे तक वापस लौटने की बात कही थी। मगर रात तक जब वह घर नहीं लौटी तो उसकी खोजबीन शुरू किया गया। इस दौरान 27 जुलाई की सुबह 10 बजे उनकी बेटी के मोबाइल नंबर से थाना क्षेत्र के देवी मंडप रोड निवासी मो. साकिब उर्फ शेरू ने फोन कर धमकी देते हुए कहा कि आपकी बेटी को भगाकर ले गया हूं। यदि इस संबंध में थाना में केस किया तो आपकी बेटी को जान से मार दूंगा।

## राजद पार्टी के वरीय नेता गोविंद प्रसाद की 16वीं पुण्यतिथि

**मरकच्चो (कोडरमा)।** राजद पार्टी के वरीय नेता व पूर्व प्रखंड अध्यक्ष स्व. गोविंद प्रसाद यादव की 16वीं पुण्यतिथि शनिवार को उनके पैतृक गांव गादी (राजारायडीह) में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ स्व. यादव के चित्र पर पुत्र जनार्दन यादव व पुत्र वधु पिंकी देवी के द्वारा दीप प्रज्वलन व प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया गया। वहीं समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने स्व.यादव को राजनीतिक सफर के साथ शिक्षा के उत्थान हेतु उनके द्वारा किये गए कार्यों के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला गया एवं उन्हें गरीबों का मसीहा बताया गया।

## जिले में 20 ग्रामीण सड़कों के निर्माण की स्वीकृति

**कोडरमा।** केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी के प्रयास से कोडरमा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत कोडरमा जिले की 20 सड़कों की विशेष मरम्मति की योजना को स्वीकृति मिली है। शीघ्र ही इन पथों के निर्माण की निविदा होगी और निर्माण कार्य प्रारम्भ होगा। जिन पथों को स्वीकृति मिली है उनकी कुल लंबाई 7606 किलोमीटर है और इनके निर्माण पर 366688 लाख रुपए खर्च होंगे। वहीं अन्नपूर्णा देवी ने कही कि कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 500 करोड़ रुपए से अधिक की राशि से 100 से ज्यादा ग्रामीण सड़कों के निर्माण अथवा मरम्मति का काम या तो पूरा हो चुका है या जारी है।

## सीओ ने किया मतदाता सर्वेक्षण कार्य का निरीक्षण

**गढ़वा।** सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह गढ़वा अंचलाधिकारी कुमार मयंक भूषण ने क्षेत्र भ्रमण कर मतदाता सर्वेक्षण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान सीओ ने मतदाताओं से कई जानकारी ली। मतदाताओं ने बताया कि बीएलओ उनके घरों में आ रहे हैं। हमें मतदाता होने पर गर्व है का स्टीकर चिपका रहे हैं एवं उनका नाम सुधार किया जा रहा है। जिन घरों में मतदाताओं की आयु 18 साल होने वाली है उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ा जा रहा है। मौके पर श्री भूषण ने बताया कि जो भी व्यक्ति 18 साल का होने वाला है अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवा सकता है।

# गया में मुहर्रम जुलूस के दौरान दो गुटों में भिड़ंत, पथराव में कई पुलिसकर्मी घायल



खबर मन्त्र संवाददाता

**गया।** जिले के डुमरिया थाना क्षेत्र के बलिया गांव में मुहर्रम के अवसर पर अखाड़ा जुलूस के निर्धारित रास्ता से गुजरने के समय ढोल बजाने को लेकर शनिवार को दो पक्षों के बीच जमकर पत्थरबाजी की घटना हुई। पथराव की घटना में पुलिस अवर निरीक्षक फूलन सिंह के सिर पर चोट लगी है। दो पक्षों के बीच पथराव की घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पदाधिकारी पहुंच गए। इसे देखते हुए मौके पर अतिरिक्त पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है। मौके पर पहुंची डुमरिया थाना की पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर मामला को शांत कराया। ढोल बजाने को लेकर दो पक्षों में हुआ विवाद इस घटना को लेकर एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि जुलूस निर्धारित रास्ता से गुजर रहा था, जिसमें ढोल बजाने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया. घटना की सूचना पर पुलिस बल मौके पर पहुंची हुई है। अभी स्थिति सामान्य है। इलाके मे निगरानी रखी जा रही है। जिले के विभिन्न संवेदनशील और अति संवेदनशील स्थानों को चिन्हित करते हुए मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी, पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति के साथ साथ ड्रोन कैमरा से नजर रखी जा रही है।

**घटनास्थल पर भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती :** बताया जा रहा है कि मुहर्रम जुलूस निकालने के दौरान ढोल बजाने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि बीच सड़क पर ही एक पक्ष के द्वारा जमकर पत्थरबाजी की गई। बीच बचाव और पुलिस बल की सख्ती के बाद स्थिति नियंत्रण में है। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। वहीं, पत्थरबाजी की घटना के बाद इलाके में अभी भी तनाव पूर्ण स्थिति है।

## इंटरनेट बैन-अतिरिक्त फोर्स और पुलिस एक्शन

**दरभंगा।** बिहार का दरभंगा जिला इन दिनों हिंसा की चपेट में है। बाजार समिती से लेकर आसपास के इलाके में कुछ हिंसक घटनाएं सामने आई हैं। कमतौल थाना क्षेत्र में भी दो समुदाय में हिंसा हो गई। दोनों अलग-अलग मामले हैं। बाजार समिति में जहां मुहर्रम का झंडा लगाने को लेकर झड़प हो गई तो वहीं कमतौल थाना क्षेत्र के मलपट्टी में अंतिम संस्कार को लेकर दो समुदाय भिड़ गए। पुलिस ने हालात को काबू करने की कोशिश में दर्जनों लोगों की गिरफ्तारी की है। इंटरनेट भी बंद कर दिया है। दरभंगा जिले में चार दिनों के लिए इंटरनेट सेवा बंद की गई। 27 जुलाई से 30 जुलाई के बीच मुहर्रम का जुलूस निकाला जाता है। शिया समाज अपनी मान्यता के हिसाब से ताजिया के साथ इलाके में जुलूस निकालते हैं। ऐसे में आमतौर पर देखा जाता है कि आपत्तियों की वजह से हिंसा भड़क जाती है। बहेड़ा थाना के एक पुलिस अधिकारी शिव कुमार बताते हैं कि हिंसा को काबू करने के लिए इंटरनेट पर पाबंदी लगाई गई है। शिव कुमार ने बताया कि



अक्सर देखा जाता है कि लोग सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाते हैं। इससे माहौल खराब होता है। हालात काबू में हो और अफवाह न फैले, इसलिए इंटरनेट बंद किया गया है। आज 29 जुलाई को शिया समाज ताजिया के साथ कर्बला जाएंगे। इस बीच किसी तरह की कोई अनहोनी न हो, दरभंगा में जगह-जगह पर पुलिस की तैनाती कर दी गई है। दरभंगा के जिला अधिकारी राजीव रौशन और एसएसपी अवकाश कुमार ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि जिले में पूरी तरह से शांति है। उपद्रवियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी की जा रही है। अब तक तकरीबन 22 लोग गिरफ्तार भी किए गए हैं। वहीं मुहर्रम को देखते रइ की एक कंपनी और अतिरिक्त फोर्स की चार कंपनियां पुलिस मुख्यालय से दरभंगा जिला को दिया गया। दरभंगा के जिलाधिकारी राजीव रौशन ने मुहर्रम पर्व पर जिलेवासियों से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए बताया कि जिला में पूर्ण रूप से शांति है। हमलोग सभी जगह नजर बनाए हुए हैं। इंटरनेट बैन के सवाल पर अधिकारियों ने बताया कि पिछले दिनों हिंसा को दो घटनाएं सामने आई थी, जिसे कुछ लोग सोशल मीडिया पर गलत तरीके से फैला रहे थे। आपसी सौहार्द न बिगड़े और अफवाह प्रसारित न हो इसलिए इंटरनेट बैन किया गया है।

# मुहर्रम पर याद किये गये हजरत इमाम हसन हुसैन



करतब दिखाते थाना प्रभारी व पीएसआई

खबर मन्त्र संवाददाता

**धुरकी।** हजरत इमाम हसन हुसैन के याद में मनाए जाने वाले मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण मना। इस अवसर पर धुरकी प्रखंड के आस पास क्षेत्रों में शनिवार को मुस्लिम समुदायों ने ताजिया, सिपड़, अखाड़ा के साथ जुलूस निकाला। जुलूस के दौरान बच्चों, नवजवान, बुजुर्गो ने परंपरागत हथियारों, तलवार, डंडा, गड़ासा से एक से बढ़कर एक करतब दिखाए। इस दौरान जुलूस में शामिल लोग हजरत इमाम हसन हुसैन की याद में या हसन, या हुसैन, या अली, कर्बला दूर है जाना जरूर है जैसे नारे लगा रहे थे। इसके अलावा जुलूस में शामिल मुस्लिम समुदाय की महिलाएं मरसिहा भी पढ़ रही थी। इधर सुरक्षा के व्यवस्था को लेकर धुरकी बीडीओ अरुण कुमार सिंह ने प्रखंड क्षेत्र के प्रत्येक जगहों पर मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की थी। वही खाला गांव में थाना प्रभारी सदानंद कुमार और पीएसआई कृष्णा रजवार लाठी डंडा खेलकर अपना करतब दिखाया। जुलूस में स्थानीय समाजसेवी के सौजन्य से शुद्ध जल का प्रबंध किया गया था। मौके पर भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री इंद्रमणि जायसवाल, जेएमएम नेता इसराइल खान, मिठू जायसवाल, महताब आलम, मुखिया साबिर अंसारी, जाबिर अंसारी, कुदुस अंसारी, सुधीर जायसवाल, रमाशंकर जायसवाल, एकलाख अंसारी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### मिलनी के बाद सुबह का जुलूस संपन्न

**गढ़वा।** हजरत ईमाम हसन हुसैन की याद में मनाए जाने वाला मोहर्रम के अवसर पर गढ़वा शहर व आसपास के क्षेत्रों में शनिवार को मुसलमानों ने ताजिया, सिपड़ व अखाड़ा के साथ जुलूस निकाला। मुहर्रम इंतजामिया कमेटी के नेतृत्व में सभी मोहल्लों से निकाले गए जुलूस स्थानीय गढ़देवी मन्दिर मोड़ के पास इकट्ठा हुए। जहां मुस्लिम बच्चों, नवजवानों व बुजूर्गों द्वारा परंपरगत हथियारों से एक से बढ़कर एक करतब दिखाए गए। इस दौरान लोगों ने तलवार, डंडा, गड़ांसा आदि से अपने - अपने करतब दिखाए। इसके बाद जुलूस मझिआंव मोड़ होते हुए कर्बला के मैदान में पहुंचकर मिलनी के बाद समाप्त हो गई।

# परंपरागत तरीके से मना शहादत और कुबार्नी का त्यौहार मुहर्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों के शहादत की याद में मनाया जाने वाला मुस्लिम समुदाय का महत्वपूर्ण त्योहार मुहर्रम यहां पारंपरिक रीति रिवाज के साथ मनाया गया। दुमका शहर और आसपास के 11 इमामबाड़ा से ताजिया जुलूस निकाला गया है। मुस्लिम भाईयों के साथ सभी वर्ग के लोग मुहर्रम पर निकाले गए जुलूस में सहभागिता कर सद्भाव का परिचय दे रहे हैं। ताजिया जुलूस के दौरान विधि व्यवस्था के संधारण के लिए जिला प्रशासन द्वारा चाक-चौबंद इंतजाम किए गए है। मुहर्रम के मौके पर मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात दुमका के अंचलाधिकारी यामुन रविदास और एसडीपीओ नूर मुस्तफा अंसारी ने ताजिया जुलूस में तलवारबाजी का करतब दिखा कर आकर्षण का केंद्र बन गए। शहर के विभिन्न मुहल्लों से बाजे-गाजे के साथ भव्य ताजिया जुलूस निकाला गया। जिसमें काफी संख्या में मुस्लिम समुदाय के हर उम्र के लोग शामिल हुए। जुलूस के साथ चल रहा ताजिया लोगों के आकर्षण का केन्द्र बना रहा। दुमका शहर के डंगालपाड़ा, कुम्हारपाड़ा, राखाबनी, श्रीराम पाड़ा, लखीकुंडी, खिजुरिया, दुधानी आदि मुहल्लों के इमामबाड़ा से ताजिया जुलूस निकाला गया। ताजिया जुलूस में शामिल युवकों द्वारा लाठी, भाला, फरसा, तलवार आदि से अपनी कलाबाजी का प्रदर्शन किया गया। ताजिया जुलूस शहर के विभिन्न मार्गो और चौक-चौराहों से गुजरते हुए करबला पहुंचा। जहां विधिवत इस त्योहार का समापन किया गया। करबला में मुस्लिम समुदाय के लोगों की भीड़ से वहां मेला जैसा दृश्य लग रहा था। दुमका शहर के साथ ही ग्रामीण इलाकों में भी मुहर्रम का त्योहार मनाया गया तथा ताजिया जुलूस निकाला गया। मुहर्रम के अवसर पर दुमका शहर में जगह-जगह भाईचारे और साम्प्रदायिक सद्भाव का नजारा दिखा।

### ताजिया जुलूस में शामिल लोगों ने किया कलाबाजी









बाबा दिगंबर नाथ मंदिर में सातवां वार्षिक महोत्सव आयोजित, शामिल हुई सांसद गीता कोड़ा

# संयोजक मंडली भक्तों को दिशा दिखाने का कर रही कार्य : गीता कोड़ा

खबर मन्त्र संवाददाता

**चाईबासा।** रेलवे स्टेशन चाईबासा स्थित बाबा दिगंबर नाथ मंदिर का सातवां वार्षिक महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित भजन संध्या कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुई सिंहभूम की सांसद गीता कोड़ा। सर्व प्रथम सांसद गीता कोड़ा ने बाबा दिगंबर नाथ मंदिर में भगवान शिव तथा बजरंगबली का पूजा-अर्चना कर माथा टेका व समस्त राज्यवासियों के लिए सुख, शांति और समृद्धि से परिपूर्ण रखने का कामना किया। सांसद गीता कोड़ा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का किया शुरूआत।



जिसके पूर्व संयोजक मंडली के सदस्यों ने सांसद गीता कोड़ा का जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद गीता कोड़ा ने कहा कि श्रावण मास सभी के लिए खास करके किसानों और गृहस्थ के लिए काफी महत्वपूर्ण है। श्रावण मास में प्रभु आशुतोष भगवान शिव शंकर को भक्तगण विशेष रूप से पूजा अर्चना करते है। कण-कण में है भगवान शंकर, पश्चिमी सिंहभूम जिला में पूरी तरह से यह चरितार्थ होता है। बाबा मुर्गा महादेव एवं महादेव शाल आदि प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है जहां भगवान भोलेनाथ का भक्त दर्शन पाते है। उपस्थित भक्तों को सांसद गीता कोड़ा ने श्रावण मास की शुभकामनाएं दी एवं जमशेदपुर से आए भजन मंडली कुमार बाबला एंड ग्रुप तथा संयोजक मंडली को इस तरह का कार्यक्रम कराने के लिए उत्साहित किया। सांसद गीता कोड़ा ने आगे कहा कि बाबा दिगंबर नाथ की असीम अनुकंपा से संयोजक मंडली भक्ति एवं भजन के माध्यम से भक्तों को सही मार्ग पर चलने की दिशा दिखाने का कार्य कर रहे है। कुमार बाबला एंड ग्रुप जमशेदपुर ने भगवान आशुतोष के अनेकों भजन तथा शिव तांडव झांकी प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भगवान भोले के भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे। भजन संध्या पंडाल हर-हर महादेव, जय भोले के जयकारों से गूंजा।

मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर दास, जिला बीस सूत्री सदस्य त्रिशानु राय, प्रवक्ता जितेन्द्र नाथ ओझा, संतोष सिन्हा, गुरुचरण सोनकर, मुकेश दास संयोजक मंडली के जितेन्द्र भगत, गिरीश चन्द्र मिश्रा , शंभू सिन्हा , रौशन कुमार , अभिषेक मिश्रा, तरुण गोस्वामी, रौनक सिन्हा, मनोज भगत, विमल सिन्हा, विनय भगत आदि मौजूद थे।

एक नजर में

## मुहर्रम पर्व शांति, सौहार्द व भाईचारे के साथ संपन्न

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत रघुनियाडीह, गडगी तेतरौन, परसाबाद, कटहाडीह, खेसकरी, सतडीहा, ककरचोली सहित कई क्षेत्रों में मुहर्रम के त्योहार को मनाया गया। स्थानीय जयनगर स्थित इमामबाड़ा से ताजिया उठाकर मस्जिद रोड, बेला मुहल्ला, हाजी मुहल्ला, थाना रोड होते हुए जयनगर थाना पहुंचा, जहां से लोग कर्बला के लिए रवाना हुए। कर्बला पहुंचने के बाद सभी अकीदतमंदों ने रोजा खोला और मगरिब की नमाज के बाद दुआ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**प्रशासनिक पदाधिकारी रहे मुस्तैद :** मुहर्रम पर्व को शांति सौहार्द के साथ संपन्न कराने को लेकर प्रशासनिक पदाधिकारी भी मुस्तैद रहे। मौके पर डीसी मेधा भारद्वाज, एसपी कुमार गौरव, बीडीओ अरुणा कुमारी, प्रभारी सीओ रामरतन वार्नवाल, थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा, एसआई अमित कुमार, एएसआई सुनील कुमार पासवान, पीएसआई दिलीप मंडल, विकेश कुमार सहित काफी संख्या में पुलिस बल तैनात थे। मौके पर शहजाद आलम, कौशर खान, रफीक खान, शमीम खान, वसी अहमद खान, फहीम खान, चौपाल खान, अमानत खान, शाहनवाज खान, शराफत खान, अमानत खान, अब्दुल हफीज खान, बॉक्सर खान, अंजू देवी, राज नारायण सिंह, सरफुद्दीन अंसारी रहमत खान, समीर खान, आबिद रजा, शकील खान आदि लोग मौजूद थे।

## शिवतारा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शिवतारा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ब्लॉक रोड में बालिका शिक्षा के अंतर्गत कक्षा अष्टम से दशम में पढ़ने वाली बहनों के द्वारा पौधरोपण किया गया। गौरतलब है कि पौधरोपण के इस कार्यक्रम में विद्यालय की बहनों के द्वारा औषधीय पौधा, तुलसी का पौधा, गिलोय, बेला, चमेली, अपराजिता एलोवेरा एवं सदाबहार फूल आदि लगाए गए। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश कुमार उपाध्याय ने बहनों को पौधरोपण करने के लिए शुभकामनाएं एवं बधाई दी। वहीं प्रधानाचार्य ने कहा कि पौधरोपण से पर्यावरण संतुलित होता है। पेड़-पौधे हमारे जीवन के एक महत्वपूर्ण अंग हैं। मौके पर रिंकी सिंह आदि लोग मौजूद थे।

## जीएस पब्लिक स्कूल को मिला बेस्ट स्कूल अवार्ड

**डोमचांच (कोरमा)।** नगर स्थित जीएस. पब्लिक स्कूल को शनिवार को दिल्ली स्थित लोक कला मंच में सीपीएस. अलिम्पिआड के अंतर्गत तीसरे चरण के प्रतियोगिता में बेस्ट स्कूल अवार्ड से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए विद्यालय के दोनों छात्रों को प्रस्सति पत्र व रिस्ट वाच देकर सम्मानित किया गया। साथ ही प्रोत्साहन राशि स्वरूप पांच हजार भेंट किया गया। उल्लेखनीय हो कि यह कार्यक्रम नई दिल्ली के लोक कला मंच में आयोजित किया गया था, जिसमे स्कूल के दो बच्चों का चयन तीसरे चरण के प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए किया गया था, जिन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं विद्यालय के निदेशक नितेश कुमार ने इस सफलता के लिए दोनों बच्चों को ढेरों शुभकामनाएं दी। विद्यालय के इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने खुशी जाहिर करते हुए कहा विद्यालय के लिए यह गौरव का पल है। वहीं नीरज सिंह, प्रतिमा कुमारी, सोनी, चन्दन एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने दोनों छात्रों को ढेरों शुभकामनाएं दिये।

## पेज 1 का शेष

### 11000 वोल्ट की लाइन से...

**ताजिया की ऊंचाई से हुआ हादसा :** ग्रामीणों से बातचीत करने पर पता चला कि किसी भी मुस्लिम बहुल गांव में अलग-अलग टोलों के लोग चाहते हैं कि उनके टोले का ताजिया सबसे ज्यादा आकर्षक हो। इसके लिए टोला स्तर पर एक प्रतियोगिता सी बनी रहती है। समय के साथ ताजिया बनाने का ट्रेंड भी बदल गया। पहले बांस का तजिया बनता था, पर अब बड़ा ताजिया बनाने के लिए लोहे के रॉड और फ्रेम का इस्तेमाल किया जाने लगा। अगर इस ताजिया में लोहे का इस्तेमाल नहीं हुआ होता तो संभव है कि इतनी बड़ी क्षति नहीं होती।

### भाजपा ने दो मुस्लिमों को बनाया...

मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनावों से पहले यह एक महत्वपूर्ण बदलाव है। रवि, सैकिया, राधामोहन सिंह की नड्डा को नयी टीम से नहीं रखा गया है। **सूची इस प्रकार है : उपाध्यक्ष :** डॉ. रमन सिंह, वसुंधरा राजे, रघुवर दास, सौदान सिंह, बैजयंत पांडा, सरोज पांडेय, रेखा वर्मा, डी के अरुणा, एम चौबा एओ, अब्दुल्ला कुट्टी, लक्ष्मीकांत बाजपेयी, लता उसेंडी और तारिक मंसूर। **महासचिव :** अरुण सिंह, कैलाश विजयवर्गीय, दुष्यंत कुमार गौतम, तरुण चुघ, विनोद तावड़े, सुनील बंसल, संजय बंडी और राधामोहन अग्रवाल। **संगठन महामंत्री :** बी एल संतोष। सह संगठन महामंत्री - शिवप्रकाश। राष्ट्रीय सचिवः विजया राहटकर, सत्या कुमार, अरविंद मेनन, पंकजा मुंडे, डॉ नरेंद्र सिंह रैना, डॉ अल्का गुर्जर, अनुपम हाजरा, ओम प्रकाश ध्रुवे, ऋतुराज सिन्हा, आशा लाकड़ा, कामाख्या प्रसाद तासा, सुरेन्द्र सिंह नागर और अनिल एंटनी। कोषाध्यक्ष : राजेश अग्रवाल। सह कोषाध्यक्ष : नरेश बंसल।

### शीघ्र हाइड्रोजन ईंधन से चलेंगे...

**354.28 करोड़ रुपये का होगा निवेश :** झारखंड औद्योगिक एवं निवेश प्रोत्साहन नीति 2021 के वर्गीकृत सेक्टरवाइज मेगा प्रोजेक्ट्स के अनुसार उक्त परियोजना निर्माण से संबंध रखती है। ईकाई से प्राप्त निवेश तथा प्रत्यक्ष नियोजन के आधार पर ईकाई का वर्गीकरण मेगा श्रेणी के अंतर्गत किया गया है। इस ईकाई की प्रस्तावित क्षमता 4000+ हाईड्रोजन आईसी इंजन, फ्यूएल एग्नोस्टिक इंजन तथा 10,000+ बैटरी सिस्टम है, इसके लिए प्रस्तावित निवेश 354.28 करोड़ रुपए है। एक अनुमान के अनुसार ईकाई 310 से अधिक प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष लोगों का नियोजन सुनिश्चित हो सकेगा।

### डॉक्टरी की पढ़ाई...

यदि अभ्यर्थियों ने एडमिशन ले लिया है तो उनके द्वारा जमा की गटयी सिक्यूरिटी मनी वापस कर दी जायेगी। **कितनी देनी होगी सिक्यूरिटी मनी :** सरकारी कॉलेजः 20 हजार रुपये। यूआर/इडब्ल्यूएस : 10 हजार रुपये। डिम्ड/प्राइवेट : 2 लाख मेडिकल कॉलेज, 1 लाख डेंटल कॉलेज। सरकारी /प्राइवेट दोनों : 2 लाख मेडिकल कॉलेज, 1 लाख डेंटल कॉलेज। मॉप अप : 50 हजार। **काउंसलिंग शेड्यूल :** ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और च्वाइस फिलिंग (सीट एलॉटमेंट) : एक अगस्त। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और च्वाइस फिलिंग की अंतिम तिथि : तीन अगस्त। आवेदन में सुधार : चार अगस्त। प्रोविजनल सीट अलॉटमेंट लेटर : छह से आठ अगस्त। डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन एंड एडमिशन : छह से आठ अगस्त।

### महिला किसानों से बोलीं सोनिया...

**खास मेहमानों से भेंट का यादगार दिन :** राहुल- राहुल गांधी आठ जुलाई को अचानक सोनीपत के मदीना गांव पहुंचे थे। उन्होंने लोगों से बातचीत की और खेतों में काम कर रहे किसानों के साथ वक्त बिताया था। इस दौरान राहुल गांधी ने उन्हें 'दिल्ली दर्शन' के लिए बुलाने का वादा किया था। लोगों से इसी मुलाकात के क्रम में राहुल गांधी ने किसान महिलाओं की बातचीत अपनी बहन प्रियंका से करायी थी। इन महिलाओं ने प्रियंका से उन्हें खाने पर आमंत्रित करने की इच्छा जतायी थी। राहुल गांधी ने महिलाओं से मुलाकात के बाद ट्विटर पर एक वीडियो साझा करके कहा, 'कुछ बेहद खास मेहमानों से मां, प्रियंका और मेरी मुलाकात का यादगार दिन। उनके साथ घर पर भोजन और ढेर सारी बातचीत। देसी घी, मीठी लस्सी, घर के बने अचार और ढेर सारा प्यार-अमूल्य उपहार मिले।

स्पीड न्यूज

## अमेरिका के कई शहरों में हीट इमरजेंसी घोषित

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भीषण गर्मी को देखते हुए कई शहरों में हीट इमरजेंसी घोषित कर दी गयी है। अमेरिका की राष्ट्रीय मौसम सेवा की ओर से अलर्ट जारी किया गया है। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने कहा है कि अमेरिका में 17 करोड़ से अधिक लोगों के लिए कम से कम शनिवार दोपहर तक अत्यधिक गर्मी की चेतावनी जारी की गई है। कई स्थानों पर दोपहर में हीट इंडेक्स रीडिंग 100 डिग्री फारेनहाइट (38 डिग्री सेल्सियस) से ऊपर हो गई। शिकागो, न्यूयॉर्क और फिलाडेल्फिया सहित देश के कुछ सबसे बड़े शहरों में गर्मी से परेशान ऐसे लोगों के लिए सार्वजनिक पुस्तकालयों और सामुदायिक केंद्रों में कूलिंग सेंटर्स खोले गए हैं जो गर्म तापमान से बचने में असमर्थ हैं।

## मुंबई में फिर 26/11 जैसे हमले की आशंका

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने कोलाबा स्थित छाबड़ा हाउस के पास से 26/11 जैसे आतंकवादी हमलों का इनपुट मिला है। इसी वजह से मुंबई पुलिस ने छाबड़ा हाउस के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी है। यह इनपुट पुणे में गिरफ्तार दो आतंकवादियों से पूछताछ के दौरान महाराष्ट्र एंटी टेररिस्ट स्कॉड (एटीएस) को मिला है।पुणे में पुलिस ने मोहम्मद इमरान मोहम्मद यूनुस खान और मोहम्मद यूनुस मोहम्मद याकूब साकी नामक दो आतंकवादियों को पकड़कर एटीएस को सौंपा था। इन दोनों से पूछताछ के बाद एटीएस ने कोलाबा स्थित छाबड़ा हाउस का गूगल मैप बरामद किया है। इसके बाद एटीएस ने यह इनपुट मुंबई पुलिस को दिया, जिस पर कोलाबा के यहूदी सामुदायिक केंद्र छाबड़ा हाउस और उसके आसपास की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

## आंध्र में बाघों की संख्या हुई दोगुनी

**तिरूपति।** आंध्र प्रदेश के वन मंत्री पी.आर. रेड्डी ने शनिवार को बताया कि राज्य में 2010 के मुकाबले बाघों की संख्या लगभग दोगुनी हो गयी है।मंत्री ने बताया कि आंध्र प्रदेश में 2010 में 45 बाघ थे जबकि 2023 में उनकी संख्या बढ़कर 80 हो गई है। श्री वेंकटेश्वर प्राणी उद्यान में वैश्विक बाघ दिवसके अवसर पर रेड्डी ने कहा कि राज्य बाघों के लिए स्वर्ग साबित हो रहा है।

## बंगाल में पंचायत सदस्य की हत्या

**कैनिंग ।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में अज्ञात बंदूकधारियों ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के एक नवनिर्वाचित पंचायत सदस्य की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पंचायत सदस्य के साथ मौजूद एक अन्य व्यक्ति गोली लगने से घायल हो गया है। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## महाराष्ट्र : दो बसों में टक्कर, छह की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में शुक्रवार देर रात दो निजी बसों की टक्कर में तीन महिलाओं सहित छह लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक लोग घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी।बुलढाणा के पुलिस अधीक्षक सुनील कडास्ने ने बताया कि बस सवार लोग अमरनाथ यात्रा पूरी करके हिंगोली लौट रहे थे। उन्होंने कहा कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपियों के घर ध्वस्त

**सतना।** मध्य प्रदेश के सतना जिले के मैहर में 12 वर्षीय लड़की के साथ बलात्कार और बर्बरता के दो आरोपियों के घरों को स्थानीय प्रशासन ने शनिवार सुबह ध्वस्त कर दिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना गुरुवार को मैहर कस्बे में हुई थी और दोनों आरोपियों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों ने लड़की के गुप्तांग में कोई कठोर वस्तु घुसा दी थी।

# पीएसएलवी-सी56 प्रक्षेपण के लिए उल्टी गिनती शुरू

## श्रीहरिकोटा से आज सुबह 6.30 बजे छह सैटेलाइट होगा लांच

**एजेंसी**

**श्रीहरिकोटा ।** आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से सिंगापुर के डीएस-एसआरए उपग्रह और अन्य छह उपग्रहों के प्रक्षेपण के लिए शनिवार को उल्टी गिनती शुरू हो गई है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने यह जानकारी दी। इसरो ने बताया कि पीएसएलवी-सी55/टीलियोस-2 के अप्रैल में हुए सफल प्रक्षेपण के बाद रविवार को मिशन को अंजाम दिया जा रहा है और इस मिशन से सिंगापुर के लोगों की जरूरतें पूरी होंगी। इसरो ने बताया कि पीएसएलवी-सी56

▶▶ **इस मिशन से सिंगापुर के लोगों की जरूरतें होंगी पूरी**

रडार मानचित्रण पृथ्वी प्रेक्षण उपग्रह डीएस-एसएआर प्राथमिक उपग्रह है, जिसे कक्षा में स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड के इस वाणिज्यिक मिशन में छह अन्य उपग्रहों को भी कक्षा में भेजा जाएगा। न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड इसरो की वाणिज्यिक इकाई है और सिंगापुर के ग्राहकों के लिए उपग्रह को प्रक्षेपित किया जाएगा। इसरो का मुख्यालय बेंगलुरु में है। इस



अंतरिक्ष केंद्र के प्रथम लॉन्च पैड से 30 जुलाई को सुबह 06.30 बजे रॉकेट को प्रक्षेपित करने का कार्यक्रम है, जिसमें उपग्रहों को 535 किलोमीटर की ऊंचाई पर निकटवर्ती-भूमध्यरेखीय कक्षा (एनईओ) में स्थापित किए जाने की उम्मीद है। इसरो ने शनिवार को बताया कि पीएसएलवी-सी56/डीएस-एसएआर मिशन को 30 जुलाई, को सुबह 6.30 बजे प्रक्षेपित करने के लिए उल्टी गिनती शुरू हो गई है।

अंतरिक्ष एजेंसी ने बताया कि 360 किलोग्राम वजन वाला डीएस-एसएआर उपग्रह डीएसटीए और एसटी इंजीनियरिंग, सिंगापुर के बीच साझेदारी के तहत विकसित किया गया है। प्रक्षेपण के बाद इस उपग्रह का उपयोग सिंगापुर सरकार की विभिन्न एजेंसियों की उपग्रह चित्रण आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए किया जाएगा। इसरो ने कहा कि उपग्रहों को निर्धारित कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित करने की क्षमता के लिए उसका विश्वसनीय रॉकेट पीएसएलवी रविवार के मिशन में 58वीं उड़ान और कोर अलोन कॉनफि गरेशन के साथ 17वीं उड़ान को अंजाम देगा। अन्य उपग्रहों में वेलोक्स-एएम 23 किलोग्राम का सूक्ष्म उपग्रह है, एआरसीएडीई (एटमॉस्फेरिक कपलिंग और डायनेमिक्स एक्सप्लोरर), प्रायोगिक उपग्रह स्कूब-II, 3यू नैनोसैटेलाइट, गैलासिया-2, ओआरबी-12 स्ट्राइडर शामिल हैं।

## हॉस्टलों पर लगेगा 12 प्रतिशत जीएसटी

**नयी दिल्ली।** छात्रावासों के किराए पर अब 12 प्रतिशत जीएसटी लगेगा, जिसके चलते छात्रों को अब अधिक भुगतान करना होगा। अग्रिम निर्णय प्राधिकरण (एएआर) ने दो अलग-अलग मामलों में यह फैसला दिया। एएआर की बेंगलुरु पीठ ने कहा कि छात्रावास, आवासीय इकाइयों के समान नहीं हैं और इसलिए उन्हें जीएसटी से छूट प्राप्त नहीं है। श्रीसाई लक्जरी स्टे एलएलपी के आवेदन पर एएआर ने कहा कि 17 जुलाई 2022 तक होटल, क्लब, कैंपसाइट की रोज1,000 रुपये तक के शुल्क वाली आवास सेवाओं पर जीएसटी छूट लागू थी। पीठ ने कहा कि हॉस्टल का किराया जीएसटी छूट के लिए योग्य नहीं है।

# सीबीआइ ने शुरू की मणिपुर में वायरल वीडियो की जांच

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** सीबीआई ने मणिपुर में चार मई को भीड़ द्वारा दो महिलाओं का कथित यौन उत्पीड़न किए जाने संबंधी उस मामले की जांच अपने हाथ में ले ली है, जिसका वीडियो इस महीने की शुरूआत में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। राज्य में दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाए जाने संबंधी इस घटना का वीडियो 19 जुलाई को वायरल हो गया था। इस घटना की देशभर में कड़ी आलोचना हो रही है। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर यह सीबीआई को सौंप था। राज्य पुलिस ने थौबल जिले के नोंगपोक सेकमाई थाने में 18 मई को अज्ञात हथियारबंद व्यक्तियों के खिलाफ अपहरण, सामूहिक बलात्कार और हत्या का मामला दर्ज किया था। सीबीआई ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मणिपुर पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी के संबंध में अपनी प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई शुरू कर दी है। संघीय एजेंसी

**सीबीआइ ने अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी के आधार पर शुरू की कार्रवाई**

पूर्वोत्तर राज्य में डीआईजी (उपमहानिरीक्षक) रैंक के एक अधिकारी के तहत अपने विशेष जांच दल (एसआईटी) को पहले ही तैनात कर चुकी है। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई मामले की जांच के लिए फॉरेंसिक विशेषज्ञों के अलावा कुछ और महिला अधिकारियों को भेजेगी। इंडिजीनियस ट्राइबल लीडर्स फोरम (आईटीएलएफ) के प्रस्तावित मार्च से एक दिन पहले यह वीडियो सामने आया था।आईटीएलएफ के एक प्रवक्ता ने कहा था किचार मई को कांगपोकपी जिले में हुई इस घृणित घटना के वीडियो में देखा जा सकता है कि कुछ पुरुष लगातार निसहाय महिलाओं के साथ छेड़खानी कर रहे हैं और वे (महिलाएं) उन्हें बंधक बनाने वालों से मिन्नतें कर रही हैं।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ ने इस घटना को लेकर दुख व्यक्त करते हुए इसे शर्मनाक तथा अस्वीकार्य बताया था।

## रिलीफ कैंप में हिंसा, पीड़ितों से मिले इंडिया के 21 सांसद



**इंफाल।** विपक्षी दलों के गठबंधन इंडियन नेशनल डेवपलपमेंट इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के 21 सांसदों का प्रतिनिधिमंडल दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को मणिपुर पहुंचा। इंफाल एयरपोर्ट पर उतरने के बाद सांसदों का दल हेलिकॉप्टर से चुराचांदपुर पहुंचा और रिलीफ कैंप में हिंसा पीड़ितों से मुलाकात की। सांसदों के इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व असम के कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई कर रहे हैं। यह दल मणिपुर में हिंसा के कारणों समेत अन्य बिंदुओं को जानने का प्रयास करेगा। राज्य के हिंसा पीड़ितों की समस्याओं के समाधान को लेकर सरकार और संसद को राय देगा। प्रतिनिधिमंडल में लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, टीएमसी की राज्यसभा सदस्य सुष्मिता देव, जेएमएम से महुआ माझी, डीएमके सांसद कनिमोझी, एनसीपी (पवार गुट) के मोहम्मद फैजल, आरएलडी के जयंत चौधरी, आरजेडी के मनोज झा, आरएसपी के एनके प्रेमचंद्रन, जेडीयू के ललन सिंह, आम आदमी पार्टी के सुशील गुप्ता, शिवसेना (उद्धव गुट) के अरविंद सावंत शामिल हैं।

## बंगाल के हालात से भी रूबरू हो विपक्षी सांसदों का दलः अनुराग ठाकुर

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने मणिपुर में विपक्षी दलों के सांसदों के दौरे पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल के हालात भी खराब हैं तो क्या सांसदों का यह दल




पश्चिम बंगाल भी जाएगा? उन्हें पश्चिम बंगाल के हालात से भी रूबरू होना चाहिए। बंगाल के दौरे पर शनिवार को पहुंचे अनुराग ठाकुर ने ट्वीट करके कहा कि राज्य में लोकतंत्र लाचार है, मानवता शर्मसार है। ममता दीदी की शह से आज बंगाल में अपराधियों, गुंडों, दंगाइयों का बोलबाला है। कानून व्यवस्था ध्वस्त है, जनता त्रस्त है। ममता राज में तृणमूल कांग्रेस अपराधियों को संरक्षण दे रही है, उनको पाल पोस रही है। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल में कांग्रेस के नेताओं पर हमले हो रहे हैं। क्या वे अपने कार्यकताओं को यू हीं मरने देंगे। पश्चिम बंगाल में मणिपुर से कई गुना ज्यादा घटनाएं हुई हैं। मणिपुर गए विपक्षी सासंदों का दल पश्चिम बंगाल भी आएगा क्या? उन्हें पश्चिम बंगाल के हालत भी देखने चाहिए।

# बंगाल पुलिस ने मुहर्रम के लिए दुर्गा मंदिर को ढंका

## भाजपा ने पूछा- दीदी यही है आपका सेकुलरिज्म

**एजेंसी**

**कोलकाता।** मुहर्रम के ताजिया जुलूस के लिए पश्चिम बंगाल पुलिस ने मालदा जिले के कालियाचक स्थित एक दुर्गा मंदिर को चारों तरफ से बैरिकेडिंग कर ढक दिया है। आरोप है कि यहां हिंदू समुदाय को पूजा करने से भी रोक दिया गया था। इसे लेकर भाजपा ने सवाल खड़ा किया है। पार्टी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से पूछा है कि क्या यही आपका सेकुलरिज्म है? नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने उस मंदिर की तस्वीर ट्विटर पर डाली है और लिखा कि यह चौंकाने वाला दृश्य मालदा जिले के कालियाचक से सामने आया है। यहां मुहर्रम की पूर्व संध्या पर एक दुर्गा मंदिर को पुलिस ने अवरुद्ध (बैरिकेड) कर दिया है। मुझे यकीन है कि उस क्षेत्र की कोई भी मुहर्रम आयोजन समिति ऐसे कदम की मांग नहीं कर सकती थी जिससे सनातनियों को ठेस पहुंचे। यह विशुद्ध रूप से पश्चिम बंगाल पुलिस की अतिसक्रियता है। ममता बनर्जी के शब्दकोश में धर्मनिरपेक्षतावोट बैंक की राजनीतिर का पर्याय है। यही कारण है कि उनका प्रशासन धार्मिक



त्योहारों के दौरान अतिसक्रियता विकार से ग्रस्त हो जाता है और वे आम तौर पर कुछ ऐसा कर बैठते हैं जिससे सनातनियों की भावनाओं को ठेस पहुंचती है। ममता जानबूझकर क्षुद्र राजनीतिक लाभ के लिए दोनों समुदायों के बीच बैरिकेड्स बना रही हैं और मतभेद पैदा कर रही हैं। वह दो समुदायों के बीच कलह पैदा करने और सौहार्द को बिगाड़ने की कोशिश कर रही हैं। मैं मुख्य सचिव से अनुरोध करना चाहूंगा कि वे तुरंत हस्तक्षेप करें और दुर्गा मंदिर के प्रवेश द्वार से बैरिकेड हटा दें।

# तमिलनाडू : पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, आठ की मौत

**कृष्णागिरि।** तमिलनाडु के कृष्णागिरि जिले में एक पटाखा फैक्टरी में विस्फोट से तीन महिलाओं समेत आठ लोगों की शनिवार को मौत हो गई जबकि कई अन्य लोग घायल हो गये । पुलिस ने इसकी जानकारी दी ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया और मृतकों के परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक ट्वीट में कहा कि तमिलनाडु के कृष्णागिरि में एक पटाखा फैक्टरी में हुए दुखद हादसे से बहुत दुखी हूं। हादसे में कई लोगों की मौत हो गई। इस बेहद कठिन समय में मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। कार्यालय ने

▶▶ **प्रधानमंत्री ने जताया शोक मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख देने का किया एलान**

ट्वीट में आगे लिखा, ह्यहादसे में घायल लोगों के जल्दी स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। प्रत्येक मृतक के परिजनों को पीएमएनआरएफ से दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि तथा घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी आठ लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया। तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने ट्विटर पर कहा, ह्यमेरी प्रार्थनाएं और संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।ह्न मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने कहा, पटाखा फैक्टरी में विस्फोट में आठ लोगों की मौत की खबर से मुझे गहरा दुख हुआ है।

## बंगाल के पूर्व सीएम बुद्धदेव भट्टाचार्य की हालत काफी गंभीर, अस्पताल में भर्ती

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य की तबीयत शनिवार को अचानक बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत काफी गंभीर बताई जा रही है। उन्हें ग्रीन कोरिडोर कर बॉलीगंज के पॉम एवेंयू स्थित उनके आवास से अलीपुर के एक निजी अस्पताल में लाकर भर्ती किया गया है। चिकित्सकों ने बताया है कि उनके रक्त में ऑक्सीजन की मात्रा खतरनाक स्थिति में पहुंच गई है। उनके बेटे सुचेतन भट्टाचार्य ने फिलहाल मीडिया से बात करने से इनकार कर दिया है, लेकिन पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि शनिवार सुबह से ही उनकी सेहत बिगड़ने लगी थी, जिसके बाद उनके घर पर ही चिकित्सकों की टीम इलाज कर रही थी। अपराह्न सेहत गंभीर होने पर उन्हें अलीपुर के वूडलैंड अस्पताल में लाकर भर्ती किया गया है।

# नौसेना में अंग्रेजों के जमाने की बैटन परंपरा खत्म

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने औपनिवेशिक विरासत को खत्म करने के सरकार के निर्देश के अनुरूप 'बैटन' प्रथा को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया है। भारतीय रक्षा बलों ने अंग्रेजों के जमाने से चली आ रही परंपराओं को खत्म करने के लिए कई कदम उठाए हैं। अब नौसेना ने औपनिवेशिक काल की बैटन परंपरा को खत्म करके कहा है कि बैटन का औपचारिक हस्तांतरण केवल कमान में बदलाव के हिस्से के रूप में कार्यालय के भीतर किया जा सकता है।

नौसेना के पत्र में कहा गया है कि बैटन ले जाना एक औपनिवेशिक विरासत है, जिसकी अमृत काल की परिवर्तित नौसेना में कोई जगह नहीं है। समय गुजरने के साथ बैटन को ले जाना नौसेना कर्मियों के लिए एक नॉर्म

▶▶ **केवल कमान में बदलाव के समय कार्यालय के भीतर होगा औपचारिक हस्तांतरण**

▶▶ **रक्षा बलों ने औपनिवेशिक परंपराओं को खत्म करने के लिए किये हैं कई बदलाव**



(आदर्श) बन गया था, लेकिन अब 'बैटन' को प्रत्येक इकाई में संगठन प्रमुख के कार्यालय में उचित रूप से रखा जाएगा। नौसेना ने कहा है कि बैटन का औपचारिक हस्तांतरण केवल कमान में बदलाव के हिस्से के रूप में कार्यालय के भीतर किया जा सकता है। किसी भी जिम्मेदार पद को संभालने के समय बैटन थामने की परंपरा औपनिवेशिक विरासत का प्रतीक है, जिसे 'अमृतकाल' की बदली



हुई नौसेना से बाहर किये जाने की जरूरत है। भारतीय रक्षा बलों ने औपनिवेशिक युग की विरासत को खत्म करने के लिए कई कदम उठाए हैं और भारतीय नौसेना ने अपना प्रतीक चिह्न भी बदल दिया है। भारतीय नौसेना के नए ध्वज या 'निशान' का भी पिछले साल 02 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अनावरण किया था। इसमें औपनिवेशिक अतीत के अवशेषों को हटाकर देश की समृद्ध समुद्री विरासत को दशार्या गया है। भारतीय नौसेना के नए ध्वज में सेंट जॉर्ज क्रॉस को हटा दिया गया है। छत्रपति शिवाजी महाराज की शाही मुहर का प्रतिनिधित्व करने वाले अष्टकोण में संलग्न एक गहरे नीले रंग की पृष्ठभूमि पर भारतीय नौसेना शिखा का परिचय देता है।

# 'रॉकी और रानी..' देख भड़कीं कंगना रनौत

**मुंबई।** फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। करण जौहर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में रणवीर सिंह और आलिया भट्ट मुख्य भूमिका में हैं। दर्शक फिल्म की सराहना कर रहे हैं, लेकिन दूसरी ओर कंगना रनौत ने करण जौहर की आलोचना की है। रनौत ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी पोस्ट कर करण जौहर की आलोचना की, एक ही फिल्म को इतनी बार बनाने के लिए जौहर को शर्म आनी चाहिए। आप खुद को भारतीय सिनेमा का ध्वजवाहक कहते हैं। पैसा बर्बाद मत करो, यह फिल्म उद्योग के लिए कठिन समय है। कंगना ने कहा कि रिटायर हो जाइए और नए फिल्म निर्माताओं को आने दीजिए, जो नई और बेहतर फिल्में बनाएंगे। रनौत ने रणवीर सिंह को भी सलाह दी है। पोस्ट में रणवीर को टैग करते हुए कंगना ने लिखा कि मेरी सलाह है कि रणवीर को करण जौहर और उनके ड्रेसिंग सेंस से प्रभावित नहीं होना चाहिए। उन्हें आम आदमी की तरह कपड़े पहनने चाहिए, जैसे धरम जी और विनोद खन्ना अपने समय में पहनते थे। भारतीय एक कार्टून दिखने वाले आदमी को नहीं पहचानते जो खुद को हीरो कहता है, कृपया साउथ के सभी नायकों को देखें कि वे कैसे कपड़े पहनते हैं और खुद को कैसे पहनते हैं।



## अकेला का गाना शिव के मन भावे रिलीज

**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता-गायक अरविंद अकेला कल्लू का गाना शिव के मन भावे रिलीज हो गया है। शिव के मन भावे गाना सारेगामा हम भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। गाना शिव के मन भावे को लेकर अरविंद अकेला कल्लू ने बताया कि भगवान शिव सबों के मनों में बसते हैं। हमने अपने इस गाने के जरिए उनकी भक्ति और महिमा का बखान किया है। इसलिए यह शिव भक्तों के साथ भोजपुरी के श्रोताओं को भी खूब पसंद आ रहा है। बाबा के गीत बेहद सुरीले और भक्ति भाव से ओतप्रोत है, जिन्हें गाने में भी आंतरिक स्थिरता का बोध होता है। गाना शिव के मन भावे ऐसा ही एक बेहतरीन गाना है। आप सभी



गाने को सुने और खूब प्यार और आशीर्वाद दें। शिव के मन भावे गाना के म्यूजिक वीडियो में कल्लू और निशा वर्मा की जोड़ी नजर आ रही है। इस गाने के गीतकार आशुतोष तिवारी है जबकि म्यूजिक प्रियांशु सिंह का है। कोरियोग्राफर लकी विश्वकर्मा है। डीओपी योगेश सिंह हैं। एडिटर सिद्धार्थ गोस्वामी हैं। प्रोडक्शन आकाश विश्वकर्मा का है।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० रॉंची

Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

## फूड पॉइजनिंग में नींबू पानी पीने से मिलता आराम



गर्मी में फूड पॉइजनिंग एक आम समस्या है। इसमें न सिर्फ पेट मरोड़ के साथ दर्द होता है, बल्कि डायरिया, उल्टी जैसी समस्याएं भी होती हैं। इसका मुख्य कारण गंदा यानी दूषित पानी पीना है। बर्फ गोला और गन्ने के जूस में बर्फ इस्तेमाल होता है, इससे भी यह संक्रमण हो सकता है। इसी तरह सड़कों के किनारे बिकने वाले समोसे, कचौरियों के साथ चटनी या पतासी के पानी के कारण भी ऐसा हो सकता है।

गर्मी में फूड पॉइजनिंग एक आम समस्या है। इसमें न सिर्फ पेट मरोड़ के साथ दर्द होता है, बल्कि डायरिया, उल्टी जैसी समस्याएं भी होती हैं। इसका मुख्य कारण गंदा यानी दूषित पानी पीना है। बर्फ गोला और गन्ने के जूस में बर्फ इस्तेमाल होता है, इससे भी यह संक्रमण हो सकता है। इसी तरह सड़कों के किनारे बिकने वाले समोसे, कचौरियों के साथ चटनी या पतासी के पानी के कारण भी ऐसा हो सकता है। जानते हैं कुछ घरेलू उपायों के बारे में-दही-तुलसी पत्ती खाएं

एक कटोरी दही लीजिए और उसमें तुलसी की पत्तियां, काली मिर्च और थोड़ा-सा नमक डालें। दिन में दो बार इसका सेवन करें। तुलसी की पत्तियों को पानी और चाय की पत्ती के साथ उबालकर काढ़ा बना लें और दिन में दो बार लें। आप चाहें तो हल्की-सी चीनी भी डाल सकते हैं।

नींबू व सेब का सिरका

खाली पेट नींबू पानी पीना चाहिए। इससे पेट के बैक्टीरिया मरते हैं। नींबू के रस में शहद मिलाकर भी लें। सेब का सिरका शरीर का मेटाबॉलिज्म बढ़ता है। यह पेट की अम्लीयता कम करता है। इसलिए खाने से पहले दो चम्मच सिरका एक कप गुनगुने पानी में मिलाकर लेने से फूड पॉइजनिंग में आराम मिला है।



# फलों के छिलकों और टमाटर से सौंदर्य कैसे निखारें

**आप यह जानकर आश्चर्य करेंगे कि फलों के छिलकों और टमाटर सुन्दरता के लिए कितने फ़ायदेमंद होते है यहाँ इस आर्टिकल में आज हम आपको इनके बारे में बतायंगे इनमे से कुछ सरल और सफल प्रयोगों का विवरण यहां प्रस्तुत किया जा रहा है।**

फल-सब्जियों के छिलकों को हम बेकार समझकर फैंक देते है, जबकि ये छिलके भी स्वास्थ्य और सौंदर्य संबंधी अनेक समस्याओं को दूर कर सकते है आयुर्वेद में सौंदर्यवर्द्धन हेतु छिलकों के प्रयोग की पुरानी परंपरा रही है।

**झाइयों को खत्म करें संतरे और नींबू के छिलकों से :** संतरे और नींबू के छिलकों को सुखाकर महीन पीस लें इस चूर्ण में गाय का कच्चा दूध और थोड़ा गुलाबजल मिलाकर चेहरे पर उबटन की भांति लगाऐं सूख जाने पर ताजे पानी से चेहरे पर धो लें इस प्रयोग से चेहरे पर पड़ी झाइयां मिट जाती है

**अनार और संतरे के छिलकों से मुहांसे का खात्मा :** अनार और संतरे के छिलकों को हल्दी के साथ पीस लें इसमें थोड़ा-सा नींबू का रस मिलाकर चेहरे पर नियमित लगाने से मुहांसों में काफी लाभ मिलता है

**काली त्वचा को गोरा बनायें नीबू से :** रस निकालने के बाद नींबू के छिलकों को फेंके नहीं कोहनी, घुटनों, उंगलियों के पोर और तलवों पर इन्हे रगड़ें इससे इन स्थानों पर जमी मैल आसानी से साफ हो जाती है और यहां की त्वचा भी कोमल हो जाती है

**जलने के निशान मिटायें पपीते से :** अक्सर महिलाएं किचेन में खाना बनाते समय जल जाती हैं और उसके निशान पड़ जाते हैं इन निशानों पर पपीते के छिलकों को रगड़ने से ये धीरे-धीरे मिट जाएंगे

**संतरे एवं नींबू के छिलकों से पायें स्वस्थ बाल :** संतरे एवं नींबू के छिलकों का चूर्ण आंवले डाले हुए पानी में मिलाकर बालों को धोने से, बालों की रूसी खत्म हो जाती है और लंबे व घने बनते हैं। इसका लगातार प्रयोग लाभकारी होता है।

**नाखूनों को बनायें दागरहित :** कई महिलाओं के नाखून गंदे और चमकरहित होते हैं, जो देखने में काफी बदसूरत लगते हैं। इन पर नींबू के छिलकों को नाखूनों पर रगड़ने से ये दागरहित, स्वच्छ और चमकीले हो जाते है इसलिए आप जब भी नीबू का प्रयोग करे तो छिल्के इस काम में लायें।



**दांतों की चमक बढ़ाएं नींबू के छिलकों से :** इसी तरह दांतों को चमकाने के लिए नींबू के छिलकों को सप्ताह में एक-दो बार दांतों पर रगड़ें साथ ही इसके छिलके को सुखा एवं पीसकर इसमें थोड़ा-सा पिसा हुआ नमक मिलाकर इसे मंजन की भांति भी इस्तेमाल कर सकती है इससे दांत के कीड़े भी दूर होते हैं। ध्यान रहे कि नींबू यों भी दांतों और मसूड़ो के स्वास्थ्य के लिए उत्तम माना गया है।

## जाने आपकी त्वचा कैसी है?

- टमाटर में त्वचा संबंधी कई प्रकार के विटामिन, साइट्रिक एसिड, खनिज, क्षार आदि मौजूद होने के कारण टमाटर एक प्रकार का सौंदर्यवर्धक है, जिसे नीचे दिए गए तरीकों से प्रयोग करके सौंदर्य में निखार लाया जा सकता है
- टमाटर के सूप में काली मिर्च डालकर नियमित पीने से कब्जियत दूर होती है, जिससे चेहरे पर चमक और शरीर मे चुस्ती बरकरार रहती है।
- टमाटर दूषित रक्त का शोधन करते है तथा चेहरे की त्वचा को गुलाबी आभा प्रदान करते है।
- टमाटर का जूस पीने से बाल चमकदार होते है बड़े टमाटर की मोटी-मोटी फांके काट कर गालों और आंखों के नीचे रखने से झाइयां और आंखों के काले घेरे हमेशा के लिए मिट जाते है।
- सावधानी झ टमाटर गुणकारी होने के बावजूद अत्यधिक मात्रा में सेवन करने से शरीर को हानि पहुंचाते है टमाटर ही क्या प्रत्येक चीज की अति खराब होती है जैसे झ पथरी के रोगियों को टमाटर का सेवन नहीं करना चाहिऐ अगर आप टमाटर के लाभ उठाना ही चाहते है तो आपको



# डायबिटीज को आहार से करें कंट्रोल

डायबिटीज को कंट्रोल में रखना बहुत आवश्यक होता है क्योंकि बढ़े हुए ब्लड शुगर की समस्या पूरे शरीर के लिए गंभीर दुष्प्रभावों वाली हो सकती है। डायबिटीज की स्थिति के कारण हार्ट से लेकर किडनी, तंत्रिकाओं और आंखों को क्षति होने का खतरा हो सकता है। डॉक्टर कहते हैं, जिन लोगों के परिवार में पहले से ही किसी को डायबिटीज की समस्या रही हो, उन्हें इसके जोखिमों को लेकर और भी सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता होती है।

डायबिटीज रोग विशेषज्ञ बताते हैं, ब्लड शुगर को मैनेज करने के लिए जरूरी है कि आप अग्नाशय और लिवर को स्वस्थ रखने वाले उपाय करते रहें। लिवर डिटॉक्स के उपायों को पालन करके आप शुगर लेवल को मैनेज कर सकते हैं। आइए जानते हैं कि लिवर को कैसे डिटॉक्स किया जा सकता है और यह ब्लड शुगर की समस्या को मैनेज करने में आपके लिए किस प्रकार से लाभकारी हो सकती है?

### लिवर डिटॉक्स और ब्लड शुगर

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, लिवर का रक्त शर्करा के स्तर पर बहुत प्रभाव पड़ता है, अगर लिवर को स्वस्थ रखने वाले उपाय कर लिए जाएं तो इससे आसानी से ब्लड शुगर की समस्या को कम करने में मदद मिल सकती है। टाइप-2 डायबिटीज रोगियों में फैटी लिवर का खतरा अधिक होता है जो उनके रक्त शर्करा को नियंत्रित करने और वजन कम करने में बाधा बन सकता है।

यदि हम लिवर के कार्यों को ठीक कर लें तो यह रक्त में इंसुलिन और ग्लूकोज (चीनी) के स्तर को नियंत्रित करने में मदद कर सकती है।

विज्ञापन

### व्हीटग्रास जूस आपके लिवर के लिए फायदेमंद

शोधकताओं की टीम ने पाया कि यदि आप रोजाना व्हीटग्रास जूस का सेवन करते हैं तो यह अधिक प्रभावी ढंग से ब्लड शुगर की समस्या को कंट्रोल करने में आपके लिए मददगार हो सकती है। इसमें उच्च मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं जो लिवर को स्वस्थ रखने और ब्लड शुगर की समस्या को कंट्रोल करने में आपके लिए प्रभावी हो सकते हैं। व्हीटग्रास जूस के आपकी सेहत के लिए और भी कई प्रकार के स्वास्थ्य लाभ हैं। स्वस्थ और पौष्टिक चीजों का करें सेवन -

### लिवर और डायबिटीज को कंट्रोल करन के उपाय

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कुछ आसान से तरीके हैं जिनको प्रयोग में लाकर आप न सिर्फ लिवर को डिटॉक्स कर सकते हैं, साथ ही ये डायबिटीज की समस्या को कंट्रोल करने के लिए भी जरूरी है।

- नियमित व्यायाम के साथ-साथ स्वस्थ और पौष्टिक आहार लें।
- आहार में प्रोटीन, साबुत अनाज, वसा, सब्जियां, डेयरी उत्पाद आदि को शामिल करें।
- आहार में फाइबर से भरपूर खाद्य पदार्थों को शामिल करें, ये लिवर और ब्लड शुगर दोनों के लिए फायदेमंद है।
- धूम्रपान, शराब और नशीली दवाओं का सेवन बिल्कुल भी न करें।
- लिवर को डिटॉक्स करने के लिए फलों-सब्जियों के जूस का सेवन करें, इससे आपको विशेष लाभ मिल सकता है।
- सिंपल कार्ब्स से दूरी

मीठी चीजें, ब्रेड, चावल, पास्ता, आलू, रिफाइंड वाली चीजें या जंक फूड, सिंपल कार्ब्स यानी स्टार्च से भरपूर होते हैं। ये तुरंत पचते व ग्लूकोज में बदलते हैं। यही ग्लूकोज खून में पहुंचकर शुगर का स्तर बढ़ाते हैं। इन्हें लेने से बचें।

- **प्रोटीन डाइट अधिक लें**

डाइट में कैलोरी कम करते हैं तो ऊर्जा के लिए प्रोटीन डाइट अधिक लें। इसमें अंडा, पनीर, अंकुरित दालें, दाल, नट्स और टोफू शामिल करें। इससे कमजोरी महसूस नहीं होती है। विटामिन बी, सेलुलर स्वास्थ्य को सही रखते है।

- **कैलोरी कम करें**

स्टडी के अनुसार, डायबिटीज रोगी 8 सप्ताह तक 750- 800 कैलोरी डाइट लेता है तो इससे रिवर्स डायबिटीज में मदद मिलती है। कम कैलोरी से जमा फैट कम होता है।

- **एक्टिव रहें, वॉक करें**

एक स्टडी के अनुसार, नियमित दवाइयां लेने वाले और रोज 10,000 कदम वॉक या व्यायाम से 500-700 कैलोरी तक बर्न करने वाले रोगियों में मधुमेह 50त्न तक घट सकता है।

- **उपवास करें**

एक रिसर्च में सामने आया कि सप्ताह में दो दिन उपवास और उसमें न्यूनतम डाइट (500-600 कैलोरी) हो तो इससे भी नियंत्रण में मदद मिल सकती है। लेकिन डाइट डॉक्टरी देखरेख में लें।

# गर्म चाय से आपके सेहत को हो सकता है नुकसान



**चाय,** एक ऐसा पेय, जो हम हिंदुस्तानियों की दिनचर्या का अहम हिस्सा बन गया है। अधिकतर लोगों के लिए हर दिन की शुरुआत सुबह की चाय के साथ होती है। अगर आप भी चाय पीने के शौकीन हैं तो हाल ही में हुए शोध पर आधारित यह खबर आपके लिए है। नियमित रूप से चाय पीने वाले लोगों का दिमाग चाय नहीं पीने वाले लोगों की अपेक्षा ज्यादा तंदुरुस्त रहता है। ये तो हो गई फायदे की बात, लेकिन अक्सर गर्म चाय पीना हमारी सेहत को भारी नुकसान भी पहुंचा सकता है।सिंगापुर में हुए एक शोध में ऐसा दावा किया गया है कि नियमित रूप से चाय पीने वाले लोगों का दिमाग, चाय नहीं पीने वाले लोगों की तुलना में ज्यादा तेज काम करता है। पूर्व में भी हुए कई शोधों में ये बात प्रमाणित हो चुकी है। दरअसल, दिमाग के प्रत्येक हिस्से का व्यवस्थित रहना स्वस्थ संज्ञानात्मक क्रिया यानी कि दिमाग की प्रतिक्रिया से जुड़ा हुआ है।नेशनल यूनिर्विसटी ऑफ सिंगापुर के असिस्टेंट प्रोफेसर फेंग लेई की अगुवाई में शोधार्थियों ने इन परिणामों तक पहुंचने के लिए 36 उम्रदराज लोगों के न्यूरोइमेजिंग डाटा को खंगाला। यह अध्ययन 2015 से लेकर 2018 के बीच 60 साल और उससे अधिक उम्र वाले 36 बुजुर्गों पर किया गया जिसमें उनकी सेहत संबंधी डाटा जुटाया गया।फेंग लेई ने कहा कि हमारे परिणाम मस्तिष्क के ढांचे पर चाय पीने से पड़ने वाले सकारात्मक योगदान की पुष्टि करते हैं। इससे साबित होता है कि नियमित रूप से चाय पीना दिमागी तंत्र में उम्र के कारण आने वाली गिरावट से भी बचाता है।चाय को लेकर पहले भी कई शोध हो चुके हैं। पूर्व के शोधों में यह बात साबित हो चुकी है कि चाय पीना कई दृष्टिकोण से सेहत के लिए फायदेमंद है। यह न केवल हमारे मूड/मिजाज में सुधार करता है, बल्कि हृदय और नसों संबंधी बीमारी से भी बचाता है।आम तौर पर लोगों को चाय-कॉफी वगैरह गर्म पीने का शौक होता है, लेकिन यह आपकी सेहत पर भारी पड़ सकता है। जानकर हैरानी होगी, लेकिन शोध के जो परिणाम आए हैं, उनके अनुसार गर्म चाय पीने वाले लोगों के साथ कैंसर की समस्या पैदा हो सकती है। ब्रिटिश मेडिकल जर्नल में प्रकाशित शोध में बताया गया है कि गर्म चाय या कॉफी पीने से इसोफेगल यानी खाने की नली का कैंसर होने का खतरा रहता है। दरअसल, गर्म पेय हमारे गले के ऊतकों को काफी नुकसान पहुंचाती है। हर दिन नियमित रूप से 75 डिग्री सेल्सियस या इससे अधिक गर्म चाय पीने वालों में इसोफेगल कैंसर का खतरा दोगुना हो जाता है। इसलिए चाय को बहुत गर्म पीने की बजाय थोड़ा ठंडा कर के पीना ज्यादा अच्छा होता है।

# त्वचा का कालापन से पा सकते हैं छुटकारा



**अकसर गरदन, टखने, घुटने और कोहनियों का कालापन आसानी से नहीं जाता है । कुछ क्लींजर, ब्लीच, स्क्रब और पैक का नियमित इस्तेमाल करके इस समस्या को दूर किया जा सकता है ।**

### त्वचा की सफाई

- दूध व नीबू का रस मिलाएं और साफ त्वचा पर लगा कर 2 मिनट तक रखें फिर रुई के फाहे को गीला करके निचोड़ें और उससे हल्के हाथ से मलते हुए त्वचा को साफ करें
- नीबू के रस को दही में मिला कर त्वचा पर लगाएं और हल्का सूखने पर रुई के फाहे को गीला करके निचोड़े । त्वचा पर हल्के हाथ से मलते हुए पोंछ लें ।

### दोरंगी त्वचा

खीरे का रस हर तरह की त्वचा के लिए फायदेमंद है । खीरे के स्लाइस को गुलाबजल में डुबो कर फ्रिज में रख कर ठंडा कर लें फिर साफ चेहरे पर रखें । आंखों पर भी रख सकती हैं, इनके नीचे के काले घेरे भी दूर होंगे । त्वचा ऑइली है, तो खीरे के स्लाइस पर 2 बूंदें नीबू के रस की भी डाल सकती हैं ।

### गोरी रंगत के लिए स्क्रब

- 1 छोटा चम्मच बादाम का पेस्ट, 1 छोटा चम्मच मलाई, 1 छोटा चम्मच सूरजमुखी का तेल, 1 छोटा चम्मच गुलाबजल, 1/4 कप मसूर की दाल का पेस्ट, सभी को मिला कर पेस्ट बनाएं । इसे चेहरे पर लगाएं और 5 मिनट के बाद हल्के हाथ से धो लें । सूरजमुखी के तेल की जगह आप असेंशियल ऑइल की कुछ बूंदें भी मिला सकती हैं ।
- 5-6 बादाम का पेस्ट, 1/2 कप क्रीम, 2 बड़े चम्मच तिल का तेल और 1 छोटा चम्मच सूखे संतरे के छिलके का पाउडर लें । इसका पेस्ट बनाएं और चेहरे पर लगाने के बाद 15 मिनट बाद धो लें ।
- 1 कप जौ का आटा, 1 कप दही और खीरे का रस सभी सामग्री को मिला कर पेस्ट बना कर 10 मिनट तक लगाएं । स्क्रब करके धो लें ।

### गरदन, कोहनी और टखने की त्वचा

- तुलसी त्वचा को स्वस्थ और चमकीला रखने में कारगर है । तुलसी का पेस्ट बेसन और दही में मिला कर साफ त्वचा पर लगाएं और 20 मिनट के बाद धो लें । ऐसा हफ्ते में 2 बार भी करें, तो कोहनियां साफ हो जाएंगी ।
- संतरे के छिलकों के बारीक पाउडर में थोड़ा शहद व मलाई मिला कर हफ्ते में 2 बार इसका प्रयोग करें । कुछ ही दिनों में त्वचा पर इसके नतीजे नजर आएंगे ।
- मलाई में 1 चम्मच सेब या मूली का रस मिला कर लगाएं । त्वचा की झांइयां व सांवलापन ठीक हो जाता है ।
- मुलतानी मिट्टी, जौ का आटा, संतरे का पाउडर व मलाई का मिश्रण गरदन और घुटनों की त्वचा के रंग को निखारता है ।
- संतरे के रस में भिगोयी हुई चने की दाल को दूध में पीस कर उबटन लगाने से रंग में निखार आता है ।
- 1 बड़ा चम्मच बेसन व 3 बड़े दूध को मिला कर पेस्ट बना लें । इस पेस्ट को रोज लगाने से कालापन दूर होता है ।
- 1/2 कप सूजी, 2 बड़े चम्मच दही, 1 छोटा चम्मच शहद, 1 बड़ा चम्मच पपीते के पल्प मिलाएं । इसमें मौजूद विटामिन बी कोशिकाओं को पुनर्जीवित करता है । त्वचा की रंगत निखरती है।